

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़





लखनऊ वर्ष : 5 अंक : 193 मंगलवार, 25 अगस्त 2026 श्रावण माह, शुक्ल, त्रयोदशी, विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 12 मूल्य : 5 रुपया


# नकली दवा के कारोबार पर योगी सरकार का बड़ा वार !

## अब दुकान नहीं, पूरी सप्लाई चेन खंगालेगा FSDA

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** मरीज की जिंदगी से खिलवाड़ कर नकली, मिलावटी और नशीली दवाओं का कारोबार करने वालों पर योगी सरकार ने शिकंजा कस दिया है। दवा की दुकान पर छापा मारकर कुछ संदिग्ध शीशियां पकड़ लेना ही कार्रवाई का अंत नहीं होगा।

अब एफएसडीए दवा के लाइसेंस से लेकर गोदाम, बिलिंग, बैंक खाते, डिजिटल रिकॉर्ड और पूरी सप्लाई चेन को खंगालेगा। नकली दवा कारोबारी से सप्लायर और निमार्ता तक जांच होगी। डमी व्यक्ति के नाम लाइसेंस लेकर कारोबार चलाने, फर्जी बिलिंग और स्टॉक छिपाने वालों के खिलाफ लाइसेंस निरस्त करने के साथ मुकदमा भी दर्ज होगा।

एफएसडीए आयुक्त डॉ. रोशन जैकब की ओर से जारी एसओपी में औषधि निरीक्षकों और अनुज्ञापन प्राधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। साफ



निर्देश है कि जांच केवल दुकान की चारदीवारी तक सीमित नहीं रहेगी। दवा कहां से आई, किसने खरीदी, किसे बेची गई और भुगतान किस खाते से हुआ, हर कड़ी जोड़ी जाएगी। नया थोक औषधि लाइसेंस लेने वालों की पृष्ठभूमि खंगाली जाएगी। पहले अवैध दवा कारोबार में शामिल रहे व्यक्ति अगर पत्नी, भाई, बहन, माता-पिता या किसी अन्य रिश्तेदार अथवा डमी व्यक्ति के नाम पर फिर लाइसेंस लेने की कोशिश करेंगे तो कार्रवाई होगी।

गंभीर उल्लंघनकताओं को लाइसेंस से डिबार किया जाएगा। उनके बिजनेस पार्टनर और एसोसिएट की भूमिका भी जांच के घेरे में होगी। लाइसेंस किसी महिला या दूसरे व्यक्ति के नाम और कारोबार कोई और चला रहा है तो भी कार्रवाई होगी। बैंक खाता, जीएसटी और दूसरे दस्तावेज लाइसेंसधारी के नाम होने जरूरी होंगे। दुकान के बजाय बेसमेंट, मकान या किराए के कमरे में दवाओं का अवैध स्टॉक मिला तो उसे भी कार्रवाई के दायरे में लाया जाएगा।

एफएसडीए बिलिंग सॉफ्टवेयर तक पहुंचेगा। माइनस स्टॉक, बैक डेटेड बिल, डेटा डिलीट करना, दोहरे खाते और वास्तविक स्टॉक छिपाने जैसी हर गतिविधि पर नजर होगी। छापेमारी में सीसीटीवी डीवीआर, ई-वे बिल, ट्रांसपोर्ट रिसिप्ट, बैच नंबर, डिजिटल रिकॉर्ड और संबंधित लोगों के बयान सुरक्षित किए जाएंगे।

## सीएम योगी का अजय राय पर तंज

**एजेंसी न्यूज**

**रायबरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को रायबरेली पहुंचे। यहां उन्होंने जिले को 879 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी। इस मौके पर वह राहुल गांधी पर जमकर बरसे। कहा कि कांग्रेस पार्टी राम मंदिर का विरोध करती रही है। उसे गिरगिट की तरह रंग बदलने वाला बताया।

सीएम ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय हनुमानगढ़ी में दर्शन करने जाते हैं। बाहर आकर मछली की दावत उड़ाते हैं। फिर, राम-राम चिल्लाते हैं। अरे अयोध्या के बाहर खा लेते, जो खाना था। बेशर्मी की भी एक सीमा होती है, इनके सामने गिरगिट भी शरमा जाता है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के भाई की हत्या की गई थी। ये हत्यारों के खिलाफ बयान देने नहीं गए। दुर्दांत माफिया के सामने घुटने टेक दिए। वो तो हमारी सरकार आई, सरकार ने माफिया की भूसी निकाल दी। इन लोगों ने प्रदेश को माफिया प्रदेश बना दिया था। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का कहना है कि केवल उनके परिवार को ही सम्मान मिले।

# तय सीमा से ज्यादा सिम खरीदने-रखने वालों पर सख्ती

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** नौ से ज्यादा सिम रखने वालों पर सरकार की सख्ती शुरू। टेलीकॉम ऑपरेटरों के लिए नए नियम लागू। जानें कैसे चेक करें अपने नाम पर रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और क्या है पूरा नियम।

सरकार की ओर से मोबाइल सिम कार्ड को लेकर नई सख्त नीति आज (24 अगस्त 2026) से लागू हो गई। इस नीति के जरिए अब टेलीकॉम ऑपरेटर्स से सिम कार्ड के गलत इस्तेमाल पर रोक सुनिश्चित कराई जाएगी। ऐसा नहीं है कि सरकार की तरफ से सिम कार्ड को लेकर पहले से कोई नीति नहीं है, लेकिन अब जो नियम लागू हुए हैं, उनसे सरकार की ओर से सिम कार्ड के निगरानी तंत्र को और मजबूत किया जाएगा।

नहीं, ग्राहकों के लिए सिम कार्ड रखने की मूल सीमा में कोई बदलाव नहीं किया गया है। भारत के अधिकतर हिस्सों में एक व्यक्ति अपने नाम पर अधिकतम नौ मोबाइल कनेक्शन (सिम) रख सकता है। वहीं जम्मू-कश्मीर, असम और उत्तर-पूर्वी राज्यों में यह सीमा छह सिम कार्ड की है। यह सीमा सभी टेलीकॉम ऑपरेटरों और सर्किलों को मिलाकर लागू होती है।

सिम की सीमा को लेकर नियम तो पहले से हैं, हालांकि इनका कड़ाई से अब तक पालन नहीं होता। सरकार 24 अगस्त से एक ग्राहक के पास मोबाइल कनेक्शनों की सीमा को सख्ती से लागू करने जा रही है। आज से टेलीकॉम ऑपरेटरों, जैसे- जियो, एयरटेल,





वोडाफोन आइडिया, बीएसएनएल के लिए नया सिम जारी करने से पहले यह जांचना अनिवार्य कर दिया गया है कि ग्राहक के नाम पर पहले से कितने सिम पंजीकृत हैं। अगर ग्राहक पहले ही अपनी तय सीमा तक पहुंच चुका है, तो उसे नया सिम देने से मना कर दिया जाएगा।

सामान्य ग्राहक जिनके पास तय सीमा के अंदर सिम कार्ड हैं, उन्हें इस बदलाव से किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। उनके सभी मोबाइल कनेक्शन सामान्य रूप से काम करते रहेंगे।

ऐसे ग्राहक अपनी निर्धारित सीमा (नौ या छह सिम) तक नए सिम कार्ड बिना किसी समस्या के खरीद सकते हैं। नए कनेक्शन के लिए ग्राहक को ऑपरेटर की सामान्य केवाईसी प्रक्रिया का ही पालन करना होगा।

अगर किसी ग्राहक के पास सिम की संख्या अधिकतम सीमा (नौ या छह) तक पहुंच चुकी है, तो कोई भी टेलीकॉम ऑपरेटर ऐसे ग्राहक को नया सिम कार्ड जारी नहीं करेगा। ऐसी स्थिति में ऑपरेटर आपको सूचित करेगा कि आप अपनी कानूनी सीमा पार कर चुके हैं। एजेंसी

### घाटी में खौफ फैलाने की नई साजिश

# कश्मीरी पंडितों को धमकी भरा पत्र वायरल, नाम-पता और वाहनों तक का जिक्र

**एजेंसी न्यूज**

**श्रीनगर।** सोशल मीडिया पर एक आतंकी संगठन की ओर से जारी कथित धमकी भरे पत्र के वायरल होने





के बाद कश्मीरी पंडित समुदाय और विस्थापित कर्मचारियों में आक्रोश है। यूनाइटेड लिबरेशन काउंसिल के लेटरहेड पर जारी इस पत्र में विस्थापित कश्मीरी पंडितों को सीधे तौर पर निशाना बनाने की धमकी दी गई है।

वायरल हो रहे इस धमकी भरे पत्र में कुछ व्यक्तियों के नाम, उनके निवास स्थान और वाहनों के विवरण तक शामिल किए गए हैं। पत्र में घाटी से विस्थापित हुए पंडितों को लेकर भड़काऊ भाषा का प्रयोग किया गया है। साथ ही अंजाम भुगतने की चेतावनी दी गई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राकेश हांडू सहित कई लोगों ने इस पत्र को प्रधानमंत्री कार्यालय, केंद्रीय गृह मंत्रालय, जम्मू-कश्मीर के एलजी और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को टैग किया है।

कुछ दिन पहले ही कश्मीर घाटी में मौजूदा सुरक्षा परिस्थितियों और कश्मीरी पंडितों समेत अन्य अल्पसंख्यक कर्मचारियों की चिंताओं को देखते हुए श्रीनगर प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाया है। श्रीनगर में कार्यरत पीएम पैकेज, नॉन-पीएम पैकेज और प्रवासी कर्मचारियों को 20 अगस्त 2026 तक कार्यालयों में फिजिकल अटेंडेंस से विशेष राहत दी गई है। करीब 2,800 कर्मचारियों को यह राहत मिलने की बात सामने आई थी। इसके अलावा कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्टेडियम में आयोजित होने वाले आधिकारिक समारोह की ड्यूटी से भी अलग रखा गया है। एजेंसी

## सरकारी दफ्तर में 'साहब' का शाही बर्थडे, हाथी पर एंट्री और नोटों जैसे केक का वीडियो वायरल

**एजेंसी न्यूज**

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के वल्लभनगर जोन के सहायक यंत्री का जन्मदिन शाही अंदाज में मनाए जाने का एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में विभाग के कर्मचारी और सहायक यंत्री के चाहने वाले उन्हें हाथी पर बैठाकर ढोल-नगाड़ों के साथ कार्यालय में प्रवेश कराते नजर आ रहे हैं। इसके बाद कार्यालय के बाहर डांस किया गया और 500-500 रुपये के नोटों की गड्डियों जैसी डिजाइन वाले केक को काटकर जन्मदिन का जश्न मनाया गया।

पूरा मामला मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के वल्लभनगर जोन से जुड़ा है। यहां के सहायक यंत्री रविकांत मालवीय का जन्मदिन बीते सप्ताह मनाया गया। आमतौर पर रविवार को शासकीय कार्यालयों में अवकाश रहता है, लेकिन इस आयोजन में बड़ी संख्या में कर्मचारी और सहायक यंत्री के परिचित शामिल हुए। सभी ने शाही अंदाज में सहायक यंत्री रविकांत मालवीय का जन्मदिन धूमधाम से मनाया।

## स्वाइन फ्लू पर एक्शन में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक



**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** प्रदेश में स्वाइन फ्लू के मामलों को देखते हुए उत्तर प्रदेश का स्वास्थ्य महकमा पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वाइन फ्लू की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश में निगरानी व्यवस्था और मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा महानिदेशक स्वास्थ्य को पत्र जारी कर स्वाइन फ्लू के मामलों की लगातार समीक्षा और प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा है। इन संबंध में पत्र भी जारी कर दिया गया है।

# मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, उपद्रवियों ने घर में लगाई आग; CRPF जवान घायल

**एजेंसी न्यूज**

**इंफाल। मणिपुर** के सेनापति और कांगपोकपी जिलों में आगजनी और गोलीबारी की घटनाओं से तनाव बढ़ गया है। सेनापति में दो समूहों के बीच गोलीबारी में एक उफ्ढ्ञ्र जवान घायल हुआ, जिसकी हालत खतरे से बाहर है। कई घरों में आग लगाए जाने के विरोध में स्थानीय लोगों ने ठऌ-2 को जाम कर दिया। सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है, जबकि ताफोउ कुकी विलेज अथॉरिटी ने दोषियों की 24 घंटे के भीतर पहचान की मांग की है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रात करीब 2:30 बजे कांगपोकपी जिले के ताफोउ कुकी गांव में कुछ उपद्रवियों ने एक घर में आग लगा दी। आगजनी की इस घटना के बाद इलाके में तनाव बढ़ गया।

अधिकारी के मुताबिक, कांगपोकपी में हुई आगजनी की घटना के बाद सुबह करीब 4 बजे सेनापति जिले के नगा ताफोउ इलाके में कई घरों को जला दिया गया। इसके बाद इलाके में स्थिति तनावपूर्ण हो गई।

अधिकारी ने बताया कि सुबह करीब 9:20 बजे ताफोउ नगा इलाके में दो समूहों के बीच गोलीबारी हुई, जिसमें एक उफ्ढ्ञ्र जवान घायल हो गया। उसे सेनापति जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है और फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा



रही है।

सेनापति में हुई आगजनी की घटनाओं के विरोध में स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में लोग सेनापति गेट पर जमा हुए और राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर लकड़ियां तथा टायर जलाकर सड़क जाम कर दी। इसके कारण इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई।

अधिकारी ने बताया कि स्थिति को नियंत्रित करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए इलाके में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर दी गई है।

ताफोउ कुकी विलेज अथॉरिटी ने एक बयान जारी कर संपत्ति के नुकसान की कड़ी निंदा की है। प्राधिकरण ने मांग की है कि घटना के जिम्मेदार लोगों की पहचान 24 घंटे के भीतर की जाए।

मणिपुर में मई 2023 से मैतेई और कुकी-जो समुदायों के बीच जारी जातीय संघर्ष में अब तक 260 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि हजारों लोग बेघर हो चुके हैं। एजेंसी

# मुंबई में थमे ऑटो-टैक्सी के पहिए: ड्राइवरों का दर्द- 60 की उम्र में कैसे सीखें मराठी, रोजी-रोटी पर आया संकट

**एजेंसी न्यूज**

**मुंबई।** मुंबई की सड़कों पर आज लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर के ऑटो-रिक्शा और टैक्सी चालक आज से तीन दिवसीय हड़ताल पर हैं। यह हड़ताल राज्य सरकार के उस आदेश के खिलाफ है जिसमें ऑटो, टैक्सी और कैब ड्राइवरों के लिए मराठी भाषा बोलना अनिवार्य किया गया है। इस नियम का पालन न करने पर भारी जुमार्ने का भी प्रावधान है, जिसका ड्राइवर पुरजोर विरोध कर रहे हैं।

हड़ताल पर बैठे ड्राइवरों ने अपनी पीड़ा जाहिर की है। एक ड्राइवर ने कहा, 'यह तीन दिवसीय ऑटो-रिक्शा हड़ताल है। हमारी कोई नहीं सुन रहा है। अगर आप 60 साल के व्यक्ति को अचानक मराठी बोलने के लिए कहेंगे, तो वे यह कैसे करेंगे? हम न्याय चाहते हैं।' एक अन्य ड्राइवर ने कहा, 'हम 55-60 साल के हैं। हम कभी स्कूल नहीं गए। हम मराठी कैसे बोल सकते हैं? हम टूटी-फूटी मराठी बोलने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उस पर भी





विचार नहीं किया जा रहा है, इसके बजाय हम पर जुमार्ना लगाया जा रहा है। क्या हम 15,000-20,000 रुपये का जुमार्ना भर सकते हैं?'

महाराष्ट्र में लंबे समय से स्थानीय भाषा को बढ़ावा देने की मांग होती रही है। सरकार का तर्क है कि ड्राइवरों को स्थानीय मराठी भाषा का ज्ञान होना चाहिए ताकि वे यात्रियों के साथ बेहतर संवाद कर सकें। पहले भी ऑटो-टैक्सी परमिट के लिए मराठी भाषा की जानकारी एक शर्त रही है, लेकिन इसका सख्ती से पालन नहीं होता था। अब सरकार ने इसे सख्ती से लागू करने का फैसला किया है और नियम तोड़ने पर भारी जुमार्ने का प्रावधान किया है। यह ही विवाद की मुख्य वजह बन गया है। इस मामले में शिवसेना नेता संजय निरुपम ने कहा, 'महाराष्ट्र सरकार ने एक आदेश जारी किया है जिसमें कहा गया है कि मुंबई और एमएमआर क्षेत्र के सभी ऑटो-टैक्सी ड्राइवरों को मराठी भाषा का बुनियादी ज्ञान होना चाहिए। इसे 1 मई से लागू किया जाना था, लेकिन ड्राइवरों को मराठी सीखने के लिए समय दिया गया। 85% से अधिक ड्राइवरों ने मराठी का बुनियादी ज्ञान प्राप्त कर लिया है। 12 अगस्त को एक महीने का अतिरिक्त विस्तार दिया गया था। हालांकि, आरटीओ अधिकारी ऑटो ड्राइवरों को परेशान कर रहे हैं। इसीलिए मैं इस मुद्दे को लेकर मंत्री प्रताप सरनाईक के पास आया हूं। उन्होंने कहा है कि अगर कोई अधिकारी सरकार के आदेश का उल्लंघन करता है, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।'

## वायुसेना की ताकत को और बढ़ाएगा आईआईटी

**कानपुर।** आईआईटी कानपुर भारतीय वायुसेना की ताकत को और बढ़ाएगा। उसके लिए भविष्य में आने वाली चुनौतियों का तकनीकी आधारित समाधान निकालेगा। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और रोबोटिक्स के माध्यम से होगा। संस्थान के विशेषज्ञ सुरक्षा, सर्विलांस, आपदा प्रबंधन और त्वरित कार्रवाई के लिए टूल्स विकसित करेंगे, जो कि पूरी तरह से स्वदेशी रहेंगे। इस कार्य के लिए नई दिल्ली स्थित वायु भवन में भारतीय वायुसेना और आईआईटी कानपुर के बीच करार हुआ है।

# एनएसए अजीत डोभाल पहुंचे बीजिंग, LAC पर शांति से सीमा विवाद तक होगी बात

**एजेंसी न्यूज**

**बीजिंग।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल सोमवार को दो दिवसीय चीन दौरे पर बीजिंग पहुंच गए। वह भारत-चीन सीमा विवाद को लेकर विशेष प्रतिनिधियों की बातचीत के 25वें दौर में हिस्सा लेंगे। इस दौरान सीमा पर शांति और स्थिरता के साथ दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। डोभाल चीन के विदेश मंत्री और भारत-चीन सीमा मुद्दे पर चीन के विशेष प्रतिनिधि वांग यी के निमंत्रण पर बीजिंग पहुंचे हैं।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, डोभाल और वांग यी मंगलवार को सीमा विवाद से जुड़े मुद्दों पर विशेष प्रतिनिधि स्तर की वार्ता करेंगे। अपने चीन दौरे के दौरान अजीत डोभाल चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग से भी मुलाकात करेंगे। यात्रा को भारत-चीन संबंधों में सीमा से जुड़े लंबित मुद्दों पर बातचीत आगे बढ़ाने के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

इससे पहले 6 अगस्त को नई दिल्ली में भारत और चीन के बीच सीमा मामलों पर परामर्श एवं समन्वय



के लिए बने कार्य तंत्र की 36वीं बैठक हुई थी। इसमें सीमा निर्धारण, सीमा प्रबंधन, विभिन्न समन्वय तंत्र और सीमा पार सहयोग से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय के अनुसार, बैठक में वास्तविक नियंत्रण रेखा की स्थिति की समीक्षा की गई। दोनों पक्षों ने स्पष्ट किया कि सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखना भारत-चीन संबंधों के समग्र विकास के लिए बेहद जरूरी है।

बैठक के दौरान दोनों देशों के अधिकारियों ने लंबित मुद्दों के समाधान के लिए मौजूदा कूटनीतिक और सैन्य संवाद के माध्यमों का इस्तेमाल जारी रखने पर सहमति जताई। इसमें हटउउ, स्थानीय कमांडर स्तर की बैठकें और पहले से स्थापित अन्य तंत्र शामिल हैं। एजेंसी

## करीब 99 लाख हो जाएगा H-1B वीजा शुल्क

**एजेंसी न्यूज**

**वॉशिंगटन।** ट्रंप प्रशासन H-1B वीजा और F-1 OPT कार्यक्रमों को महंगा बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। प्रस्तावित बदलावों के तहत ऌ-1इ से जुड़ा शुल्क 1,03,265 डॉलर तक पहुंच सकता है, जबकि ङढळ आवेदनों पर भी भारी फीस लगाने की संभावना जताई गई है। इन योजनाओं का असर भारतीय पेशेवरों पर खास तौर पर पड़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन एच-1बी (H-1B) वीजा और F-1 ऑप्शनल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग (OPT) कार्यक्रमों के लिए नए शुल्क लागू करने की तैयारी में है। इसके तहत H-1B वीजा शुल्क को बढ़ाकर 1,03,265 डॉलर यानी 98.92 लाख भारतीय रुपये किए जाने का प्रस्ताव है।

# यूपी में 4105 करोड़ का निवेश, खुलेंगे रोजगार के रास्ते !

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** प्रदेश में औद्योगिक निवेश और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सोमवार को उच्च स्तरीय प्राधिकृत समिति (एचएलईसी) की बैठक हुई। मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में उप्र. औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2022 अंतर्गत कुल 4104.82 करोड़ रुपये की आठ औद्योगिक परियोजनाओं को लेटर ऑफ कम्फर्ट (एलओसी) जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

स्वीकृत परियोजनाओं में एपीएल अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड की गोरखपुर में 320 करोड़ रुपये की परियोजना, टेरेस्ट्रियल फूड प्रोसेसर प्राइवेट लिमिटेड की अमरोहा में 277.30 करोड़ और अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की ललितपुर में 738 करोड़ रुपये की परियोजना शामिल है। शुक्र फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड की गौतमबुद्धनगर में 587.50 करोड़, गुडलक इंडिया लिमिटेड की बुलंदशहर में 268.67 करोड़ और जीके विंडिंग्स वायर्स लिमिटेड की हाथरस में 381.14 करोड़ रुपये की परियोजना को भी मंजूरी मिली है। इसके अलावा बनासकांठा डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर्स लिमिटेड की बागपत में 539.83 करोड़ और एल्पेक्स सोलर लिमिटेड की मथुरा में 992.38 करोड़ रुपये की परियोजना शामिल है।

रोजगार के नए अवसर बनने के अवसर के अलावा स्वीकृत परियोजनाओं से विनिर्माण, सीमेंट, फार्मास्यूटिकल्स, खाद्य प्रसंस्करण, वायर एवं इलेक्ट्रिकल उत्पाद, डेयरी और सौर ऊर्जा क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियां बढ़ने की उम्मीद है। मुख्य सचिव एस पी गोयल ने परियोजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन और पात्र औद्योगिक इकाइयों को नीति के अनुरूप प्रोत्साहन उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

## चीनी के बाद प्याज के भी बढ़ने लगे दाम

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** त्योहारों से पहले प्याज और चीनी की बढ़ती कीमतों ने रसोई का बजट बिगाड़ना शुरू कर दिया है। खाद्य तेल, तुअर दाल, चावल और आटे के दाम भी सालाना आधार पर बढ़े हैं। मौसम की मार, सप्लाई में कमी और त्योहारों से पहले बढ़ती मांग कीमतों पर दबाव बढ़ा रही है। त्योहारों का सीजन शुरू होने वाला है और इससे पहले रसोई के बजट पर महंगाई का दबाव बढ़ता दिख रहा है। प्याज और चीनी की कीमतों में तेज बढ़ोतरी ने सबसे ज्यादा चिंता बढ़ाई है, वहीं दाल, चावल, आटा और सब्जियों के दाम में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। ऐसे में सवाल है कि खाद्य पदार्थ के दामों में कितनी बढ़ोतरी देखने को मिली है? प्याज और चीनी समेत जरूरी खाने-पीने की चीजों के दाम क्यों बढ़ रहे हैं? त्योहारों से पहले इसका आम लोगों की जेब पर कितना असर पड़ेगा?

## एक नजर

### बहगुल नदी से जल भरकर बाल कांवरियों ने रचा इतिहास

**फतेहगंज पूर्वी।** सावन के आखिरी सोमवार पर आज नगर के बाल कांवरियों ने बहगुल नदी से जल भर कर पचौमी में भगवान शिव के मंदिर पर जलाभिषेक किया। इस दौरान वाल कांवरियों को हरी झंडी दिखाकर कस्बा चौकी प्रभारी लक्ष्मी नारायण सिंह ने रवाना किया । नगर से आज करीब एक सौ बाल कांवरियों ने भगवान शिव के मंदिर में पूजा अर्चना कर एवं शिव आरती के बाद कांवर उठाई और सभी बाल कांवरिया अपनी कांबर लेकर बहगुल नदी के तट पर पहुंचे जहां से उन्होंने जल भरा और पचौमी शिव मंदिर के लिए रवाना हुए । बाल कांवरियों को हरी झंडी दिखाकर कस्बा चौकी प्रभारी लक्ष्मी नारायण सिंह ने रवाना किया। दोपहर बाद सभी बाल कांवरिया पचौमी पहुंचे जहां उन्होंने शिव जी पर जलाभिषेक किया। इस दौरान बाल कांवरियों को जगह-जगह जलपान की व्यवस्था कराई गई।

# शिव भक्तों ने महादेव का किया जलाभिषेक

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मीरगंज/शीशगढ़।** श्रावण मास के अंतिम सोमवार को कस्बा व देहात क्षेत्र में भक्ति और आस्था का अनोखा दृश्य नजर आया! शिवालयों में भोर से ही भक्तो की भीड़ उमड़ पड़ी! श्रद्धांलुओ ने भक्ति और आस्था के साथ भगवान भोले की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा! हरिद्वार से गंगाजल लेकर पहुंचे काबड़ियों ने शिव मंदिर की परिक्रमा कर हर हर महादेव के जयघोष के साथ गंगाजल से भोलेनाथ का अभिषेक किया! हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटे काबड़ियों का कस्बे में जगह जगह ग्रामीणो ने पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया! बरेली बस अड्डे पर हनुमान चालीसा सेवा समिति के सदस्य लक्ष्मी देवल,ठाकुर शिवकुमार सिंह,भाजपा नेता रामप्रकाश गुप्ता,राजीव कठेरिया,मोहल्ला पड़ाव में सभासद त्रिमल सिंह राठौर,प्रवेश देवल,जसवंत राठौर,के.पी शर्मा आदि ने पुष्प वर्षा कर काबड़ियों का जोरदार स्वागत किया !सभी काबड़ियों ने अपने परम्परा गत रास्ते से गुजरते हुए कस्बे के प्राचीन बगिया बाले शिव मंदिर में पहुँच कर मंदिर की परिक्रमा कर गंगा जल से भगवान भोले नाथ का अभिषेक किया !सुरक्षा की दृस्टि से जगह जगह पुलिस बल तैनात रहा!

### कथा विश्राम के बाद हुआ भण्डारा

बहेड़ी। बहेड़ी के संस्कार वेंकट हॉल में आयोजित परम पूज्य पंडित मधुर गोपाल दास शास्त्री जी के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा समापन के उपरांत आज विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया गंगा वेलफेयर सोसाइटी के आयोजन को लोगों ने काफी सराहा अच्छी व्यवस्था के बीच विशाल भंडारे के साथ कथा को विश्राम दिया गया। जिस जीव ने मानव तन प्राप्त करके एक बार भी श्रीमद् भागवत रस सुधा का पान श्रवण नहीं किया उसने अपना जीवन व्यर्थ कर डाला। और जिस मां की कोख से जन्म लिया उसे कोख को भी कलंकित किया। जिसने एक बार भी कथा का श्रवण नहीं किया ।जिसने एक बार भी विधिवत कथा श्रवण करके ब्राह्मणों को भोज्यहुती प्रदान की ,उसने मानव तन सार्थक किया। भागवत कथा श्रवण की विधि और विधान होता है । कथा आयोजन में ग्रंथों के नियमों का पालन अवश्य होना चाहिए, रोगी को डॉक्टर दवा प्रदान करें रोगी परहेज न करें, तो दवा क्या दवा असर करेगी ,ठीक इसी प्रकार नियमों के पालन न। करें तब कथा श्रवण का फल पूर्ण कैसे प्राप्त हो सकता है। मुख्य यजमान श्रीमती सुमन रस्तोगी एवं सुनील रस्तोगी ने पूर्ण आहुति के साथ हवन की प्रक्रिया पूर्ण की। गंगा वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों में मुख्य रूप से रमेश सिंह सभासद, गोपाल जी, अवधेश सक्सेना आरके सिंह जी, प्रदीप सिंह, हरिंदर सिंह, लल्लन तिवारी, हरेंद्र सिंह सिरोही, जसवीर सिंह ,अजय सिंह, रामनाथ राठौर ,मिथिलेश श्रीवास्तव जी ,परमानंद, राहुल गुप्ता सचिन रस्तोगी मुंडिया, दिव्या भूषण राय, अनिल, हरिप्रसाद यादव आदि रहे।

# साइबर फ्रॉड में जनसेवा केंद्र संचालक के दोनों खाते ब्लॉक

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ बीमार मां के इलाज की बात कहकर ग्राहक ने कराया ट्रांजेक्शन, खाते ब्लॉक होने से संचालक परेशान

**बरेली।** किला थाना क्षेत्र के कुंवरपुर निवासी जनसेवा केंद्र संचालक राहुल यादव ने साइबर क्राइम अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर बैंक खाते ब्लॉक होने की शिकायत की है। उन्होंने मामले की जांच कर दोनों खातों को सुचारू कराने की मांग की है।

राहुल ने बताया कि वह जनसेवा केंद्र चलाता है और अपने परिवार में अकेला कमाने वाला है। उसके मुताबिक, 17 अगस्त 2026 को एक ग्राहक उसके पास आया। उसने बताया कि उसकी मां गंभीर रूप से बीमार है और इलाज के लिए तत्काल पैसों की जरूरत है। ग्राहक की बात पर भरोसा कर राहुल ने उसकी मदद की। प्रार्थना पत्र के अनुसार, ग्राहक ने राहुल के बैंक ऑफ बड़ौदा, बेहारीपुर शाखा स्थित खाते में एक ट्रांजेक्शन कराया। ट्रांजेक्शन आईडी 500227268328 थी और खाते में रकम भेजने वाले का नाम आसिफ खान दिखाई दे रहा था। मोबाइल नंबर भी खाते में दर्ज हुआ था। राहुल का कहना है कि उस समय उसे इस लेनदेन के साइबर फ्रॉड से जुड़े होने की जानकारी नहीं थी। आरोप है कि ट्रांजेक्शन के बाद उसका बैंक ऑफ बड़ौदा और स्टेट बैंक, दोनों खाते ब्लॉक कर दिए गए। इससे परिवार का खर्च चलाने में परेशानी हो रही है। राहुल ने साइबर क्राइम अधिकारी से पूरे मामले की जांच कर खातों को दोबारा चालू कराने की गुहार लगाई है।

# दिवंगत किसान परिवार को बीमा

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बहेड़ी।** बीती 23 मार्च को सड़क हादसे में जान गंवा देने वाले गांव उन ई मकरूका निवासी वीर पाल के परिजनों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत एसबीआई के स्थानीय शाखा प्रबंधक द्वारा दिए गए चेक को एसडीएम गोपाल शर्मा ने अपने हाथों सौंपा। मालूम हो, गाँव उन ई मकरूका निवासी वीर पाल गुजरी 23 मार्च को खेत से साइकिल पर चारा लादकर घर लौट रहे थे कि सड़क पर आते ही एक तेज रफ्तार टैंपो ने उन्हें टक्कर मार दी थी। गंभीर हालत में परिजन उन्हें सीएचसी लेकर आ रहे थे लेकिन रास्ते में ही उनकी सांसें थम गयीं। वीर पाल की मौत से पूरे परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा था। परिवार के सामान्य स्थिति में आने पर दिवंगत कृषक के बेटे विपिन ने स्थानीय एसबीआई शाखा के प्रबंधक से संपर्क कर पिता के प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत बीमित होने की जानकारी देकर बीमा की धनराशि दिलवाए जाने को आवश्यक कार्रवाई किए जाने का अनुरोध किया। शाखा प्रबंधक विनीत कुमार ने दिवंगत कृषक की पत्नी के साथ संयुक्त बचत खाता पर बीमा पॉलिसी की जानकारी कराई तो पाया कि बीमा पॉलिसी सक्रिय रूप में थी। तदुपरांत शाखा प्रबंधक ने खाताधारक किसान के बेटे से संपर्क साधकर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की नोडल नेशनल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा मृतक की पत्नी तारावती को भुगतान की संस्तुति कर दी गई। सोमवार को एसडीएम के साथ शाखा प्रबंधक ने तारावती को आमंत्रित कर दो लाख रुपये का चेक सौंप दिया।

# भगवान् राम पर की अशोभनीय टिप्पणी, मौलाना पर कार्रवाई की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** हिन्दू आराध्यों पर जब तब अशोभनीय टिप्पणी किए जाने की खबरें प्रकाश में आती रहती हैं। विरोध किए जाने के बाद ऐसे तत्वों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाती रही है बावजूद इसके कुछ सिरफिरे समाज में जहर घोलने से बाज नहीं आते। एक बार फिर एक ऐसा मामला चर्चा में आया जिसमें एक मौलाना पर सोशल मीडिया पर भगवान् राम को लेकर आपत्ति जनक टिपण्णी करने का आरोप लगा है।

आरोप हैकि, क्षेत्र के गाँव मुंडिया नबी बक्श के एक मौलाना ने इंस्टाग्राम तथा फेसबुक पर भगवान् राम को लेकर अमर्यादित और अशोभनीय टिप्पणी की। जानकारी होने पर हिंदुवादी संगठनों के कुछ पदाधिकारियों द्वारा पुलिस से शिकायत की गई । पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि गंभीर मामले में भी पुलिस ने आरोपी को थाने लाकर महज शांति भंग करने की धारा में निरूद्ध कर जमानत पाने की सहूलियत दे दी। हिंदुवादी संगठनों के पदाधिकारियों का कहना था कि अगर कल तक पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज नहीं किया गया तो उन्हें धरना प्रदर्शन को बाध्य होना पड़ेगा। पुलिस ने अभी हाल ही में मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में कांवड़ियों पर चप्पल फेंकें जाने जैसी घटना पर भी गंभीरता नहीं दिखाई।

# अफसर बेलगाम, बिजली सप्लाई ठप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फतेहगंज पूर्वी।** कभी 33 केवी लाइन में आई खराबी के चलते तो कभी बिजली घर में खराबी के चलते कल रविवार की दोपहर से क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था ठप पड़ी है सुबह कुछ देर के लिए सप्लाई आई और फिर ठप हो गई । दो दिन से विद्युत व्यवस्था ठप होने से लोग बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं । लोग परेशान है परंतु उनकी कोई सुनने वाला नहीं अधिकारियों से लेकर कर्मचारी फोन नहीं उठाते हैं । गर्मी के चलते नगर समेत क्षेत्र के करीब सौ गांव में बिजली और पानी को लेकर त्राहि त्राहि मची है कल रविवार को दोपहर से 33केवी लाइन में खराबी आ गई जिसके चलते पूरे क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था ठप हो गई । वमुश्किल सुबह कुछ देर के लिए सप्लाई आई और फिर बिजली घर में तकनीकी खराबी आ गई । खबर लिखे जाने तक सप्लाई ठप पड़ी थी। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में वैसे भी अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है तथा हाई लो वोल्टेज की समस्या से कोई भी विद्युत उपकरण नहीं चल पाता है । लोगों का कहना है कि पांच-पांच मिनट के लिए बिजली आती है और चली जाती है जिससे बिजली का कोई उपयोग नहीं हो पाता है । नगर के मोहल्ला बाजार जनूबी, साहूकारा समेत कई मोहल्लों के ट्रांसफार्मर पर इतना लोड है कि पांच-पांच मिनट में फाल्ट हो रहे हैं जिन्हें संभालने के लिए नगर में किसी स्थाई लाइनमैन की तैनाती नहीं है । जो संविदा कर्मचारी लगे हैं वह किसी की समस्या को सुनने के लिए फोन नहीं उठाते हैं और सभी संविदा कर्मचारी सफेद पोश लोगों की शरण में हैं जिससे वह अपनी पूरी मनमानी करते हैं । इधर लोगों का कहना है कि बिजली घर पर तैनात अबर अभियंता के कभी बिजली घर पर दर्शन नहीं होते उपभोक्ता शिकायत करें तो कहां जाएं उपभोक्ताओं का कहना है कि अबर अभियंता कभी फोन भी किसी का रिसीव नहीं करते हैं । उपभोक्ताओं का कहना है कि लोग बिजली पानी की समस्या से जूझ रहे हैं परंतु उनकी सुनने वाला न कोई जनप्रतिनिधि है और न ही कोई अधिकारी । वहीं सरकार दावा करती है कि देहात इलाकों में 15 से 20 घंटे सप्लाई दी जाए परंतु इस क्षेत्र में लोगों को 2 घंटे भी सप्लाई मिलना मुश्किल हो रहा है । इस क्षेत्र में दो-दो दिन सप्लाई नहीं आती है परंतु कोई भी लोगों के इस दर्द को सुनने वाला नहीं है ।

# 57 साल पुराने शिव मंदिर से शिव परिवार की मूर्तियां हटाने पर आक्रोश

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** शाही थाना क्षेत्र के बीथम नौगवां गांव में सोमवार सुबह करीब 57 साल पुराने शिव मंदिर से शिव परिवार की मूर्तियां अपने स्थान से हटाकर परिसर के दूसरे हिस्से में मिलने से आक्रोश फैल गया। इसी बीच तीन दिन पहले हुई एक महिला की अंत्येष्टि के बाद उसकी अस्थियां श्मशान से गायब होने और अलग-अलग स्थानों पर मिलने के दावे ने मामले को और गंभीर बना दिया। सूचना पर पुलिस गांव पहुंची और घटनास्थल की जानकारी जुटाकर जांच शुरू कर दी।

पुजारी लालाराम के मुताबिक सुबह करीब पांच बजे वह मंदिर की साफ-सफाई के लिए पहुंचे थे। मंदिर के अंदर शिव परिवार की तीनों मूर्तियां अपने स्थान पर नहीं थीं। तलाश करने पर मूर्तियां मंदिर परिसर के दूसरे हिस्से में पड़ी मिलीं। जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर पहुंच गए और घटना पर नाराजगी जताई। ग्रामीणों के मुताबिक तीन दिन पहले मोर सिंह की मां शांति देवी की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद गांव के श्मशान में अंतिम संस्कार किया गया था। सोमवार को परिवार अस्थियां लेने पहुंचा तो वे वहां नहीं मिलीं। ग्रामीणों का दावा है कि बाद में कुछ अस्थियां नत्थू लाल और टेकचंद के घर के सामने तथा डोरीलाल के घर के बाहर खड़े ई-रिक्शा में मिलीं। ग्रामीणों ने हल्का दरोगा पर मामले को आगे न बढ़ाने की हिदायत देने और थानाध्यक्ष को जानकारी न देने का आरोप लगाया। इसके बाद ग्रामीणों ने शाही थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह को फोन कर सूचना दी। थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे और मंदिर व अन्य स्थानों का निरीक्षण कर ग्रामीणों से जानकारी ली। ग्राम प्रशासक धर्मपाल, पुजारी लालाराम समेत कई ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त शिकायती पत्र देकर घटनाओं का जल्द खुलासा करने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि यह मंदिर वर्षों से आस्था का केंद्र है और सावन में कांवड़िये यहां जलाभिषेक करने आते हैं। मीरगंज सीओ अजय कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। घटना में शामिल लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गर्भवती पत्नी से जबरदस्ती, शिकायत

**बरेली।** थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम सिजौलिया निवासी एक सात माह की गर्भवती महिला ने अपने पति पर उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरन शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास करने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस को दी तहरीर में पति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता के अनुसार, चिकित्सक ने गर्भावस्था के दौरान उसे शारीरिक संबंध बनाने से मना करते हुए विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी थी। आरोप है कि इसके बावजूद उसका पति आरिफ उसकी इच्छा और चिकित्सकीय सलाह की जानकारी होने के बाद भी जबरन संबंध बनाने का दबाव बनाता था।

# सावन के आखिरी सोमवार को रहा बम भोले का जयघोष

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** देवाधिदेव महादेव के प्रिय माह सावन के आखिरी सोमवार को बातावरण भक्ति के रंग से सराबोर रहा। तड़के से लेकर शाम तक हर ओर हर हर महादेव तथा बोल बम की गूंज रही। अपने आराध्य की पूजा करने को श्रद्धालु हाथों में जल, दूध, बेलपत्र तथा पूजन सामग्री लेकर शिवालय तक जाने का सिलसिला दिन भर चला। भोले बाबा की मढ़ी, गौरी शंकर मंदिर, तहसील परिसर, मोहल्ला शेखूपुर, केसर मिल तथा पंजाबी कालोनी समेत नगर के सभी प्रमुख मंदिरों में शिवभक्तों की आस्था का ज्वार हिलोरें मार रहा था। इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से पुलिस का भी पहरा रहा। उधर, मेला श्री राम लीला परिसर में महाकाल सेवा समिति की ओर से बनाए गए राहत सेवा शिविर में विभिन्न स्थानों से कांवड़ भरकर आए शिवभक्तों के विश्राम तथा भोजन की व्यवस्था की गई। साथ ही एक मेडिकल चेक अप कैंप भी लगाया गया। राहत सेवा शिविर पूरे सावन महीने के लिए आयोजित किया गया था। इस पुण्य कार्य में सेठ प्रमोद अग्रवाल, गौरव मित्तल, अनूप गुप्ता, अनमोल गर्ग, सुनील रस्तोगी, हर वंश गुप्ता, नितिन अग्रवाल तथा स्वाति कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

# चीनी के बढ़ते दाम पर प्रशासन अलर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** त्योहारों से पहले चीनी के बढ़ते दाम और जमाखोरी की आशंका को लेकर प्रशासन ने निगरानी बढ़ा दी है। सोमवार को जिला आपूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सिंह और डिप्टी आरएमओ अतुल कुमार वशिष्ठ के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने श्यामगंज स्थित चीनी मंडी में कई गोदामों और प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। टीम ने गोदामों में रखे चीनी के स्टॉक का भौतिक सत्यापन करने के साथ ही संबंधित अभिलेख भी जांचे।

प्रशासन यह पता लगाने में जुटा है कि कहीं बाजार में कृत्रिम कमी पैदा कर कीमतें बढ़ाने के लिए चीनी की जमाखोरी तो नहीं की जा रही। हालांकि व्यापारियों ने कालाबाजारी और जमाखोरी के आरोपों से इनकार किया। उनका कहना है कि चीनी की आपूर्ति अब धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले में चीनी की पर्याप्त उपलब्धता है। लोगों को चीनी की कमी से जुड़ी अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। उन्होंने बताया कि थोक व्यापारियों को निर्धारित सीमा के भीतर ही चीनी का भंडारण करने के निर्देश दिए गए हैं। कोई भी थोक व्यापारी 400 मीट्रिक टन यानी चार हजार क्विंटल से अधिक चीनी का स्टॉक नहीं रख सकेगा। सोमवार को बरेली में चीनी का थोक भाव करीब 61 रुपये प्रति किलो बताया गया। प्रशासन की कार्रवाई को त्योहारों के दौरान कीमतों पर नियंत्रण और बाजार में पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की कवायद माना जा रहा है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने कहा कि स्टॉक और अभिलेखों की जांच लगातार जारी रहेगी। जमाखोरी या कालाबाजारी सामने आने पर संबंधित व्यापारी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व पार्षद पर एआई से फर्जी फोटो बनाने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** वार्ड-62, पुराना शहर निवासी इल्मा ने पूर्व पार्षद फिरदौस उर्फ अंजुम और उनके भाई आफताब मियां पर राजनीतिक रंजिश के चलते एआई व साइबर तकनीक के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। पीड़िता ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर साइबर क्राइम सेल से मामले की जांच कराने और परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

इल्मा के मुताबिक, उनके पिता वार्ड-62 से निर्वाचित पार्षद हैं। उनकी अनुपस्थिति में वह वार्ड के नागरिकों की समस्याओं और विकास कार्यों में प्रशासनिक सहयोग करती हैं। आरोप है कि इसी से नाराज होकर पूर्व पार्षद और उनके भाई परिवार को मानसिक रूप से परेशान कर रहे हैं। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विपक्षियों ने एआई डीपफेक और डिजिटल एडिटिंग तकनीक का इस्तेमाल कर इल्मा के नाबालिग भाई अफनान खान की सोशल मीडिया से ली गई फोटो में कथित तौर पर हथियार जोड़ दिया। आरोप है कि फर्जी फोटो के जरिए उन्हें डराया जा रहा है कि वार्ड में काम करना या कानूनी पैरवी बंद नहीं करने पर भाई को गंभीर मुकदमों में फंसा दिया जाएगा। इल्मा ने यह भी आरोप लगाया कि उनके खिलाफ आपत्तिजनक डिजिटल सामग्री तैयार कर सामाजिक छवि खराब करने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि भाई की मूल इंस्टाग्राम फोटो और अन्य साक्ष्य उनके पास सुरक्षित हैं। उन्होंने निष्पक्ष जांच, सुरक्षा और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।





राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
जन-जन की आवाज़
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद एवं उत्तराखंड में प्रसारित
WWW.jagranmorcha.com
jagranmorchadaily@gmail.com
@JagranMorchaDaily

**एक नजर**

### नौ वर्षीय बच्चे से गलत काम के आरोपी को मीरगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मीरगंज।** थाना मीरगंज पुलिस ने नौ वर्षीय नाबालिग बच्चे को बहला-फुसलाकर घर ले जाने और उसके साथ गलत काम करने के मामले में वांछित 19 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी कहीं बाहर जाने की फिराक में था, तभी मुखबिर की सूचना पर उसे नल नगरिया चौराहे से करीब 200-300 मीटर पहले दबोच लिया गया।पुलिस के मुताबिक, ग्राम गहवरा की गौटिया निवासी आकाश पुत्र मोहनलाल (19) के खिलाफ 15 अगस्त 2026 को नाबालिग के परिजन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप है कि आकाश नौ वर्षीय बच्चे को बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया और उसके साथ गलत काम किया। मामले में मु0अ0सं0 394/2026 धारा 137(2) बीएनएस तथा 5(M)/6 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक अमरपाल सिंह कर रहे हैं। विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमे में धारा 137(2) बीएनएस के स्थान पर धारा 140(4) बीएनएस की गई।

# सावन के अंतिम सोमवार पर शिवमय हुआ बरेली

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** सावन के अंतिम सोमवार पर बरेली पूरी तरह शिवमय नजर आया। आधी रात से ही प्रमुख नाथ मंदिरों में भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। हाथों में गंगाजल और जुबान पर हर-हर महादेव के जयकारों के बीच हजारों भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। दर्शन-पूजन और जलाभिषेक का सिलसिला दोपहर बाद तक चलता रहा। अलखनाथ, मढ़ीनाथ, तपेश्वरनाथ, त्रिवटीनाथ, बनखंडीनाथ, पशुपतिनाथ और धोपेश्वरनाथ मंदिरों में सुबह से ही लंबी कतारें लग गईं। अलखनाथ मंदिर में रात से जलाभिषेक शुरू हो गया था, जबकि त्रिवटीनाथ मंदिर में तड़के करीब तीन बजे से भक्त पहुंचने लगे। धोपेश्वरनाथ समेत अन्य शिवालयों में भी भोर होते-होते भीड़ बढ़ गई।

कछला, गढ़मुक्तेश्वर और हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटे कांवड़ियों ने शिवालयों में जल चढ़ाया। प्रमुख कांवड़ मार्ग भगवा रंग में रंगे नजर आए। बदायूं रोड और लाल फाटक रोड पर जगह-जगह भंडारे लगाकर कांवड़ियों को फलाहार और प्रसाद वितरित किया गया। नवाबगंज के ईधजागीर स्थित प्राचीन शिव मंदिर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में भी भक्तों ने गंगाजल, दूध, बेलपत्र और फल अर्पित किए। महिलाओं और युवतियों की भी बड़ी संख्या में सहभागिता रही। फतेहगंज पूर्वी में बाल कांवड़ियों का उत्साह आकर्षण का केंद्र रहा। महाकाल कांवड़ संघ के नेतृत्व में बच्चों ने बहगुल नदी से जल भरकर करीब 17 किलोमीटर पैदल यात्रा की और पचोमी स्थित पंचेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक किया। डीजे पर बज रहे भजनों पर कांवड़िये नाचते-झूमते आगे बढ़े। नगरवासियों ने पुष्पवर्षा और फलाहार से उनका स्वागत किया। आंवला, सिरौली, मीरगंज और फतेहगंज पश्चिमी समेत जिलेभर के शिवालयों में भी हजारों श्रद्धालु पहुंचे। घंटियों, शंखनाद और हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा जिला भक्तिमय बना रहा।

# अभद्र टिप्पणी का विरोध करने पर मारपीट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फरीदपुर (बरेली)।** थाना क्षेत्र के ग्राम ढकनी रजपुरी में शिव मंदिर में जल चढ़ाने जा रहे युवक को रास्ते में रोककर समुदाय विशेष के दबंगों ने की अभद्र टिप्पणी विरोध करने पर की मारपीट। बीच-बचाव करने आए ग्रामीणों के साथ भी की हाथापाई। पीड़ित परिवार ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, ग्राम ढकनी रजपुरी की रहने वाली पीड़िता सुमन पत्नी मुकेश कुमार ने बताया कि सोमवार को उनका पुत्र विवेक गांव के शिव मंदिर में जल चढ़ाने के लिए जा रहा था। जब वह रास्ते में पड़ने वाले विशेष समुदाय के घरों के पास से गुजर रहा था, तभी वहां पहले से मौजूद मो. ताज पुत्र मुख्त्यार, मो. फैज, जीशान पुत्रगण मुख्त्यार और अकील अहमद पुत्र अहमद हुसैन समेत अन्य आरोपियों ने युवक को देखकर आपत्तिजनक धार्मिक टिप्पणी करते हुए विवाद शुरू कर दिया। जब विवेक ने अमर्यादित टिप्पणी का विरोध किया, तो आरोपियों ने उसे गंदी-गंदी गालियां देते हुए बेरहमी से मारना पीटना शुरू कर दिया चीख-पुकार सुनकर गांव के ही लोग बीच-बचाव करने दौड़े, तो दबंगों ने उन्हें भी गालियां देते हुए हाथापाई की। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने कोतवाली फरीदपुर पहुंचकर लिखित शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि एक बच्चे को पीटने को लेकर विवाद हुआ था जिसे शिकायत में दूसरा रूप देने का प्रयास किया गया। हालांकि पुलिस ने मुख्य आरोपी को हिरासत में ले लिया है। अब दोनों पक्ष आपसी सहमति से फैसला करने को तैयार हैं।

# धोपेश्वरनाथ मंदिर के बाहर भिड़े भाजपा के दो नेता

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** सावन के अंतिम सोमवार पर धोपेश्वरनाथ मंदिर के बाहर भाजपा के दो नेताओं के बीच पुरानी खींचतान एक बार फिर खुलकर सामने आ गई। सोमवार सुबह जलाभिषेक के लिए पहुंचे दोनों नेताओं के बीच पहले कहासुनी हुई। देखते ही देखते विवाद गाली-गलौज तक पहुंच गया और बाद में दोनों पक्षों में धक्का-मुक्की व हाथापाई होने लगी। वरिष्ठ पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुई इस घटना से मंदिर परिसर के बाहर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

बताया जा रहा है कि सुबह करीब 11 बजे मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ थी। इसी दौरान दोनों नेताओं का आमना-सामना हुआ। बातचीत के दौरान पुरानी तल्खी सामने आ गई और दोनों के बीच तीखे आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गए। विवाद बढ़ने पर आसपास मौजूद लोगों ने हस्तक्षेप कर दोनों को अलग कराया।

बताया जाता है कि इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के दौरान राजेंद्र नगर में भी दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था। उस समय एक नेता के बेटे का नाम कार्यक्रम की सूची से हटाए जाने को लेकर मामला गरमाया था। इसके बाद महादेव पुल के उद्घाटन के दौरान भी आगे रहने और राजनीतिक वर्चस्व को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आए थे।

सोमवार की घटना के दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष पूरन लाल लोधी, मेयर डॉ. उमेश गौतम और कैंट विधायक संजीव अग्रवाल समेत कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद बताए गए। विवाद के बाद मामला राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया। फिलहाल दोनों नेताओं की ओर से कोई औपचारिक बयान सामने नहीं आया है और पार्टी स्तर से भी घटना पर आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।

### आखिरी सोमवार को मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**फरीदपुर (बरेली)।** श्रावण मास के आखिरी सोमवार को फरीदपुर तहसील क्षेत्र के प्रमुख शिव मंदिर पचौमी स्थित पंचेश्वरनाथ, पहलऊ स्थित पहलेश्वरनाथ और सिमरा बोरीपुर स्थित गोपाला सिद्ध में भोर से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर परिसर बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठे। गंगा जी के घाटों से कांवड़ में गंगा जल लेकर पहुंचे शिवभक्तों ने भगवान शिव को पूरी श्रद्धा व उत्साह के साथ जलाभिषेक किया। वहीं स्थानीय श्रद्धालुओं ने भी मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। प्रशासन ने बताया कि सर्वाधिक भीड़ सिमरा बोरीपुर स्थित गोपाला सिद्ध मंदिर में हुई जहां कांवड़ियों के अलावा हजारों की संख्या में आसपास क्षेत्र के श्रद्धालु मंदिर पर लगे मेले में पहुंचे।

# ग्राम नथपुरा में भंडारे में पहुंचे विधायक

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मीरगंज।** ग्राम पंचायत नथपुरा में सोमवार को महावीर गंगवार (ग्राम प्रधानपति) द्वारा पावन भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में विधायक डॉ. डी.सी वर्मा ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन में शामिल श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों से आत्मीय भेंट की।विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने भंडारे में मौजूद लोगों से संवाद करते हुए उनके कुशलक्षेम की जानकारी ली। उन्होंने धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों को आपसी भाईचारे, सौहार्द और सामाजिक एकजुटता का माध्यम बताया।

इस दौरान उन्होंने सभी श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों के सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और मंगलमय जीवन की कामना की।भंडारे में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के दौरान ग्रामीणों में उत्साह और धार्मिक वातावरण बना रहा। श्री महावीर गंगवार की ओर से आयोजित इस भंडारे में क्षेत्र के लोगों ने सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण किया।विधायक के पहुंचने पर आयोजकों और ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी उनसे बातचीत की। विधायक ने ग्रामीणों से निरंतर संवाद और क्षेत्र के विकास के लिए सहयोग की बात कही। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।इस दौरान हरीश लोधी, आनंद मोहन उर्फ गुड्डू वर्मा, रामशरण वर्मा,चंद्रभान लोधी,क्रांति सिंह, आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा के निष्ठावान सिपाही राकेश सक्सेना हुए दिवंगत

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बहेड़ी।** श्रीराम मंदिर जन्मभूमि आंदोलन के दौरान अपनी कर्मठता और सक्रियता के बूते क्षेत्र भर में पहचान बनाने वाले भाजपा के वरिष्ठ सिपाही राकेश सक्सेना सोमवार को परलोक गामी हो गये। वे काफी समय से अस्वस्थ चर रहे थे। राकेश सक्सेना के निधन की खबर जैसे ही लोगों को मिली, हैरत जताते हुए उनके ब्लॉक कार्यालय परिसर स्थित उनके निवास पर पहुंचे और दिवंगत आत्मा के प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित कर शोक संतप्त परिवार को ढाढस बंधाया। भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने परिजनों से मिलकर अपनी पार्टी की ओर से अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की। सायंकाल लोगों की भीड़ के बीच अंतिम संस्कार किया गया। पार्टी से जुड़े लोगों ने बताया कि स्व सक्सेना ने श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान कारसेवा में अपनी अहम भूमिका निभाई थी जिसके चलते उन्हें जेल तक जाना पड़ा था। भाजपा में उन्हें बड़े सम्मान की नजरों से देखा जाता था। उनके निधन ने एक बार फिर उस दौर की याद ताजा कर दी।

# दहेज में कार और पांच लाख रुपये की मांग का आरोप, विवाहिता ने आठ ससुरालियों पर दर्ज कराया मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय




**मीरगंज।** थाना मीरगंज क्षेत्र की एक विवाहिता ने पति समेत ससुराल पक्ष के आठ लोगों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और अश्लील हरकत करने समेत गंभीर आरोप लगाए हैं। विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला शेखूपुरा निवासी इम्तियाज उर्फ नाजिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका निकाह मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार सात जनवरी 2026 को दातागंज, बदायूं निवासी तालिब अली के साथ हुआ था। आरोप है कि निकाह में मायके पक्ष ने करीब 12 लाख रुपये नकद, जेवर और घरेलू सामान खर्च किया। पति को अपाचे मोटरसाइकिल भी दिलाई गई, जिसकी कीमत करीब 1.45 लाख रुपये बताई गई है। इसके अलावा करीब पांच तोला सोने और 500 ग्राम चांदी के जेवर दिए गए थे। विवाहिता का आरोप है कि इन सबके बावजूद पति और ससुराल वाले संतुष्ट नहीं हुए तथा अतिरिक्त दहेज में चार पहिया वाहन और पांच लाख रुपये नकद की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसे तरह-तरह से प्रताड़ित किया गया। उससे घर का काम कराया जाता था और पर्याप्त भोजन भी नहीं दिया जाता था। बीमार होने पर डॉक्टर को दिखाने के बजाय मेडिकल स्टोर से दवाएं लाकर जबरन खिलाने का आरोप लगाया गया है। तहरीर के अनुसार, पति पर शराब के नशे में मारपीट और दुर्व्यवहार करने का भी आरोप है। विवाहिता ने देवर सालिम पर अश्लील हरकत और जबरदस्ती करने की कोशिश का गंभीर आरोप लगाया है। उसका कहना है कि किसी तरह खुद को कमरे में बंद कर उसने अपनी इज्जत बचाई। विवाहिता के मुताबिक, विवाद सुलझाने के लिए मायके पक्ष ने कई बार पंचायत भी कराई, लेकिन हालात में सुधार नहीं हुआ। आरोप है कि 22 जून 2026 को पति उसे मायके के बाहर छोड़कर चला गया और पांच लाख रुपये तथा चार पहिया वाहन लेकर आने पर ही वापस घर में रखने की बात कही।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, मामले में पति तालिब अली, सास नाजरीन, ससुर महबूब, देवर सालिम व कासिम, ननद निशा, शाहिद तथा बेबी को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने तहरीर में लगाए गए आरोपों के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले में पुलिस की जांच के बाद ही आरोपों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी।

# दिव्यांग नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फतेहगंज पूर्वी।** थाना क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी तहरीर में महिला ने बताया कि उसकी करीब 14 वर्षीय बेटी बोलने और सुनने में असमर्थ है। आरोप है कि चार दिन पहले किशोरी कपड़े खरीदने के लिए क्षेत्र की एक दुकान पर गई थी। इसी दौरान दुकानदार ने उससे कान में दर्द होने की बात कहते हुए दवा दिलाने के बहाने दोबारा दुकान पर आने को कहा। महिला के अनुसार, 24 अगस्त को किशोरी अपने भाई के साथ दवा लेने के लिए आरोपी की दुकान पर पहुंची। आरोप है कि आरोपी ने किसी काम के बहाने किशोरी के भाई को दुकान से बाहर भेज दिया। इसके बाद किशोरी के साथ अश्लील हरकत और छेड़छाड़ की गई। विरोध करने पर आरोपी ने घटना के बारे में किसी को न बताने की बात कही। तहरीर के मुताबिक, घर पहुंचने के बाद किशोरी ने इशारों के माध्यम से परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद उसकी मां ने आरोपी से फोन पर मामले के संबंध में जानकारी ली। महिला का आरोप है कि आरोपी ने उसे धमकाने का प्रयास किया। मामले में महिला ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि प्रकरण की जांच की जा रही है और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पत्नी के कथित प्रेम प्रसंग से परेशान युवक ने लगाई थी फाँसी , तीन के खिलाफ रिपोर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** इज्जतनगर क्षेत्र में पत्नी के कथित प्रेम प्रसंग से परेशान युवक की मौत के मामले में मृतक के पिता ने पत्नी, उसके कथित प्रेमी और चाचा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि तीनों ने युवक को मानसिक रूप से परेशान किया और आत्महत्या के लिए उकसाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पहाड़गंज निवासी रमेश ने बताया कि उनके बेटे सन्नी कुमार उर्फ राहुल की वर्ष 2017 में काजल से शादी हुई थी। दोनों के दो बेटे और एक बेटी हैं। आरोप है कि काजल का पिछले करीब तीन वर्षों से आकाश पुत्र विशन लाल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसकी जानकारी होने पर सन्नी ने पत्नी को समझाने का प्रयास किया। रमेश का आरोप है कि सन्नी ने जब काजल के चाचा सूरज पुत्र ब्रजलाल से शिकायत की तो उसने धमकाने के साथ मारपीट भी की। आरोप है कि सूरज ने सन्नी से कहा कि काजल आकाश से प्यार करती है और वह चाहे तो फांसी लगाकर मर जाए। परिजनों के अनुसार सन्नी हल्द्वानी में पत्नी के साथ पुताई का काम करता था। 15 अगस्त को वह बरेली आया था। पिता का आरोप है कि उसने पत्नी और आकाश को समझाने का प्रयास किया, लेकिन दोनों ने कथित तौर पर उसे परेशान किया। 18 अगस्त सुबह करीब 9:30 बजे पहाड़गंज स्थित मकान में सन्नी की मौत हो गई। पिता के मुताबिक, उसने मोबाइल में वीडियो और नोट छोड़ा था। पुलिस ने मोबाइल समेत अन्य सामान कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# मकान पर कब्जे को लेकर महिला ने डीएम से लगाई गुहार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला कोट शहदाना निवासी महिला ने मकान पर कब्जे के प्रयास का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत की है। महिला ने आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई करने और मकान में अपना हिस्सा सुरक्षित कराने की मांग की है।

शिकायतकर्ता सिमरन पत्नी राजा ने बताया कि वह बचपन से अपने माता-पिता के साथ उक्त मकान में रहती चली आ रही है। उसके अनुसार मकान उसकी परनानी का था। परनानी के दो पुत्रों की मृत्यु के बाद उसकी नानी और मां लंबे समय से मकान में रह रही थीं। महिला का दावा है कि मकान में उसका भी आधा हिस्सा है। सिमरन का आरोप है कि शबीना, शौकीन, तारा और जुवैर बेग समेत कुछ लोग लगातार उसे परेशान कर रहे हैं और मकान से निकालने का दबाव बना रहे हैं। शिकायत के मुताबिक, 15 अगस्त 2026 को दोपहर करीब तीन बजे आरोपितों ने कथित तौर पर उसका सामान मकान से बाहर फेंक दिया। महिला का आरोप है कि आरोपी पूरे मकान पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं।

महिला ने बताया कि उसके माता-पिता का निधन हो चुका है और वह अपने भाई के साथ मकान में रहती है। लगातार विवाद और कथित दबाव के चलते वह काफी परेशान है। उसने जिलाधिकारी से मामले की जांच कराकर आरोपितों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड विज्ञापन दर
में डिस्पले, क्लासीफाइड, शोक संदेश, बधाई संदेश , नोटिस एवं टेण्डर नोटिस के विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें।
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें:
7579849555, 9627739857
9997745413



मंदिर पर शिव भक्तों को लाइन से भेजते महिला कांस्टेबल। -जागरण मोर्चा



वजीरगंज के भोलानाथ मंदिर पर जलाभिषेक के लिए लगी श्रद्धालुओं की कतार।



वजीरगंज के भोलानाथ मंदिर पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

# हर हर महादेव के जयकारों से गूंजे शिवालय, शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक

## रविवार रात से ही मंदिरों में पहुंचने लगे श्रद्धालु, कछला से गंगाजल लाकर शिवभक्तों ने किया भोलेनाथ का अभिषेक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सावन माह के अंतिम सोमवार से पहले रविवार रात से ही जिलेभर के शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ उमड़ने लगी। सोमवार को सुबह से ही मंदिरों में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का विधि-विधान से जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। शहर के बिरुआबाड़ी मंदिर समेत जिले के प्रमुख शिव मंदिरों में पूरे दिन भक्तों का तांता लगा रहा। कांवड़ियों ने कछला गंगा घाट से गंगाजल भरकर विभिन्न शिवालयों में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया।



बिरुआ बाड़ी मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

सावन के अंतिम सोमवार को लेकर शिवभक्तों में खासा उत्साह दिखाई दिया। रविवार शाम से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों की ओर पहुंचने लगे थे। सोमवार तड़के मंदिरों के कपाट खुलते ही जलाभिषेक शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने गंगाजल, दूध, दही, शहद, बेलपत्र, धतूरा और पुष्प अर्पित कर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में भक्तिमय माहौल बना रहा।

शहर के बिरुआबाड़ी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु हाथों में पूजा की थाली और गंगाजल लेकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। मंदिर परिसर में लगातार हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर मनोकामना पूरी होने की प्रार्थना की।

उधर, वजीरगंज के भोलेनाथ मंदिर में भी शिवभक्तों की भारी भीड़ रही। कांवड़ लेकर पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का गंगाजल से अभिषेक किया। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। भक्ति गीतों और जयकारों से वातावरण शिवमय नजर आया।

कछला गंगा घाट से गंगाजल भरकर लौटे कांवड़ियों ने भी विभिन्न शिवालयों में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की आराधना की। कांवड़ियों के जत्थे रास्ते भर बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। कई स्थानों पर स्थानीय लोगों ने कांवड़ियों का स्वागत किया और उनके लिए जलपान की व्यवस्था की।

बिसौली के सरह बरौलिया स्थित शिव मंदिर पर भी सावन के अंतिम सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मंदिर में जलाभिषेक के साथ मेले का आयोजन हुआ, जिसमें आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। बच्चों और महिलाओं ने मेले में खरीदारी और झूलों का आनंद लिया। मंदिर परिसर में पूरे दिन धार्मिक माहौल बना रहा।

श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस और प्रशासन भी मुस्तैद रहा। प्रमुख मंदिरों और कांवड़ मार्गों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई। भीड़ को नियंत्रित करने के साथ यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने निगरानी रखी। मंदिरों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा का भी ध्यान रखा गया।

सावन के अंतिम सोमवार पर जिलेभर में आस्था और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। शिवभक्तों ने श्रद्धा के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक किया और हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान कर दिया। देर शाम तक प्रमुख शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही।

# बच्चों के साथ भोजन कर सीडीओ ने जानी स्कूल की हकीकत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला ने सोमवार को विकासखंड जगत के प्राथमिक विद्यालय नरऊ बुजुर्ग और आंगनबाड़ी केंद्र नरऊ बुजुर्ग का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से बातचीत कर शिक्षा की स्थिति जानी और उनके साथ बैठकर भोजन भी किया। सीडीओ ने बच्चों से पढ़ाई से संबंधित प्रश्न पूछकर विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता को परखा।



स्कूल के बच्चों के साथ भोजन करती सीडीओ गामिनी सिंगला। -जागरण मोर्चा

निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक समेत समस्त स्टाफ उपस्थित मिला। मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों को परोसे जा रहे मिड-डे-मील की गुणवत्ता की जांच की। भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई। इसके बाद उन्होंने विद्यालय के रसोईघर का निरीक्षण किया, जहां साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक नहीं मिली। रसोईघर में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था भी नहीं थी।

व्यवस्थाओं में कमी मिलने पर सीडीओ ने नाराजगी जताई। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि विद्यालय के रसोईघर समेत पूरे परिसर में नियमित रूप से साफ-सफाई कराई जाए। साथ ही रसोईघर में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे बच्चों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके।

इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र नरऊ बुजुर्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र पर उपलब्ध व्यवस्थाओं और बच्चों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। केंद्र पर साफ-सफाई की स्थिति को लेकर उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए और बच्चों के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जाए। सीडीओ ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को ड्यूटी अवधि में निर्धारित यूनीफार्म में उपस्थित रहने के निर्देश भी दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था समेत अन्य आवश्यक सुविधाओं की नियमित निगरानी की जाए।

मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट किया कि सरकारी विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान सामने आने वाली कमियों को तत्काल दूर कराया जाए और व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

# चौकी के पास कांवड़िए से टक्कर के बाद मारपीट पुलिस की गाड़ी खड़ी होने के बावजूद हुआ हंगामा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**म्याऊं।** अलापुर थाना क्षेत्र की म्याऊं चौकी के पास सोमवार को उस समय हंगामा हो गया, जब मोटरसाइकिल सवार ने एक कांवड़िए को टक्कर मार दी। आरोप है कि टक्कर के बाद बाइक सवार और कांवड़िए के बीच मारपीट हो गई। मौके पर मौजूद शिवभक्तों में घटना को लेकर आक्रोश फैल गया और कुछ देर तक हंगामा होता रहा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के समय चौकी के पास पुलिस की गाड़ी भी खड़ी थी। विवाद बढ़ने पर पुलिस दोनों पक्षों को पूछताछ के लिए चौकी म्याऊं ले गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद कांवड़ियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी जताई। उनका कहना था कि कांवड़ यात्रा के दौरान पुलिस की मौजूदगी के बावजूद विवाद और मारपीट की स्थिति बनना चिंता का विषय है।

वहीं, मामले में अलापुर थानाध्यक्ष से जानकारी लेने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्हें घटना की जानकारी नहीं होने की बात सामने आई। घटना को लेकर शिवभक्तों में काफी आक्रोश देखा गया। कांवड़ियों ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने दोनों पक्षों को समझाकर स्थिति शांत कराई।

## संक्षेप समाचार

### जमीन पर पेड़ काटने को लेकर विवाद, युवक ने ताई समेत तीन पर लगाया मारपीट का आरोप

**आसफपुर।** मुंसिया नगला निवासी प्रशांत मिश्रा ने अपनी ताई और उनके परिजनों पर जमीन पर खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ जबरन काटने का आरोप लगाया है। विरोध करने पर गाली-गलौज और मारपीट करने के साथ जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने थाना बिसौली पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रशांत मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी दादी स्वर्गीय प्रेमवती पत्नी स्वर्गीय रामनिवास ने उसके नाम पंजीकृत वसीयत की थी। इसी वसीयत के आधार पर वह संबंधित आराजी पर अपना अधिकार बता रहा है। आरोप है कि सोमवार सुबह करीब 8:45 बजे उसके ताऊ उमेश चंद्र शर्मा और उनकी पत्नी मीनाक्षी आराजी पर खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ काट रहे थे। प्रशांत का आरोप है कि उसने पेड़ काटने से मना किया तो दोनों ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट की। तहरीर में पुलिस की मौजूदगी में जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक में बीसी के पद पर कार्यरत है और काम के सिलसिले में उसकी शाखा बदलती रहती है। ऐसे में उसे अपने साथ किसी अनहोनी की आशंका बनी हुई है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने और सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नीलकंठ महादेव शिवलिंग का सनातन बोर्ड कार्यकर्ताओं ने किया जलाभिषेक



अपनी बात बताते हुए सनातन बोर्ड धर्म के कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** श्रावण माह के अंतिम सोमवार को अखिल भारतीय सनातन बोर्ड के कार्यकर्ताओं ने मोहल्ला पटियाली सराय स्थित दरीबा मंदिर पहुंचकर भगवान नीलकंठ महादेव के शिवलिंग के दर्शन-पूजन किए और विधि-विधान से जलाभिषेक किया। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा। महंत सत्यपाल शर्मा ने बताया कि मंदिर में स्थापित शिवलिंग मानव कद के बराबर है। उन्होंने बताया कि नगर के प्रमुख धार्मिक प्रतीकों में शामिल नीलकंठ महादेव मंदिर पर मुगल आक्राताओं के आक्रमण के बाद उमापति नामक नागा बाबा ने शिवलिंग को सुरक्षित बचाकर दरीबा मंदिर में स्थापित कराया था। उन्होंने दावा किया कि यह शिवलिंग दिन में तीन बार रंग बदलता है और इसकी महिमा दूर-दूर तक प्रसिद्ध है। सनातन बोर्ड के प्रवक्ता सत्यनारायण गुप्ता ने कहा कि यह अलौकिक शिवलिंग नगर वेदामऊ का गौरव है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सनातनी को यहां पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन और पूजा-अर्चना करनी चाहिए। अध्यक्ष जितेंद्र साहू ने मंदिर की उपेक्षा पर चिंता जताते हुए कहा कि लंबे समय से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पड़े मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए नगर के संभ्रांत लोगों को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय सनातन बोर्ड की ओर से मुख्यमंत्री के समक्ष भी मंदिर के जीर्णोद्धार की मांग उठाई जाएगी। इस मौके पर डॉ. अमर सिंह, चंद्रदेव वर्मा, सुभाष मैथील, विजय रतन सिंह, अश्वनी भारद्वाज, रचना शंखधार, पंकज शर्मा, बगीश यादव, एडवोकेट श्याम पाल सिंह, राजीव भारद्वाज, स्वाति भारद्वाज, रितिका गुप्ता, रिया गुप्ता, देवदत्त शर्मा, डॉ. सुशील गुप्ता, मुनेन्द्र प्रताप सिंह, राकेश साहू, नंदकिशोर आदि मौजूद रहे।

### बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री

**सहसवान।** गंगा खादर क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित चार गांवों में सोमवार को प्रशासन और भाजपा संगठन की ओर से राहत सामग्री वितरित की गई। एसडीएम गौरव आर्य और भाजपा नेता विक्रांत यादव ने खागी नगला, वीरशय नगला, भमरोलिया और गिरधारी नगला पहुंचकर पीड़ित परिवारों को राहत किट दी। ग्रामीणों ने जलभराव से हो रही परेशानियां बताईं, जिस पर अधिकारियों ने समाधान के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देश पर राहत कार्य लगातार जारी है। फसलों के नुकसान का सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा दिलाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी अलर्ट हैं। राहत किट में आटा, चावल, दाल, तेल, नमक, मसाले, चीनी, बिस्कुट, मोमबत्ती, साबुन, बाल्टी और मग समेत जरूरी सामान शामिल था। इस दौरान तहसीलदार, लेखपाल कौशल यादव समेत तहसील प्रशासन व पुलिस बल मौजूद रहा। राहत सामग्री मिलने पर ग्रामीणों ने प्रशासन का आभार जताया।

# बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का मेगा कैंप में हो रहा त्वरित समाधान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** विद्युत वितरण खंड परिसर में सोमवार को विद्युत विभाग की ओर से मेगा कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायतें सुनी गईं और उनके त्वरित निस्तारण का प्रयास किया गया। विभाग की इस पहल से उपभोक्ताओं को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सुविधा मिल रही है।

मेगा कैंप में एसडीओ विकास राजपूत ने उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनीं और संबंधित मामलों में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उपभोक्ताओं ने बिजली बिल, कनेक्शन, मीटर समेत अन्य विद्युत संबंधी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। अधिकारियों ने समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उनके समाधान का प्रयास किया।

अधिशासी अभियंता नरेंद्र चौधरी ने बताया कि विद्युत विभाग की ओर से मेगा कैंप का आयोजन 31 अगस्त तक किया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि बिजली से संबंधित किसी भी समस्या के लिए कैंप में पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कैंप का उद्देश्य उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर समाधान कर उन्हें अनावश्यक परेशानी से बचाना है।

उन्होंने बताया कि कैंप में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जा रहा है। इस दौरान थानसिंह, मुकेश कुमार, नवीन, मोहसिन, सुरजीत आदि मौजूद रहे।

# रक्षाबंधन पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीएम ने दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** रक्षाबंधन पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने कानून एवं शांति व्यवस्था को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी अवनीश राय ने संबंधित अधिकारियों को पर्व के दौरान आमजन को सुरक्षित और सुगम आवागमन उपलब्ध कराने के साथ ही भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। रक्षाबंधन का पर्व 28 अगस्त को मनाया जाएगा।

### मिलावटी मिठाई पर होगी कार्रवाई

रक्षाबंधन के दौरान मिठाई और अन्य खाद्य पदार्थों की बिक्री बढ़ने के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग को भी सक्रिय किया गया है। सहायक आयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रशासन को मिठाई, रंगीन मिठाई, रंगीन कचरी समेत अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम के लिए बाजारों में अभियान चलाकर छापेमारी और निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। मानकों के विपरीत खाद्य पदार्थों की बिक्री पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं। उन्होंने आमजन से रक्षाबंधन पर्व को आपसी सौहार्द, शांति और भाईचारे की भावना के साथ मनाने की अपील की है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में भीड़भाड़ वाले स्थानों, बाजारों, बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाए। आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के साथ लगातार पेट्रोलिंग कराई जाए। बस एवं रेलवे स्टेशनों पर महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती भी सुनिश्चित करने को कहा गया है।

रक्षाबंधन पर यात्रियों की बढ़ने वाली संख्या को देखते हुए जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के अधिकारियों को पर्याप्त संख्या में बसों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। रोडवेज बसों में विशेष सतर्कता बरतने के साथ बस स्टैंड और परिसर में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था रखने को कहा गया। बसों का संचालन निर्धारित गति और सुरक्षा मानकों के अनुरूप कराने तथा खराब बसों की पहले से मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए, ताकि पर्व के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे।

नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के अधिकारियों को पर्व के दौरान नगर क्षेत्रों में साफ-सफाई और पर्याप्त पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित कराने को कहा गया है। डीएम ने निर्देश दिए कि किसी घटना या विवाद की सूचना मिलते ही संबंधित क्षेत्राधिकारी और उप जिलाधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करें और उच्चाधिकारियों को भी इसकी जानकारी दें।

**सद्भाव** इस्लामिक इंटेलेक्चुअल बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. हाफिज यासीन उस्मानी ने दिया मानवता की सेवा का संदेश

# बदायूं में दिखी गंगा-जमुनी तहजीब, हिंदू-मुस्लिमों ने मिलकर बांटे फल और तोहफे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** पैगंबर हजरत मुहम्मद (सल्ल.) के यौम-ए-पैदाइश 12 रबीउल अव्वल के मुबारक मौके पर बदायूं में गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे की मिसाल देखने को मिली। इस अवसर पर इस्लामिक इंटेलेक्चुअल बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. हाफिज यासीन उस्मानी ने हर वर्ष की तरह इस बार भी मानवता की सेवा का संदेश देते हुए अस्पतालों में भर्ती मरीजों को फल और तोहफे वितरित किए।





जिला अस्पताल में सफल वितरण करते दोनों समुदाय के लोग। -जागरण मोर्चा

इस सेवा कार्य की खास बात यह रही कि इसमें विभिन्न धर्मों और राजनीतिक विचारधाराओं से जुड़े लोग एक साथ नजर आए। भाजपा की पूर्व चेयरमैन दीपमाला गोयल और समाजसेवी अमन मयंक शर्मा ने डॉ. यासीन उस्मानी के साथ अस्पताल पहुंचकर मरीजों का हालचाल जाना और उन्हें फल व उपहार वितरित किए। इस दौरान सभी ने मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

अस्पताल परिसर में अलग-अलग समुदायों और विचारधाराओं से जुड़े लोगों को एक साथ जरूरतमंद मरीजों की सेवा करते देख लोगों ने इसे आपसी सौहार्द और भाईचारे की मिसाल बताया। सेवा कार्य के दौरान वक्ताओं ने कहा कि इंसानियत से बढ़कर कोई धर्म नहीं है और समाज में प्रेम, शांति तथा सद्भाव बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। डॉ. यासीन उस्मानी ने कहा कि पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब की शिक्षाओं में जरूरतमंदों की मदद, असहायों के प्रति रहम और मानवता की सेवा को विशेष महत्व दिया गया है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए मरीजों के बीच पहुंचकर उनकी सेवा करने का प्रयास किया गया है।

इस मौके पर हिंदू-मुस्लिम एकता की तस्वीर ने शहर में आपसी सद्भाव का संदेश दिया। लोगों ने कहा कि बदायूं की गंगा-जमुनी तहजीब सदियों से सामाजिक एकता की पहचान रही है। अस्पतालों में आयोजित यह सेवा कार्य इसी परंपरा को मजबूत करने वाला कदम है। पहल की शहरवासियों ने सराहना करते हुए इसे समाज में शांति, प्रेम और भाईचारे का सकारात्मक संदेश देने वाला बताया।

# रुद्राभिषेक से होती है अंतःकरण की शुद्धि : संजीव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** गायत्री शक्तिपीठ एवं आध्यात्मिक चेतना केंद्र पर सावन के चौथे सोमवार को श्रद्धा और भक्ति के माहौल में रुद्राभिषेक किया गया। आत्मीय परिजनों और शिवभक्तों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का दुग्धाभिषेक किया। बिल्वपत्र, पुष्प, भांग और धतूरा अर्पित कर मेवा-मिष्ठान का भोग लगाया गया। भगवान शिव का आकर्षक श्रृंगार कर भव्य आरती की गई। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय हो उठा।



गायत्री शक्तिपीठ पर रुद्राभिषेक करते गायत्री परिजन व शिवभक्त, वेदमंत्रोच्चारण करते लेखराज, नरेन्द्र पाल शर्मा, सुखपाल शर्मा, संजीव कुमार शर्मा। -जागरण मोर्चा

गायत्री शक्तिपीठ के परिव्राजक लेखराज जायसवाल ने कहा कि रुद्राभिषेक मनुष्य के भीतर कल्याणकारी चेतना जगाने वाला आध्यात्मिक विधान है। यजुर्वेद के श्रीरुद्रम में रुद्र की स्तुति के माध्यम से शांति, आरोग्य और लोककल्याण की भावना व्यक्त की गई है। रुद्राभिषेक इसी वैदिक भावना को जीवन में उतारने का माध्यम है।

विद्वान वेदाचार्य नरेंद्रपाल शर्मा ने कहा कि शिव आराधना मनुष्य को तप, संयम, त्याग, करुणा और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। वरिष्ठ ट्रस्टी सुखपाल शर्मा ने कहा कि रुद्राभिषेक मन को एकाग्र करने के साथ अंतःकरण के परिष्कार की साधना है। वेदाचार्य नत्थू लाल शर्मा ने कहा कि शिवलिंग पर जल अर्पित करने में जीवन को शीतल, सरल और संयमित बनाने का संदेश निहित है। बिल्वपत्र श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक है।

यज्ञवीर की उपाधि से विभूषित संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि रुद्राभिषेक और शिव उपासना मनुष्य को त्याग, तप, करुणा और लोकमंगल का मार्ग दिखाती है। शिवलिंग पर निरंतर गिरती जलधारा यह संदेश देती है कि परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों, मनुष्य को अपने भीतर शीतलता, धैर्य और करुणा बनाए रखनी चाहिए। पूजा का उद्देश्य तभी सार्थक होता है, जब उसका प्रभाव मंदिर तक सीमित न रहकर मनुष्य के आचरण में भी दिखाई दे।

मुख्य यजमान के रूप में डीपी सिंह-श्रीमती शिवंवदा सिंह, गोपाल किशोर-नीरु देवी तथा अनूप गुप्ता-नीरु गुप्ता रहे। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से भगवान शिव का पूजन-अर्चन कर परिवार की सुख-शांति, समाज में सद्भाव और विश्व कल्याण की कामना की। इस दौरान ब्रजकिशोर तिवारी, मदनलाल, सावित्री, सीमा गुप्ता, नीलम आदि मौजूद रहीं।

# समरेर, उसावा और सराय में डॉ. शैलेश पाठक ने लगाया भंडारा

## शिवभक्तों को अपने हाथों से परोसा प्रसाद, सावन के अंतिम सोमवार पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

जागरण मोर्चा कार्यालय

**दातागंज।** सावन के अंतिम सोमवार पर दातागंज क्षेत्र पूरी तरह शिवभक्ति में डूबा नजर आया। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से शिवालय गूंजते रहे। इसी क्रम में भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक की ओर से समरेर, उसावा और सराय क्षेत्र में शिवभक्तों एवं कांवड़ यात्रियों के लिए भंडारों का आयोजन किया गया। सुबह से ही भंडारा स्थलों पर श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में शिवभक्त प्रसाद ग्रहण करने के लिए पहुंच गए।

सराय स्थित पंचेतेश्वर स्वयंभू शिवालय में आयोजित भंडारे में डॉ. शैलेश पाठक स्वयं सेवा करते नजर आए। उन्होंने शिवभक्तों को अपने हाथों से प्रसाद परोसा और उनकी कुशलक्षेम पूछी। कांवड़ लेकर पहुंचे श्रद्धालुओं ने मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक और पूजा-अर्चना करने के बाद भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में दिनभर भक्तों की भीड़ बनी रही। श्रद्धालुओं की सेवा में कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग किया।



भंडारे में प्रसाद वितरण करते भाजपा नेता डॉ शैलेश पाठक, पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप व अन्य। -जागरण मोर्चा

**भाजपा नेताओं ने किया शिवभक्तों का स्वागत :** भंडारे में भाजपा के पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप समेत कई भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। ब्लॉक प्रमुख पति धीरज सक्सेना के साथ अन्य भाजपा नेताओं ने कांवड़ यात्रियों और शिवभक्तों का स्वागत किया तथा उन्हें प्रसाद ग्रहण कराया। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए कार्यकर्ताओं ने कतारबद्ध तरीके से प्रसाद वितरण की व्यवस्था संभाली। पेयजल समेत अन्य जरूरी व्यवस्थाएं भी की गईं। समरेर और उसावा में लगाए गए भंडारों में भी सुबह से शाम तक शिवभक्तों की आवाजाही बनी रही। कांवड़ यात्रियों को रोककर भोजन एवं प्रसाद ग्रहण कराया गया। स्थानीय लोगों ने भी सेवा कार्य में सहयोग किया। कई श्रद्धालुओं ने भंडारे की व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि लंबी कांवड़ यात्रा के बाद इस तरह के सेवा शिविर यात्रियों को राहत देने का काम करते हैं।


अपार भीड़ के साथ भाजपा नेता डॉक्टर शैलेश पाठक ने किया पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप का स्वागत। -जागरण मोर्चा

**'शिवभक्तों की सेवा करना पुण्य का कार्य' :** भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक ने कहा कि सावन का महीना भगवान शिव की आराधना के साथ सेवा और समर्पण का भी पर्व है। कांवड़िये दूर-दराज क्षेत्रों से पैदल यात्रा कर भगवान शिव का जलाभिषेक करने आते हैं। ऐसे में उनकी सेवा करना प्रत्येक व्यक्ति के लिए सौभाग्य और पुण्य का अवसर है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज में सेवा, सहयोग और आपसी भाईचारे की भावना मजबूत होती है।

**क्षेत्रवासियों ने जताया आभार :** भंडारे में पहुंचे क्षेत्रीय लोगों और शिवभक्तों ने डॉ. शैलेश पाठक का आभार जताया। लोगों ने कहा कि क्षेत्र में धार्मिक आयोजनों और सेवा कार्यों में उनकी सक्रिय भागीदारी बनी रहती है। लोगों ने उन्हें क्षेत्र का नेता बताते हुए कहा कि शिवभक्तों की सुविधा के लिए लगातार भंडारा लगाकर सेवा करना सराहनीय पहल है। सावन के अंतिम सोमवार पर क्षेत्र के अन्य शिवालयों में भी सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ रही। कांवड़ यात्रियों ने कछला गंगा घाट से लाए गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। जगह-जगह भंडारे और सेवा शिविर लगाए जाने से पूरा क्षेत्र भक्तिमय नजर आया। दिनभर मंदिरों और भंडारा स्थलों पर श्रद्धा, सेवा और भक्ति का संगम दिखाई देता रहा।

# कांवड़िए की मौत से मचा कोहराम, दिल्ली ले जाते समय रास्ते में तोड़ा दम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल कांवड़िए की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन उसे बेहतर उपचार के लिए दिल्ली ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव जखुपुरा निवासी पवन अपने साथी छत्रपाल और आकाश के साथ शाहजहांपुर जिले के पटना देवकली मंदिर में जलाभिषेक करने गया था। इसके बाद तीनों बरेली जिले के आंवला थाना क्षेत्र स्थित मनौना धाम में दर्शन करने पहुंचे। 17 अगस्त को मनौना धाम से लौटते समय भूड़ खिरौरा गांव के पास एक कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में तीनों कांवड़िए गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। पवन की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे बरेली रेफर कर दिया। उपचार के बावजूद उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद परिजन उसे दिल्ली लेकर जा रहे थे, तभी रास्ते में पवन की मौत हो गई। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस हादसे के बाद फरार कार चालक की तलाश में जुटी है।

# डीएम के आदेश के बाद भी नहीं रुका कथित अवैध निर्माण, पीड़ित ने की कार्रवाई की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिलाधिकारी के आदेश के बावजूद भूमि पर कथित अवैध कब्जे और निर्माण कार्य नहीं रुकने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने दोबारा जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर तहसील और पुलिस प्रशासन पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि दबंगई के बल पर उसकी भूमि पर लगातार निर्माण कराया जा रहा है और विरोध करने पर परिवार को जानमाल की धमकी दी जा रही है।

प्रार्थना पत्र के अनुसार, पीड़ित की गाटा संख्या 1687, रकबा 0.153 हेक्टेयर, ग्राम मिर्जापुर बेहटा में भूमि स्थित है। आरोप है कि प्रदीप कुमार पुत्र राजकुमार, सुधीर कुमार और संजीव कुमार पुत्रगण किशोर कुमार निवासी फैजगंज बेहटा तथा उनके परिवार के लोग कई दिनों से भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य करा रहे हैं।


जेसीबी से नींव खोदकर कब्जा करते भूमाफिया। -जागरण मोर्चा

पीड़ित के मुताबिक उसने 18 अगस्त को जिलाधिकारी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर मामले की शिकायत की थी। आरोप है कि जिलाधिकारी ने मामले का संज्ञान लेते हुए उपजिलाधिकारी बिसौली को भूमि पर हो रहे निर्माण को तत्काल रोकने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद तहसील प्रशासन और थाना फैजगंज बेहटा पुलिस द्वारा निर्माण कार्य नहीं रुकवाया गया।

पीड़ित का आरोप है कि कार्रवाई नहीं होने से कथित कब्जाधारियों के हौसले बढ़ गए हैं और वे लगातार निर्माण कार्य करा रहे हैं। साथ ही पीड़ित और उसके परिवार को धमकियां दी जा रही हैं। इससे परिवार में भय का माहौल है और किसी अप्रिय घटना की आशंका बनी हुई है।

पीड़ित ने जिलाधिकारी से मामले में तत्काल हस्तक्षेप करते हुए संबंधित अधिकारियों को लिखित आदेश जारी कर कथित अवैध कब्जे और निर्माण कार्य को रुकवाने तथा मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई कराने की मांग की है। शिकायत 20 अगस्त को जिलाधिकारी को दी गई।

# जनसुनवाई में उमड़ी फरियादियों की भीड़, एसडीएम ने दिए समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** सोमवार को उप जिलाधिकारी प्रियंका गोयल ने तहसील स्थित अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने शिकायतकर्ताओं की बात गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।

एसडीएम ने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। पीड़ितों को अपनी समस्या के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से बार-बार अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध तरीके से प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।


जनसुनवाई करती बिसौली एसडीएम प्रियंका गोयल। -जागरण मोर्चा

उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुनवाई में मिलने वाली शिकायतों को केवल मातहत कर्मचारियों के भरोसे न छोड़ा जाए। अधिकारी स्वयं व्यक्तिगत रुचि लेकर शिकायतों का परीक्षण करें और उनका प्रभावी समाधान कराएं। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता को राहत तभी मिलेगी, जब समस्या का निस्तारण मौके की वास्तविक स्थिति को समझकर किया जाएगा।

एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों से शिकायतों की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए। जनसुनवाई के दौरान फरियादियों ने राजस्व, भूमि विवाद सहित विभिन्न समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र सौंपे। इस दौरान नायब तहसीलदार मो. हारिस सहित तहसील के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# तीज महोत्सव में राधा-कृष्ण भक्ति से सराबोर हुआ माहौल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** नगर के इनरव्हील क्लब की ओर से रोटरी दिनेश मधु आई हॉस्पिटल में तीज महोत्सव धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में क्लब की सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान मेहंदी एवं राखी बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीकृष्ण को विधिवत 56 भोग अर्पित किया गया। क्लब की कई सदस्यों ने आकर्षक गोपी वेशभूषा धारण की, जो आयोजन का विशेष आकर्षण रही। बरसाने से आए कृष्ण-राधा भक्ति कलाकारों ने मनमोहक भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भजनों के बीच झूला उत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें सदस्यों ने राधा-कृष्ण के साथ झूला झूलने और नृत्य का आनंद लिया।



तीज महोत्सव में मौजूद महिलाएं। -जागरण मोर्चा

मेहंदी एवं राखी प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय हर्रायपुर, कस्तूरबा विद्यालय बिसौली तथा प्राथमिक विद्यालय बिसौली के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। राखी प्रतियोगिता में सलोनी ने प्रथम और शिवानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं मेहंदी प्रतियोगिता में संध्या प्रथम, अंशी द्वितीय और महक तृतीय स्थान पर रहीं।

कार्यक्रम के समापन पर क्लब अध्यक्ष भारती अग्रवाल ने सुंदर भजनों एवं भक्तिमय प्रस्तुतियों के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन डॉ. अर्चना वार्ष्णेय ने किया। इस मौके पर सचिव डॉ. सुविधा माहेश्वरी, ममता अग्रवाल, संयोगिता, लता अग्रवाल, रितु अग्रवाल, अनुपम शर्मा, सुरभि शर्मा, मधु गुप्ता, अनुपम गुप्ता, नमिता अग्रवाल, सोनिया अग्रवाल, नीरू, प्रतिभा अग्रवाल, दिव्या सहित क्लब की सदस्याएं मौजूद रहीं।

**दवाब** मुजरिया थाना क्षेत्र के दंपती ने एक व्यक्ति पर गरीब परिवारों को लालच देकर धर्मांतरण के लिए प्रेरित करने का लगाया आरोप

# धर्मांतरण के लिए लालच देने का आरोप, महिला ने चर्च जाने से किया इनकार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** मुजरिया थाना क्षेत्र के एक दंपती ने एक व्यक्ति पर गरीब परिवारों को कथित तौर पर लालच देकर धर्मांतरण के लिए प्रेरित करने का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि उसे भी आर्थिक मदद का लालच देकर चर्च ले जाया गया। वहां हिंदू देवी-देवताओं के प्रति कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई, जिसका विरोध करने के बाद उसने चर्च जाना बंद कर दिया। अब आरोपित उस पर दोबारा चर्च जाने का दबाव बना रहा है। पीड़ित परिवार ने सनातन धर्म में वापस आने की इच्छा जताई है।

मुजरिया थाना क्षेत्र निवासी विनोद और उनकी पत्नी सबिता का आरोप है कि करीब चार वर्ष पहले उनकी मुलाकात नीरज भारती से हुई थी। दंपती के मुताबिक, नीरज ने उनकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए ईसाई धर्म अपनाने पर आर्थिक मदद दिलाने की बात कही। इसके बाद सबिता कुछ समय तक चर्च गईं। महिला का आरोप है कि वहां हिंदू देवी-देवताओं के बारे में कथित तौर पर अपमानजनक बातें कही जाती थीं। इस पर आपत्ति जताते हुए उन्होंने चर्च जाना बंद कर दिया।


जानकारी देते पीड़ित। -जागरण मोर्चा

सबिता का आरोप है कि इसके बाद भी नीरज भारती उन पर चर्च जाने के लिए दबाव बना रहा है। महिला ने कहा कि वह और उसका परिवार अपनी धार्मिक आस्था के अनुसार सनातन धर्म में वापस रहना चाहते हैं। मामले को लेकर पीड़िता ने प्रशासन से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

दंपती ने यह भी आरोप लगाया कि नीरज भारती स्वयं को सहसवान स्थित मैथोडिस्ट चर्च से जुड़ा बताता है। उनका दावा है कि उसने 'भाईचारा मंच' नाम से एक संगठन भी बना रखा है, जिसकी आड़ में कथित तौर पर धर्म परिवर्तन के लिए लोगों को प्रेरित किया जाता है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। पीड़ित महिला ने प्रशासन से पूरे मामले की जांच कराने और यदि आरोप सही पाए जाएं तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अब पुलिस और प्रशासन की जांच के बाद ही आरोपों की वास्तविकता स्पष्ट हो सकेगी।

# कमरे में फंदे पर लटका मिला 19 वर्षीय युवक का शव, परिजनों में मचा कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कुछ दिन से मानसिक रूप से परेशान था युवक**

**बदायूं।** मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव सैंजनी में शनिवार को एक 19 वर्षीय युवक ने घर के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव सैंजनी निवासी मोहित (19) पुत्र श्याम सिंह पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान बताया जा रहा था। परिजनों के मुताबिक शनिवार को परिवार के लोग अपने-अपने काम में व्यस्त थे। इसी दौरान मोहित कमरे में चला गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक कमरा नहीं खुला तो परिजनों को शक हुआ। उन्होंने किसी तरह दरवाजा तोड़ा और अंदर पहुंचे। वहां मोहित का शव फंदे पर लटका देखकर परिवार में चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि घटना के हर पहलू की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप समाचार

### एक किलो अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, स्विफ्ट कार बरामद

**बदायूं।** वजीरगंज थाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब एक किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार भी कब्जे में ली है। पुलिस के अनुसार 22 अगस्त को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति स्विफ्ट डिजायर कार से अफीम लेकर करैंगी रोड से ग्राम अल्लुआ की ओर जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने बगरैन-करेंगी मेन रोड से ग्राम अल्लुआ जाने वाले मार्ग पर चेकिंग शुरू कर दी। कुछ देर बाद संदिग्ध कार दिखाई दी। पुलिस को देखकर चालक ने वाहन पीछे ले जाने का प्रयास किया, लेकिन घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया गया। तलाशी में करीब एक किलोग्राम अफीम बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संजीव पुत्र धनपाल निवासी फतेहनगला और रोहित पुत्र रामपाल निवासी मोहल्ला गोपालपुर, वजीरगंज के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

### सहसवान में भू-माफियाओं पर कार्रवाई की मांग, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सहसवान।** क्षेत्र में सरकारी, धार्मिक और सार्वजनिक भूमि पर कथित अवैध कब्जों को लेकर हिंदू शक्ति दल ने कार्रवाई की मांग उठाई है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिमरन गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में भू-माफियाओं के खिलाफ जांच कर कार्रवाई करने की मांग की गई। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि सरसोता और दण्ड झील की करीब 500 बीघा भूमि पर लंबे समय से अवैध कब्जे हैं। संगठन ने प्रशासन से राजस्व अभिलेखों के आधार पर भूमि का सत्यापन कराने और यदि कब्जे अवैध पाए जाएं तो उन्हें हटाने की मांग की। इसके अलावा मोहल्ला गोपालगंज स्थित बिहारी जी महाराज मंदिर की भूमि पर कथित कब्जे के बाद प्लाटिंग किए जाने का आरोप भी लगाया गया। संगठन ने संबंधित भूमि की पैमाइश कराने के साथ राजस्व अभिलेखों की जांच की मांग की। आरोप सही पाए जाने पर कब्जाधारियों और अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में क्षेत्र में बिना अनुमति निर्मित बताए जा रहे कुछ मस्जिदों और मदरसों की भी जांच कराने की मांग की गई। संगठन ने कहा कि सभी धार्मिक स्थलों और निर्माणों की भूमि, अभिलेख तथा निर्माण की वैधता की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। नियमों का उल्लंघन मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। हिंदू शक्ति दल ने सरकारी और धार्मिक संपत्तियों का चिन्हांकन कर अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान चलाने की मांग की। संगठन का कहना है कि सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा प्रशासन की जिम्मेदारी है। ज्ञापन के बाद अब प्रशासन की जांच और कार्रवाई पर लोगों की नजर है।

### नाई की दुकान से 15 ग्राम सोने की चेन गायब, युवक ने लगाया चोरी का आरोप

**बदायूं।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के सुंदर नगर निवासी युवक ने नाई की दुकान से सोने की चेन गायब होने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पीड़ित ने नाई पर चेन चोरी करने का शक जताते हुए कार्रवाई की मांग की है। सुंदर नगर निवासी संदीप राजपूत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह सोमवार सुबह करीब 11 बजे अंकित नाई की दुकान पर बाल कटवाने गया था। बाल कटवाने के बाद वह घर लौट रहा था। रास्ते में उसने गले में पहनी सोने की चेन गायब देखी। संदीप के मुताबिक चेन का वजन करीब 15 ग्राम था और उसमें पांच ग्राम वजन का ॐ लिखा पेंडेंट भी लगा हुआ था। चेन गायब होने का पता चलते ही संदीप वापस नाई की दुकान पर पहुंचा और अंकित से चेन के बारे में जानकारी लेते हुए उसे लौटाने को कहा। आरोप है कि नाई ने चेन होने से इनकार कर दिया। इसके बाद पीड़ित ने सिविल लाइंस थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और मामले में कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस दुकान और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही घटना से जुड़े लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही चेन गायब होने की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### सोदेमयी में भारतीय बौद्ध महासभा की ग्राम शाखा गठित

**बदायूं।** म्याऊं ब्लॉक के ग्राम सोदेमयी में रविवार को दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया (भारतीय बौद्ध महासभा) शाखा बदायूं की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बेदराम की दुकान के पास झोपड़ी में हुई बैठक में संगठन की ग्राम शाखा के गठन की प्रक्रिया शुरू की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ तथागत बुद्ध, बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर एवं देवानामप्रिय सम्राट अशोक के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद त्रिशरण एवं पंचशील का पाठ हुआ। बैठक में मंडल अध्यक्ष इंजीनियर राधेश्याम बौद्ध, जिलाध्यक्ष ब्रह्मानंद बौद्ध, परीक्षा प्रभारी रामसरन लाल, उपाध्यक्ष महेश चंद्र शास्त्री, कोषाध्यक्ष राजीव कुमार समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। ग्राम शाखा के गठन के दौरान सर्वसम्मति से श्रद्धेय अमर सिंह को ग्राम अध्यक्ष, रविंद्र पाल सिंह को महामंत्री तथा सत्यवीर सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया। पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह के भीतर ग्राम शाखा की शेष कार्यकारिणी का गठन कर जिला शाखा बदायूं को इसकी जानकारी उपलब्ध कराएं। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ब्रह्मानंद बौद्ध ने की, जबकि संचालन चिरंजी लाल एडवोकेट ने किया। इस दौरान प्रेमपाल, गंगा सिंह आजाद, ओमकार, राजेश्वर सिंह, रामबाबू, अबनीश, तेजपाल, रविंद्र पाल, गिरीश पाल, वेदराम, सत्यवीर, सोनपाल समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। अंत में 'सब्बे सत्ता' के साथ बैठक का समापन किया गया।

### खेत की मेढ़ काटने के विरोध पर युवक से मारपीट, घर में घुसकर मां-बेटे पर हमला करने का आरोप

**उसावां (बदायूं)।** उसावां कस्बे के वार्ड नंबर दो निवासी एक विधवा अनुसूचित जाति महिला ने कुछ लोगों पर खेत की मेढ़ काटकर कब्जे का प्रयास करने, विरोध करने पर उसके बेटे से मारपीट करने और उसी दिन रात में घर में घुसकर मां-बेटे पर हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले में पुलिस पर शिकायत के बावजूद मुकदमा दर्ज नहीं करने और आरोपियों के दबाव में समझौते का दबाव बनाने का भी आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार, उसका खेत वार्ड नंबर एक निवासी आर्येंद्र गुप्ता और उसके परिवार के खेतों से लगा हुआ है। आरोप है कि आरोपी आए दिन खेत की मेढ़ तोड़कर जमीन को अपने खेत में मिलाने का प्रयास करते हैं और खेत बेचने का दबाव बनाते हैं। 26 जुलाई की सुबह करीब आठ बजे उसका बेटा अरविंद कुमार खेत की ओर गया था। वहां उसने आरोपियों को फावड़े से खेत की मेढ़ काटते देखा। अरविंद ने उन्हें रोकने के साथ मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू कर दिया। आरोप है कि इससे नाराज होकर आरोपियों ने उसे पकड़कर जमीन पर गिरा दिया और लात-घूंसों से मारपीट की। उसका मोबाइल भी छीन लिया गया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने उसी दिन रात करीब आठ बजे लाठी-डंडे और तमंचा लेकर उसके घर पहुंचकर गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपी घर में घुस गए और अरविंद को पकड़कर मारपीट करने लगे। बेटे को बचाने पहुंची महिला का हाथ मरोड़ दिया गया और एक आरोपी ने तमंचा उसकी कनपटी पर रखकर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद एक अन्य आरोपी द्वारा चाकू से वार करने का आरोप है। चाकू अरविंद के हाथ में लगा, जिससे वह घायल हो गया। शोर सुनकर पहुंचे अजीत प्रताप सिंह, प्रेमपाल समेत अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर मां-बेटे को बचाया। पीड़िता के मुताबिक, वह घायल बेटे को लेकर थाने पहुंची, लेकिन पुलिस ने अगले दिन आने को कहा। आरोप है कि अगले दिन आरोपी कुछ नेताओं के साथ थाने में मौजूद थे और समझौते का दबाव बनाया। समझौते से इनकार करने पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई और मेडिकल भी नहीं कराया गया। बाद में दोनों ने निजी स्तर पर उपचार कराया। पीड़िता ने 19 अगस्त को अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने, गिरफ्तारी कराने और बेटे का मोबाइल बरामद कराने की मांग की है। पुलिस की ओर से मामले में कार्रवाई की स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorcha.com





लखनऊ, मंगलवार, 25 अगस्त 2026

# राष्ट्रगान के अपमान पर कांग्रेसियों में उबाल

## सतीश महाना के खिलाफ एफआईआर के लिए घेरा थाना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना पर राष्ट्रगान के दौरान कार्यक्रम स्थल से चले जाने के आरोप को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता और महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान के संयुक्त नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने थाना सदर बाजार का घेराव किया।

कार्यकर्ताओं ने मामले की जांच कर एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार को तहरीर सौंपी। इससे पहले टाउनहाल स्थित कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में हुई बैठक में जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी द्वारा वंदे मातरम के अपमान किए जाने का भाजपा की ओर से झूठा प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के लिए कुर्सी लाने का इशारा किया था। उन्होंने कहा कि अब भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष जैसे संवैधानिक पद पर बैठे सतीश महाना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें राष्ट्रगान के दौरान उनके कार्यक्रम स्थल से चले जाने की बात कही जा रही है। कांग्रेस ने सवाल उठाया कि क्या भाजपा अपने नेता से भी माफी की मांग करेगी। महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान ने कहा कि राष्ट्रगान पूरे देश के सम्मान और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने आरोप लगाया कि सतीश महाना के मामले ने भाजपा नेताओं के राष्ट्र और संविधान के प्रति रवैये पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कांग्रेस की ओर से प्रभारी निरीक्षक को दी गई तहरीर में कहा गया कि उन्नाव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सतीश महाना से संबंधित वीडियो सामने आया है। इसमें राष्ट्रगान के दौरान उनके मंच से नीचे उतरकर कार्यक्रम स्थल से जाने का दृश्य दिखाई दे रहा है। कांग्रेस ने वायरल वीडियो के साथ कार्यक्रम स्थल के सीसीटीवी और अन्य वीडियो फुटेज की जांच कराने, आयोजकों, प्रत्यक्षदर्शियों और संबंधित अधिकारियों के बयान दर्ज करने की मांग की। तहरीर में कहा गया कि राष्ट्रगान के दौरान वास्तव में क्या घटनाक्रम हुआ, इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए। जांच में कानून का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाए। कांग्रेस ने कहा कि राष्ट्रगान किसी राजनीतिक दल की संपत्ति नहीं, बल्कि पूरे देश के सम्मान और गौरव का प्रतीक है।

इस दौरान पूर्व महानगर अध्यक्ष तस्नीम अली खान, पीसीसी सदस्य कृष्ण विनोद मिश्रा, गायत्री प्रकाश अवस्थी, फैजान अली खान, अनूप वर्मा, फरीद अली खान, फुरकान अहमद कुरैशी, गौरव त्रिपाठी, प्रोफेसर जाने आलम, रफी उल हसन, सईद अंसारी, परवेज अहमद, इकबाल अंसारी, लक्ष्मीकांत मिश्रा, संजय सक्सेना, महेंद्र त्रिपाठी, इकरार अहमद, नूरे सहर बी, आशा शुक्ला, यूसुफ अली खान और सुनील गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।




सदर थाने का घेराव करते कांग्रेस के कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा



विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ तहरीर देते कांग्रेसी। -जागरण मोर्चा

# शतरंज की बिसात पर दिखा खिलाड़ियों का हुनर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** जिला शतरंज खेल संघ के तत्वावधान में आयोजित स्वर्गीय प्रमोद कुमार शुक्ला मेमोरियल ओपन शतरंज प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के 79 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। स्विस लीग सिस्टम के तहत छह राउंड खेले गए, जिसके आधार पर खिलाड़ियों की रैंकिंग तय की गई। समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिला ओलंपिक संघ के सचिव नरेंद्र त्यागी और जिला कबड्डी संघ के सचिव राहुल तोमर ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए। नरेंद्र त्यागी ने कहा कि शतरंज विद्यार्थियों की मानसिक क्षमता, एकाग्रता और तार्किक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यार्थियों को खाली समय में शतरंज खेलने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि शतरंज ऐसा खेल है, जिसके लिए किसी विशेष बाहरी संसाधन की आवश्यकता नहीं होती। आयोजन सचिव अभिषेक शुक्ला ने बताया कि अपने पिता स्वर्गीय प्रमोद कुमार शुक्ला की स्मृति में वह प्रत्येक वर्ष यह प्रतियोगिता आयोजित करते हैं। इसका उद्देश्य शतरंज को बढ़ावा देने के साथ प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। जिला शतरंज खेल संघ के सचिव विपिन अग्निहोत्री ने बताया कि छह राउंड के प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों की रैंकिंग तय की गई। प्रतियोगिता के आर्बिटर विश्वजीत विक्रम के अनुसार मुख्य वर्ग में अंकित सेन ने प्रथम, अविनाश कुमार ने द्वितीय और मोहम्मद जैद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रूबल सक्सेना चौथे, क्रांति गुप्ता पांचवें, सईद बेग छठे, पुष्कर सक्सेना सातवें, तरुश यादव आठवें, मेदांश नौवें और निमिष वर्मा दसवें स्थान पर रहे। अंडर-11 वर्ग में ऋषभ सक्सेना प्रथम और निवान मिश्रा द्वितीय, अंडर-15 में मेदांश गुप्ता प्रथम और यश यादव द्वितीय तथा अंडर-19 वर्ग में हार्दिक सक्सेना प्रथम और आदित्य गुप्ता द्वितीय रहे। यंगेस्ट बॉय का पुरस्कार इजयान मोहम्मद और यंगेस्ट गर्ल का पुरस्कार परनिका सिंह बिष्ट को दिया गया। बेस्ट महिला वर्ग में नीलम गुप्ता प्रथम और अदिति द्वितीय रहीं। विजेता खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ियों को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला ओलंपिक संघ के सचिव डॉ. विनय गुप्ता और जिला रोलर स्केटिंग संघ के सचिव प्रमोद पांडे ने खिलाड़ियों को बधाई दी। इस दौरान विशाल शुक्ला, अनुकूल वर्मा, संजीव किशोर सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा।



पुरस्कार वितरण के दौरान प्रतिभागी। -जागरण मोर्चा

# पति को फोन पर बताकर समाप्त कर ली जीवन लीला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** चौक कोतवाली क्षेत्र के हयातपुरा मोहल्ला निवासी शिक्षिका नैना आनंद की रविवार को जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। वह दून इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षिका थीं। जहरीला पदार्थ खाने के बाद उन्होंने पति मोहित आनंद को फोन कर इसकी जानकारी दी थी। उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार नैना रविवार दोपहर किसी काम से स्कूटी से निकली थीं। कच्चा कटरा मोड़ के पास एक प्रतिष्ठान के निकट वह स्कूटी के पास ही बेहोश होकर गिर पड़ीं। सूचना पर उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। घटना की जानकारी मिलने पर प्रभारी निरीक्षक प्रदीप राय भी मौके पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप राय के अनुसार नैना ने स्वयं फोन कर पति को बताया था कि उन्होंने कुछ खा लिया है। मायके वालों को भी घटना की जानकारी दी गई। मायके वालों ने पुलिस को बताया कि शनिवार को शिव बरात के चलते नैना मायके गई थीं। उस समय उन्होंने किसी तरह के तनाव की बात नहीं बताई थी। नैना ने करीब 14 वर्ष पहले मोहित से प्रेम विवाह किया था। उनकी दो बेटियां हैं। पुलिस को स्कूटी से जहरीले पदार्थ का एक पैकेट भी मिला है, जो खुला नहीं था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



शिक्षिका नैना आनंद का फाइल फोटो।

# विश्व हिंदू रक्षा परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर राधारमण का भव्य स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**तिलहर-शाहजहांपुर।** विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने नगर पालिका परिषद में हैट्रिक बनाने बाले तेज तर्रार सभासद राधारमण मिश्र को परिषद का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। उन्होंने लखनऊ स्थित कार्यालय पर श्री मिश्रा को मनोनयन पत्र सौंपा। लखनऊ से नगर आगमन पर प्रदेश उपाध्यक्ष का का भक्सी तिराहे पर समर्थकों ने फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया।

नगर के मोहल्ला घेर चौबा निवासी पालिका सभासद राधा रमण मिश्रा के सनातन धर्म और समाज सेवा में सराहनीय योगदान को देखते हुए 23 अगस्त को सुबह लखनऊ स्थित परिषद कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा और विश्व हिंदू रक्षा परिषद के क्रिया कलापों को प्रदेश में आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी दी।

लखनऊ से रविवार अपरान्ह साढ़े तीन बजे नगर आगमन होने पर भक्सी तिराहे पर समर्थकों की भारी भीड़ ने राधारमण मिश्रा का फूल मालाएं पहनाकर नारेबाजी करते हुए जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर समर्थकों की भारी भीड़ नजर आई। उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर श्री परशुराम सेवा समिति के अध्यक्ष राकेश शर्मा सचिव अनुराग मिश्रा कोषाध्यक्ष अयोध्या प्रसाद डॉ सत्येंद्र प्रकाश शर्मा संत कुमार शर्माआदित्य शर्मा आशीष शर्मा अनुज मिश्रा डॉक्टर प्रमोद मिश्रा आदि ने उन्हें बधाई दी है।



विश्व हिंदू रक्षा परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर राधारमण मिश्रा।

# बाइक की आमने-सामने टक्कर में महिला की मौत, अधिवक्ता पति गंभीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर/तिलहर।** गोला में जल चढ़ाने जा रहे दंपती की बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके पति गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद दूसरी बाइक सवार मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। नगर के मोहल्ला उम्मरपुर निवासी अधिवक्ता पवनकांत शर्मा रविवार को अपनी पत्नी मिथिलेश शर्मा के साथ गोला में जल चढ़ाने जा रहे थे। रास्ते में उनकी बाइक की सामने से आ रही दूसरी बाइक से आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मिथिलेश शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पवनकांत शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने घायल अधिवक्ता को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। उधर, टक्कर के बाद दूसरी बाइक सवार युवक मौके से फरार हो गया। हादसे की जानकारी तिलहर पहुंचते ही परिवार और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जानकारी जुटाई। पुलिस फरार बाइक सवार की तलाश कर रही है। साथ ही हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।



दुर्घटना में घायल पवनकांत शर्मा, पत्नी मिथिलेश शर्मा (मृतक)। -जागरण मोर्चा

**कार्रवाई** मिठाई कारखाने पर छापा, 600 किलो खराब मिठाई जब्त, खाद्य आयुक्त के निर्देश पर बड़ी कारवाई

# रक्षाबंधन पर जहरीली मिठाई खिलाने की तैयारी, छापेमारी में खुली पोल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** रक्षाबंधन पर्व से पहले मिलावटी और खराब खाद्य पदार्थों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। खाद्य आयुक्त विनीत कुमार के निर्देश पर सोमवार को टीम ने निगोही रोड स्थित गौंटिया मोड़ पर कादिर हसन सकलेनी ट्रेडर्स के मिठाई कारखाने में छापा मारा। जांच के दौरान करीब 600 किलो खराब और संदिग्ध मिठाई बरामद हुई। इसकी अनुमानित कीमत करीब 1.20 लाख रुपये बताई गई। टीम ने मौके पर गड्ढा खुदवाकर पूरी मिठाई नष्ट करा दी। छापेमारी के दौरान कारखाने में रसभरी, बर्फी, लौंज, पेड़ा, गुलाब जामुन और सोहन पापड़ी समेत विभिन्न मिठाइयां मिलीं। टीम ने इनके नमूने जांच के लिए लिए। मिठाई बनाने में इस्तेमाल होने वाले रिफाइंड पाम ऑयल का भी नमूना संग्रहित किया गया।

जांच के दौरान कारखाने में पांच टिन और 16 प्लास्टिक कंटेनरों में बड़ी मात्रा में खराब मिठाइयां रखी मिलीं। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने इन्हें मौके पर ही नष्ट कराया। अधिकारियों ने संचालक को भविष्य में खराब अथवा संदिग्ध खाद्य पदार्थों का भंडारण नहीं करने की कड़ी चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान मिठाई तैयार करने में इस्तेमाल किए जा रहे कई लोहे के बर्तन जंग लगे मिले। इस पर अधिकारियों ने नाराजगी जताते हुए ऐसे बर्तनों को तत्काल हटवाने के निर्देश दिए।

टीम ने मिठाई निर्माण में स्टेनलेस स्टील के बर्तनों का प्रयोग करने को कहा, ताकि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता बनी रहे। अभियान के तहत खुदागंज स्थित सत्यम स्वीट से मिल्क केक और पेड़ा के नमूने लिए गए। अजीजगंज क्षेत्र से दूध का नमूना भी संग्रहित किया गया। सभी नमूनों को जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट आने के बाद नमूनों में मिलावट या गुणवत्ता संबंधी कमी पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई की जाएगी।

रक्षाबंधन से पहले हुई इस कार्रवाई से मिठाई कारोबारियों में खलबली मची रही। विभाग ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।



निगोही रोड पर कारखाने में मौजूद खाद्य सुरक्षा टीम। -जागरण मोर्चा



खराब मिठाई नष्ट कर गड्ढे में दबाते मजदूर। -जागरण मोर्चा

## संक्षेप समाचार

### बैंकों की ऋण योजना की डीएम ने की समीक्षा




बिस्मिल सभागार में समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीसीसी/डीएलआरसी की बैठक हुई। इसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 की वार्षिक ऋण योजना की जून तिमाही की प्रगति और बैंकिंग सेवाओं की समीक्षा की गई। वार्षिक ऋण योजना के तहत जून तिमाही तक 29 .24 प्रतिशत यानी करीब 4,269 करोड़ रुपये की प्रगति पर डीएम ने संतोष जताया। बैठक में जिले के क्रेडिट-डिपॉजिट (सीडी) रेशियो की भी समीक्षा की गई। वर्तमान में जिले का सीडी रेशियो 87 .41 प्रतिशत है। डीएम ने बेहतर सीडी रेशियो पर संतोष व्यक्त करते हुए 60 प्रतिशत से कम सीडी रेशियो वाले बैंकों को सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने इंडियन बैंक, केनरा बैंक, यूनियन बैंक और उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक को सीडी रेशियो बढ़ाने के लिए प्रभावी कदम उठाने को कहा। डीएम ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना और एक जनपद एक उत्पाद योजना की प्रगति पर संतोष जताया। वहीं, एनआरएलएम और मुख्यमंत्री युवा अभियान के तहत अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराने और निर्धारित लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। वित्तीय समावेशन की समीक्षा के दौरान डीएम ने अधिक से अधिक एटीएम व रुपे कार्ड सक्रिय कराने तथा आधार सीडिंग का कार्य प्राथमिकता से पूरा कराने को कहा। बैंक रहित ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने के लिए बीसी सेंटर खोलने पर भी जोर दिया। बैठक में आरबीआई की लीड डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर नम्रता, डीडीएम नाबार्ड परवेश कुमार गंगवार, उप निदेशक कृषि पुरुषोत्तम मिश्रा, अग्रणी जिला प्रबंधक अरविंद कुमार गुप्ता, सहायक अग्रणी प्रबंधक रवि शर्मा समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और बैंकों के जिला समन्वयक मौजूद रहे।

### मैकू शाह मिया का सालाना उर्स संपन्न



तिलहर में मैकू शाह मियां के पुरुष में शामिल अकीदतमंद। -जागरण मोर्चा

**तिलहर।** हज़रत मैकू शाह मिया रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स मुबारक 23 अगस्त 2026 को सुबह कुरआन ख़्वानी के साथ शुरू हुआ। इसके बाद दोपहर में अकीदतमंदों की मौजूदगी में चादरपोशी की गई। शाम को लंगर का इंतज़ाम किया गया, जबकि रात में एक भव्य जलसे का आयोजन हुआ, जिसमें दूर-दराज़ से आए उलमा-ए-कराम ने शिरकत की। 24 अगस्त 2026 को सुबह 10 बजे कुल शरीफ की महफ़िल आयोजित की गई। इसमें मौजूद तमाम उलमा-ए-कराम ने अपने-अपने ख़िताब पेश किए। शायरों और नातख़्वानों ने नात-ए-मुस्तफ़ा पेश कर महफ़िल को पुरनूर कर दिया। बिलग्राम शरीफ से तशरीफ़ लाए सोहेल मियां वहीदी ने अपनी तकरीर में शिक्षा की अहमियत पर ज़ोर देते हुए कहा कि "आधी रोटी खाएंगे, बच्चों को पढ़ाएंगे।" उन्होंने लोगों से अपने बच्चों को हर हाल में शिक्षित करने और उन्हें आगे बढ़ाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में मुल्क व कौम की तरक्की, अमन-ओ-शांति और खुशहाली के लिए विशेष दुआ की गई। इस मौके पर हाजी तसव्वर हुसैन साहब, सदर सगीर अहमद, नायब सदर कदीर अहमद साबरी तथा दरगाह के खादिम खलील अहमद कादरी उर्फ शब्बू मियां, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। उर्स में हजारों की तादाद में अकीदतमंदों ने शिरकत की। कार्यक्रम के समापन के बाद सभी के लिए लंगर का इंतज़ाम किया गया। महफ़िल में लोगों ने बड़ी अकीदत और एहतराम के साथ हिस्सा लिया।

### शहीदों की स्मृति में वीआईपी ग्रुप का वृक्षारोपण, शहीदों को सम्मान से किया नमन



शहीदों की याद में वृक्षारोपण करते वित्त मंत्री। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** शहर के चर्चित व्हाट्सएप ग्रुप वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स शाहजहांपुर की ओर से रविवार को पुराने आवास विकास स्थित शहीद रमेश चंद्र पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कारगिल शहीद रमेश चंद्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि देश की रक्षा के लिए प्राण न्योछावर करने वाले वीर शहीदों के त्याग और बलिदान को सदैव याद रखना हम सभी का दायित्व है। पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरतों में शामिल है। प्रत्येक व्यक्ति को पौधे लगाने के साथ ही उनके संरक्षण और नियमित देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। पेड़-पौधे शुद्ध हवा देने के साथ आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य की नींव तैयार करते हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठनों और नागरिक समूहों की ओर से किए जाने वाले ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हैं। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने मौजूद लोगों की समस्याएं और शिकायतें भी सुनीं। संबंधित अधिकारियों को फोन कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्रुप की जिलाध्यक्ष नीतू गुप्ता ने कहा कि पौधारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संकल्प है। ग्रुप के सदस्य सामाजिक सेवा के विभिन्न कार्यों में लगातार योगदान दे रहे हैं और आगे भी जनहित व पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। ग्रुप के संस्थापक एवं क्रिएटर अभिनय गुप्ता ने कहा कि वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स का उद्देश्य ऑनलाइन संवाद तक सीमित रहना नहीं है। जरूरत के समय समाज के साथ खड़े होकर सेवा कार्यों में योगदान देना ही ग्रुप की प्राथमिकता है। पौधारोपण के जरिए शहर को हरा-भरा बनाने के साथ लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम प्रभारी सरदार कुलविंदर सिंह ने अतिथियों, ग्रुप पदाधिकारियों, सदस्यों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण तभी सार्थक होगा, जब लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान वीआईपी ग्रुप के सदस्यों ने पार्क में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में ग्रुप की संरक्षक डॉ. दीपा दीक्षित, कोषाध्यक्ष ज्योति गुप्ता, रिद्धि बहल, वंदना अग्रवाल, पार्क के संरक्षक डॉ. अनिल निगम, जोगेंद्र पाल सिंह, धर्म प्रकाश निझावन, सतीश सक्सेना, कुलदीप गुप्ता, निखिल गुप्ता, अमित अग्रवाल, विकास अग्रवाल, नवजोत सिंह, अमित गुप्ता सहित ग्रुप के पदाधिकारी, सदस्य और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

**एक नजर**

### चोरी के सोने के कुंडल की तलाश में पहुंची मुरादाबाद पुलिस

**चंदौसी।** सोने के कुंडलों की तलाश में सोमवार को मुरादाबाद पुलिस सर्राफा बाजार पहुंची। पुलिस के बाजार में पहुंचने की सूचना मिलते ही व्यापारियों में हड़कंप मच गया। कोतवाली क्षेत्र के सर्राफा बाजार में सोमवार की दोपहर मुरादाबाद की पुलिस अचानक एक सर्राफा व्यवसायी की दुकान पर पहुंच गई। जहां उन्होंने सर्राफा व्यापारी के यहां चोरी हुए सोने के कुंडलों के बारे में जानकारी ली। व्यापारी की दुकान पर पुलिस की सूचना मिलते ही अन्य व्यापारियों में हड़कंप मच गया। बताते हैं कि दो दिन पहले जनपद बदायूं के थाना वजीरगंज क्षेत्र की पुलिस ने भी चोरी के सामान को लेकर एक व्यापारी के यहां पर जांच की थी। लगातार बाजार में हो रही पुलिस की कार्रवाई को लेकर व्यापारियों में रोष व्याप्त है। व्यापारियों ने पुलिस के जाने के बाद एक दुकान पर हो रही कार्रवाई को लेकर बैठक की और आगे की रणनीति तैयार की।

# सावन के आखिरी सोमवार पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब, उमड़े श्रद्धालु

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** सावन के आखिरी सोमवार पर प्रमुख शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और बेलपत्र अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठे।

सावन मास के चौथे सोमवार पर चंदौसी के प्रमुख शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। तड़के से ही शिवभक्त भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए मंदिरों में पहुंचने लगे। सुबह से ही शिव मंदिरों में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा जल, दूध और बेलपत्र अर्पित कर मांगा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक कर बेलपत्र और भस्म अर्पित किए। महिलाओं व पुरुषों ने सावन सोमवार का व्रत रखकर विशेष पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। सीता रोड स्थित मूंछों वाले शिव मंदिर के कपाट खुलते ही जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। इसके अलावा मौलागढ़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर बड़ा महादेव स्थित प्राचीन शिव मंदिर, मुंसिफ रोड स्थित शिव मंदिर, कैथल गेट स्थित श्री गंगा देवी मंदिर, घंटाघर स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर,आवास विकास स्थित शिवालय मंदिर, बेरनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर बहजोई स्थित प्राचीन सादातवाड़ी पातालेश्वर शिव मंदिर सहित नगर के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। सुबह से ही मंदिरों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस बल व पीएससी मौजूद रहीं।



बहजोई के प्राचीन सादात वाड़ी पातालेश्वर शिव मंदिर पर लगीं श्रद्धालुओं की भीड़।



चंदौसी के मौलागढ़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर पूजा-अर्चना करतें श्रद्धालु।

# एसपी ने जिला न्यायालय कोतवाली सहित शहर का किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** पुलिस अधीक्षक ने जिला न्यायालय का भ्रमण कर सुरक्षा व पुलिस व्यवस्था का निरीक्षण किया इसके अलावा एसपी ने पुलिस बल को ब्रीफ भी किया इसके अलावा एसपी ने कोतवाली सहित शहर के प्रमुख मार्गों का भी भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था को परखा

सोमवार को पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी जिला न्यायालय पहुंचे यहां निरीक्षण कहां सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया साथी न्यायालय की व्यवस्था में तैनात पुलिस अधिकारी व कर्मचारी से बातचीत कर उन्हें सुरक्षा के प्रति ब्रीफ किया उन्होंने कहा कि न्यायालय की सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मी किसी प्रकार की लापरवाही का प्रयोग ना करें न्यायालय में आने वालों की तलाशी ने उसके बाद ही उन्हें प्रवेश दें। न्यायालय परिसर के आसपास की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया गया तथा प्रवेश द्वारों पर सतर्कता, नियमित चेकिंग, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता एवं आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया । इसके बाद एसपी पुलिस बल के साथ पैदल मार्च करते हुए मुंशी रोड स्टेशन रोड होते हुए कोतवाली पहुंचे एसपी ने कोतवाली में कक्षो का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी की साथ ही कोतवाली परिसर में नवनिर्मित भवन का निरीक्षण भी किया एसपी ने कोतवाली में आने वाले वादकारियों के विषय में भी प्रभारी निरीक्षक संत कुमार से जानकारी की इसके बाद एसपी ने कोतवाली से प्रमुख मार्गों का भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया इस दौरान सीओ विवेक जावला कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संत कुमार सहित काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

# चारपाई पर संदिग्धावस्था में मिला महिला का शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** कोतवाली क्षेत्र के कागजी मुहल्ला में घर में अकेली रह रही 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला का शव सोमवार की दोपहर चारपाई पर संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। मृतका के परिजनों ने घर में चोरी के बाद महिला की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। यह भी दावा है कि दो दिन पहले भी घर में चोरी की घटना हुई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए दिया।



मेहराम का फाइल फोटो।

कागजी मुहल्ला निवासी मेहराम 75 वर्ष घर में अकेली रहती थीं। उनके तीनों बेटे अपने-अपने परिवार के साथ शहर के अन्य मुहल्लों में किराए के मकान में रहते हैं। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे छोटे बेटे नाजिम की पत्नी मीना अपनी सास का हालचाल लेने घर पहुंची। यहां उसने देखा कि मकान का मैन गेट खुला हुआ था, जबकि कमरे के किवाड़ भिड़े हुए थे। मीना ने खिड़की से आवाज दी, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं आया। अनहोनी की आशंका होने पर जब उसने कमरे के अंदर जाकर देखा तो बुजुर्ग चारपाई पर मृत अवस्था में पड़ी हुई थीं। उसने तुरंत अपने पति नाजिम को सूचना दी। कुछ ही देर में मौके पर आसपास के लोग पहुंच गए।कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने आसपास की गलियों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दी है, ताकि संदिग्धों का सुराग लगाया जा सके। प्रभारी निरीक्षक संत कुमार का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा, जिसके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं बेटे नाजिम ने घर से दो बकरी गायब होने पर चोरी की आशंका जाहिर की है। साथ ही ये भी दावा किया है कि दो दिन पहले भी घर में चोरी हुई थी, जिसकी तहरीर पुलिस को दी गई थी।



चंदौसी मे बुजुर्ग महिला की मौत के बाद परिजनों से जानकारी करती पुलिस।

**▸ पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा**

# कांवड़ियों की सेवा में जुटे अधिकारी व पुलिसकर्मी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत व क्षेत्राधिकारी बहजोई स्तुति सिंह द्वारा थाना प्रभारी बहजोई मय पुलिस टीम, थाना बहजोई क्षेत्रांतर्गत पाठकपुर तिराहे पर कांवड यात्रा के दृष्टिगत श्रद्धालुओं और कांवड़ियों के लिए प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को श्रद्धापूर्वक पूड़ी, खीर, फल, दूध आदि प्रसाद वितरित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस टीम द्वारा स्वयं प्रसाद वितरण कर श्रद्धालुओं का स्वागत एवं सेवा की गई।इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों द्वारा श्रद्धालुओं और कांवड़ियों से यात्रा के दौरान निर्धारित मार्गों का पालन करने, यातायात नियमों का ध्यान रखने तथा किसी भी प्रकार की असुविधा या आवश्यकता होने पर पुलिस का सहयोग लेने की अपील की गई। पुलिस टीम द्वारा श्रद्धालुओं को यह भी आश्वस्त किया गया कि कांवड़ यात्रा के दौरान उनकी सुरक्षा, सुगम आवागमन एवं आवश्यक सुविधाओं के लिए पुलिस पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रही है। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा श्रद्धालुओं की सेवा में सहभागिता करते हुए आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं सामाजिक समरसता का संदेश भी दिया गया। कांवड़ यात्रा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए पुलिस बल द्वारा लगातार क्षेत्र में भ्रमण एवं निगरानी की जा रही है। संवेदनशील स्थानों पर आवश्यक पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गयी हैं।



बहजोई के पाठकपुर में कांवड़ियों को प्रसाद वितरण करतें पुलिसकर्मी।

# लापरवाही पर सफाईकर्मी निलंबित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**▸ उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना एवं कारण बताओ नोटिस का जवाब न देने पर हुई कार्रवाई**

**चंदौसी।** जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशानुसार जनपद में शासकीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही एवं अनुशासनहीनता करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी ग्रीश कुमार द्वारा विकास खण्ड सम्भल की ग्राम पंचायत मवई ठकुरान में तैनात सफाई कर्मी विनोद कुमार पुत्र होराम सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा जारी निलंबन आदेश के अनुसार सफाई कर्मी के विरुद्ध कार्य में लापरवाही एवं अनुशासनहीनता संबंधी आरोप पाए गए हैं। आरोप है कि संबंधित सफाई कर्मी द्वारा अपने तैनाती ग्राम पंचायत में नियमित रूप से सफाई कार्य नहीं किया जा रहा था। साथ ही, अपने पदीय दायित्वों का समुचित निर्वहन न करने तथा उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना करने की शिकायतें भी सामने आईं। इसके अतिरिक्त, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) द्वारा कार्यालय के पत्रांक 1236 दिनांक 25 जून 2026 एवं 1486 दिनांक 14 जुलाई 2026 के माध्यम से कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन संबंधित कर्मचारी द्वारा निर्धारित अवधि में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। निलंबन आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि सफाई कर्मी द्वारा अपने तैनाती स्थल से बिना बताए गायब रहकर सफाई कार्य के समय अपने व्यक्तिगत कार्य किए जाने की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। प्रथम दृष्टया कर्तव्यों के प्रति लापरवाही एवं अनुशासनहीनता पाए जाने पर उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में संबंधित कर्मचारी को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता अनुमन्य होगा। प्रकरण की विभागीय जांच के लिए सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), जुनावई को जांच अधिकारी नामित किया गया है। जांच अधिकारी को नियमानुसार जांच कर अपनी आख्या निर्धारित अवधि में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने स्पष्ट किया है कि शासकीय दायित्वों के निर्वहन में किसी भी स्तर पर लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा ऐसे मामलों में नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# अवैध कार्रवाई: साइबर फ्रॉड में पूरा बैंक खाता फ्रीज करना गलत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** जिला उपभोक्ता आयोग ने साइबर फ्रॉड के नाम पर उपभोक्ता का पूरा बैंक खाता ब्लॉक करने को गैरकानूनी माना है। आयोग ने जियो पेमेंट बैंक को खाता तुरंत अनब्लॉक करने और पीड़ित को 5,000 क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया है।मामला सरायतरीन के मोहल्ला भालेभाज खां निवासी जीतू का है। उन्होंने लेनदेन के लिए जियो पेमेंट बैंक में ऑनलाइन खाता खोला था, जिसमें 50,000 जमा थे। 16 जुलाई 2025 को बैंक ने उनका खाता अचानक बंद कर दिया। बैंक का तर्क था कि खाते में 4,000 फर्जी तरीके से ट्रांसफर हुए हैं। उपभोक्ता ने केवल विवादित 4,000 पर रोक लगाने और शेष राशि निकालने देने की गुहार लगाई, लेकिन बैंक अधिकारियों ने इनकार कर दिया।पीड़ित ने अधिवक्ता पारस वार्ष्णेय के माध्यम से जिला उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। आयोग ने माना कि बैंक द्वारा पूरे खाते को ब्लॉक करना उपभोक्ता हितों से खिलवाड़ है। कोर्ट ने बैंक को खाता अनब्लॉक करने और जुर्माना भरने का आदेश दिया। अधिवक्ता पारस वार्ष्णेय ने कहा कि पर्याप्त साइबर विशेषज्ञों के अभाव में ऐसे मामले उलझ रहे हैं, जिससे उपभोक्ता परेशान हैं। सरकार को जल्द ही पर्याप्त साइबर विशेषज्ञों की नियुक्ति करनी चाहिए।

# क्रांतिकारी राजगुरु की मनाई जयंती

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** सोमवार को स्मारक समिति एवम सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में महान स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी शहीद राजगुरु की जयंती सीता रोड स्थित नीलम हॉस्पिटल में धूमधाम से मनाई गई।

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने क्रांतिकारी शहीद राजगुरु के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया। माधव मिश्र बताया कि महान स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी शहीद राजगुरु का जन्म 24अगस्त 1908को महाराष्ट्र के पुणे जिले के खेड़ गांव में हुआ था।पिता हरि नारायण तथा माता पार्वती बाई थी।बड़े भाई दिनकर तथा एक बहिन गोदावरी थीं। इनका पूरा नाम शिवराम हरि राजगुरु था। क्रांतिकारी राजगुरु बचपन से साहसी और निशानेबाज थे। जब छह बर्ष के थे पिता का निधन हो गया। प्रारम्भिक शिक्षा गांव में हुई बाद में शिक्षा के लिए वाराणसी गए। राजगुरु ने संस्कृत भाषा के साथ धार्मिक ग्रन्थों का अध्ययन किया, वह संस्कृत में धारा प्रवाह बोलते थे। उन्हें "लघु सिद्धांत कौमुदी" कंठस्थ थी। अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन व्यायाम करते थे। पदाधिकारी ने महान देशभक्त शहीद राजगुरु जी को शत शत नमन किया।अध्यक्षता डॉक्टर महेश कुमार गुप्ता, और संचालक डॉक्टर अरविन्द कुमार गुप्ता ने किया। इस मौके पर डॉक्टर नितिन कौशिक, डॉक्टर निशा गुप्ता, अंकित वार्ष्णेय, पंकज अग्रवाल, आशीष कुमार, हिमांशु यादव, विकास यादव, शिवकुमार, मुस्तफा खान, मधु कुमारी, सपना कश्यप, रूबी, लाखन लाल रूपाली ने विचार व्यक्त किए।



**खतरा** — बरसात में नरम पड़ी जमीन, तेज हवाओं से कभी भी गिर सकते हैं पोल

# झुके और क्षतिग्रस्त खंभे बने हादसों का कारण, शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** शहर के विभिन्न बाजारों, मुख्य मार्गों और रिहायशी क्षेत्रों में झुके और क्षतिग्रस्त बिजली के पोल आमजन की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। कई स्थानों पर पोल एक ओर झुक गए हैं जबकि कुछ पोल के निचले हिस्से में दरारें आने से उनकी मजबूती भी कमजोर पड़ चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज हवा या किसी वाहन की मामूली टक्कर से भी ये पोल कभी भी गिर सकते हैं जिससे बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। शहर के व्यस्त बाजारों और प्रमुख सड़कों से प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है। सुबह और शाम के समय स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी, नौकरीपेशा लोग, व्यापारी और ग्रामीण बड़ी संख्या में इन मार्गों से गुजरते हैं। ऐसे में जर्जर और झुके हुए बिजली पोल लोगों के मन में लगातार भय का माहौल बनाए हुए हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इन पोल को नहीं बदला गया तो किसी भी दिन कोई अप्रिय घटना घट सकती है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार कई स्थानों पर पोल वर्षों पुराने हो चुके हैं। लगातार बारिश, मौसम के प्रभाव और रखरखाव के अभाव में उनकी स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। कुछ पोल की नींव कमजोर पड़ चुकी है जिसके कारण वे एक ओर झुक गए हैं। बरसाती मौसम में बढ़ी समस्या बरसात के मौसम में जमीन नरम होने से इनके गिरने का खतरा और अधिक बढ़ जाता है। नागरिकों ने बताया कि इस समस्या को लेकर अनेक बार बिजली निगम कार्यालय में लिखित एवं मौखिक शिकायतें दी जा चुकी हैं। संबंधित अधिकारियों को झुके हुए खंभों की जानकारी भी दी गई लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान न होने से लोगों में बिजली निगम के प्रति गहरी नाराजगी व्याप्त है। लोगों का कहना है कि विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार करता दिखाई दे रहा है। जनहानि व मानहानि का खतरा बना व्यापारियों का कहना है कि बाजार क्षेत्र में यदि कोई पोल गिरता है तो इससे न केवल जनहानि हो सकती है बल्कि आसपास की दुकानों, वाहनों और बिजली आपूर्ति को भी भारी नुकसान पहुंच सकता है। राहगीरों का कहना है कि बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को देखते हुए ऐसे पोलों को तत्काल बदलना या उनकी मरम्मत कराना आवश्यक है। शहरवासियों ने बिजली निगम के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि पूरे शहर में विशेष अभियान चलाकर झुके, जर्जर और क्षतिग्रस्त बिजली के खंभों का सर्वे कराया जाए। इन क्षेत्रों में झुके व टूटे हुए है। स्टेशन रोड स्थित एसएम कॉलेज के गेट के बाहर, सेमर टोला, लाठी बाजार, हाथी खाना मोहल्ला, गैस गोदाम रोड, सहित अनेक क्षेत्रों में झुके हुए बिजली पोल हादसों का बड़ा कारण बन सकते हैं। जिन खंभों की स्थिति खतरनाक है उन्हें प्राथमिकता के आधार पर बदला जाए ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना से पहले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। नागरिकों का कहना है कि समय रहते की गई कार्रवाई ही जन-धन की हानि को रोक सकती है।





लाठी बाजार में झुका बिजली के खंभा।



वैष्णो बिहार में झुका बिजली का खंभा।



मोहल्ला सैमर टोला में झुका खंभा।

> जल्द ही टीम का गठन करके झुके व टूटे हुए खंभों की जानकारी लेने के लिए बड़े स्तर पर सर्वे करवाया जाएगा। इसके बाद जरूरत के अनुसार नए पोल लगवाने का कार्य करवाया जाएगा। **-अवधेश कुमार एसडीओ, बिजली निगम चंदौसी।**

# भरत मिलाप की कथा सुन भाव विभोर हो उठे श्रद्धालु

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** ग्राम बेहटा साहू में श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को कथावाचक महेश चंद शर्मा ने राम बनवास का राजा दशरथ की मृत्यु के आगे की कथा का वर्णन किया उन्होंने बताया राजा दशरथ की मृत्यु के बाद भरत और शत्रुघ्न को ननिहाल से बुलाया जाता है पिता की मौत की जानकारी होने पर दोनों भाई विचलित हो जाते हैं भरत द्वारा पिता को मुखाग्नि दी जाती है इसके बाद भरत अपनी माता के साथ श्री राम को लेने वन को प्रस्थान करते हैं भरत मिलाप की कथा सुन श्रद्धालुओं भाव विभोर हो उठे। रामकथा में पवन कुमार मौर्य, चंद्रप्रकाश, डॉ शुभम, सुशील कुमार, अनिकेश, धान सिंह, डॉ पूरन, भगवानदास, खेमपाल, मनोज, अशोक, धर्मपाल, रामवीर, दुर्गपाल आदि मौजूद रहे।

### खेत पर गए किसान को सांप ने डसा

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में पुत्र के साथ सोमवार की सुबह खेत पर घूमने गए ग्रामीण के पैर में सांप ने डस लिया। परिजन बाइक से उसे सीएचसी लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने उपचार के लिए उसे भर्ती कर लिया। थाना कुढ़ फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव मुमरेजपुर निवासी जय सिंह पुत्र धर्म सिंह सोमवार की सुबह छह बजे अपने पुत्र प्रेमपाल के साथ खेत पर घूमने गया था। तभी अचानक झाड़ियों से निकले सांप ने उसके सीधे पैर में डस लिया। पुत्र प्रेमपाल अपने पिता को तुरंत बाइक से उसे चंदौसी सीएचसी लेकर पहुंचा। जहां चिकित्सक ने उपचार के बाद उसे घर भेज दिया।

## गीता सार



**सर्वभूतस्थमात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि ।**
**ईक्षते योगयुक्तात्मा सर्वत्र समदर्शनः ॥ (२९)**

**भावार्थ :** योग में स्थित मनुष्य सभी प्राणियों में एक ही आत्मा का प्रसार देखता है और सभी प्राणियों को उस एक ही परमात्मा में स्थित देखता है, ऐसा योगी सभी को एक समान भाव से देखने वाला होता है। (29)

# चीनी कम

चीनी की बढ़ती कीमत से केवल आप और हम ही नहीं, दुनिया के कई देश परेशान है। अमेरिकी कमोडिटी मार्केट से लेकर एशिया तक चीनी की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चीनी का रेट 30 जून 2026 को 474 डॉलर प्रति टन था, जो 20 अगस्त तक बढ़कर 552 डॉलर प्रति टन हो गया। यानी दो महीने से भी कम समय में कीमतों में 16 फीसदी से अधिक का उछाल आ चुका है। अमेरिका के वायदा बाजार में कच्ची चीनी महीनेभर में 19 फीसदी महंगी हो चुकी है। ब्राजील में भी चीनी का



भाव लगातार बढ़ रहा है। भारत की बात करें तो दिल्ली में जो चीनी इस महीने की शुरुआत में 52 रुपए किलो मिल रही थी, वो अब 65 रुपए प्रति किलो पार हो चुकी है। चीनी की कीमतों में उछाल की मुख्य वजह मौसम और बीमारियों की मार है, जिससे प्रमुख उत्पादक देशों में गन्ने का उत्पादन कम हुआ है। वहीं, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के चलते गन्ने का बड़े पैमाने पर एथेनॉल उत्पादन की ओर हुए डायवर्जन ने आग में घी का काम किया है। वैश्विक कमोडिटी बाजारों में चीनी की आपूर्ति घटने की आशंकाओं ने कीमतों को जबर्दस्त समर्थन दिया है। अमेरिकी बाजार में चीनी वायदा भाव 17.61 सेंट प्रति पाउंड के पार पहुंच गया है, जो मई 2025 के बाद का उच्चतम स्तर है। साल भर में दाम 6.86 फीसदी तक बढ़ चुके हैं। बाजार विश्लेषकों का अनुमान है कि 2026-27 के सीजन में दुनिया भर में चीनी की भारी किल्लत रहेगी और 2027-28 में गन्ने व चुकंदर का रकबा घटने से यह संकट और अधिक गंभीर रूप ले सकता है। दुनिया के 24 फीसदी गन्ने का अकेले उत्पादन करने वाला ब्राजील इस समय ग्लोबल सप्लाई चेन के लिए सबसे बड़ा केंद्र बना हुआ है। कच्चे तेल की ऊंची अंतरराष्ट्रीय कीमतों के कारण ब्राजील ने गन्ने को चीनी की बजाय एथेनॉल उत्पादन की ओर मोड़ दिया है। ब्राजील सरकार ने अनिवार्य एथेनॉल मिश्रण की दर को बढ़ाकर 32 प्रतिशत कर दिया है, जो एक साल पहले 27 प्रतिशत थी। ब्राजील की नेशनल सप्लाई कंपनी (कोनाब) के अनुसार, इस कदम से देश में चीनी उत्पादन में 3 फीसदी कटौती हो सकती है और कुल उत्पादन लगभग 43 मिलियन टन कम रहने का अनुमान है। ब्राजील का उत्पादन घटने की आशंकाओं ने पूरी दुनिया में चीनी का रेट चढ़ा दिया है। मौसम के बदले मिजाज और सक्रिय अल नीनो ने गन्ने की खेती को सबसे ज्यादा चोट पहुंचाई है। ब्राजील के मध्य और दक्षिणी हिस्सों में बारिश की देरी और बढ़ते तापमान से फसल प्रभावित हुई है, तो वहीं दुनिया के 6 फीसदी गन्ने का उत्पादन करने वाले थाईलैंड में भी सूखे जैसे हालात बन रहे हैं। भारत दुनिया का 16 फीसदी गन्ना पैदा करता है। यहां वर्तमान सीजन में उत्पादन गिरकर लगभग 306 लाख मीट्रिक टन रहने का अनुमान है।

### ऑनलाइन शॉपिंग से हिल गई

# मॉल कल्चर की दुनिया



**मनोज वार्ष्णेय**

लगभग तीन दशक पहले जब मॉल संस्कृति ने भारत में प्रवेश किया तो सबसे पहले शिकार हुए सिंगल स्क्रीन सिनेमाघर। इस पर इनके मालिकों ने पायरेसी से होते घाटे के कारण सिनेमाहाल बेचकर मॉल डेवलप करना आरंभ कर दिया। उसके बाद पूरा देश एक से एक शानदार मॉल्स में रंगने लगा। अब जब ऑनलाइन संस्कृति ने बाजार को बेडरूम और बाथरूम में ला दिया है, तो मॉल संस्कृति से आम जनता का मन उचट गया है। धूम-धड़ाके से बने बड़े-बड़े मॉल, अब ग्राहकों की राह देखते हुए धूल-मिट्टी से अटने लगे हैं। जहां पहले रंगबिरंगी रोशनी, स्वचलित सीढ़ियां, महंगे ब्रांड की दुकानें और बच्चों के लिए झूलों की दुनिया आबाद थी, अब वहां पर सन्नाटा है। मार्केट की भाषा में यह घोस्ट मॉल बन गए हैं। कुछ बड़े मॉल्स को छोड़ दिया जाए तो अब हर शहर में लोग इनमें जा ही नहीं रहे। अगर जा भी रहे हैं तो वहां पर बने हुए सिनेमाहालों में। इन सिनेमाहालों की हालत भी खराब होने लगी है। कभी-कभी तो यह एक सैंकड़ा दर्शकों के लिए भी तरस जाते हैं।

जयपुर, लखनऊ, कानपुर, चंडीगढ़, हैदराबाद जैसे शहर हों या फिर दिल्ली-मुंबई। सभी जगह एक जैसी स्थिति है। डिजिटल होती दुनिया में आज सबसे अधिक तेजी से विकास हो रहा है, आनलाइन शॉपिंग का। आप आलू से लेकर सोना-चांदी तक मंगा सकते हैं। कोई उपभोक्ता वस्तु ऐसी नहीं है, जो ऑनलाइन प्लेटफार्म पर नहीं मिले। सबसे खास बात यह कि यहां पर आपको बाजार से बीस प्रतिशत तक वस्तुएं सस्ती मिल जाती हैं। उस पर तुर्रा यह कि यह आपके घर पर दस मिनट में भी आ जाती हैं। इसी उपलब्धता ने उपभोक्ता, खासकर जेन-जी से लेकर अल्फा तक और जीवन की अर्धशती पूरी कर चुके लोगों को यहां से दूर कर दिया। दूसरा सबसे अहम कारण यह रहा कि यहां पर नयापन नहीं रहा, वही पुराने स्टाइल की दुकानें तथा माहौल। जनसामान्य की कुछ नया करते हैं का फंडा तथा दो पैसे बच रहे हैं, वाली सोच ने इन्हें रिटेल जंगल में बदल दिया है। आज स्थिति यह है कि आधे से अधिक मॉल फ्लाप का तमगा पा चुके हैं। अनुमानतः देश में कम से कम 500 से 550 मॉल्स में से आधे में से बड़े ब्रांड ने अपनी दुकानें उठा ली हैं, जो दुकानें बची हैं, वहां पर दिनभर में ग्राहकों के लिए मालिक तरस रहे हैं। बिजली का बिल तथा दूसरे खर्चे भी मुश्किल से निकल रहे हैं। मार्केट के जानकार कहते हैं कि छोटे शहरों में वह मॉल्स अधिक बंद हो रहे हैं, जहां पर परंपरागत दुकानें थीं। इनमें फूड कोर्ट नहीं था या फिर यहां पर सीमित व्यवस्थाएं थीं। बंदी का एक कारण यह भी है कि यहां पर विंडो शॉपिंग का कल्चर डेवलप हुआ। ग्राहक आकर देखते और महंगा होगा वाली सोच के कारण शहर के बाजार से खरीदते। मॉल्स के बंद होने या ग्राहकों के नहीं आने का जो सबसे मुख्य कारण सामने आया, वह यह है कि जेन-जी को ऑनलाइन ने जो सुविधा दी है, वह अपने आप में नायाब है। वह अपने हिसाब से जरूरत का सामान देखता है, उसे दस स्थानों पर ट्रेस करता है, फिर मंगाता है। इसके बाद वह उसे पहनकर देख लेता है, मन होता है तो उसमें फोटो खींच लेता है या किसी कार्यक्रम में पहनकर हो आता है और नियमानुसार उसे वापस कर देता है। उसका खर्चा जीरो। मतलब यहां न विंडो शॉपिंग और न ही दुकानदार से दाम कम कराने की कोई झिकझिक। जब इतनी सुविधा है, तो वह मॉल्स में क्यों जाएगा? जेन-जी ही है, जो परिवार के सदस्यों को नया क्या है, यह बताता है और कुछ नया हो जाए के लिए प्रेरित करता है। जब वह मॉल्स जा ही नहीं रहा तो दूसरे सदस्य क्यों जाएंगे? बस यहीं से मॉल कल्चर का भट्टा बैठ गया। देहाती भाषा में मुफ्त के चंदन ने मॉल्स कल्चर को कब्र में ले जाकर पटक दिया है। यहां पर एक बात यह भी है कि सेल के झूठे विज्ञापनों ने भी बड़ा नुकसान किया है। हर जगह यह लिखना कि दुकान जल्दी बंद करने जा रहे हैं, इसलिए इतना सस्ता सामान है, ने भी मॉल्स की दुकानों पर से कस्टमर का भरोसा तोड़ा। नाइट फ्रैंक ने अभी दो साल पहले एक सर्वे कराया था, उसके अनुसार 32 बड़े शहरों में करीब 22 प्रतिशत मॉल या तो बंद हो गए हैं या फिर वह बंदी के कगार पर हैं। रिपोर्ट के अनुसार इनमें खाली दुकानों की संख्या 2022 में 34 प्रतिशत थी, जो अगले वर्ष 36 प्रतिशत हो गई। अनुमान है कि इस सबसे कम से कम 70 अरब रुपए की हानि हुई। यह भी कम नहीं है कि भारत में किराए के लिए बनी दुकानों की संख्या में तकरीबन 240 प्रतिशत बढ़ोत्तरी हुई। रिपोर्ट को पूरी तरह से देखें तो देश के करीब 71 प्रतिशत मॉल अब पहले जैसी हालत में नहीं हैं और यहां पर ग्राहकों के नहीं आने से व्यापारी भी गायब हो रहे हैं। सिर्फ 25 साल में ही मॉल कल्चर फेल हो गया। जिन मॉल ने सिंगल सिनेमा को बंद कराया था, वह सिनेमा कम से कम आधी सदी तो देख ही चुके थे। यह बात सभी जानते हैं कि सन 1999 में दिल्ली में अंसल प्लाजा से देश में मॉल की नई दुनिया बसनी आरंभ हुई थी। अब जो मॉल बचे हैं या फिर जिनमें यूथ जा रहा है, वह एक नई दुनिया है। इनमें सिनेमा घर तो हैं ही, साथ ही होटल भी है, तो बाजार भी। यहां आने के बाद आपको वीकेंड गुजारने के लिए और कहीं नहीं जाना पड़ता। यहां पर इवेंट आयोजन की व्यवस्था है, तो कोई वर्कशाप भी कर सकते हैं। यहां पर वह सुविधा भी है कि आप सामान खरीद लें और वह आपके घर पहुंच जाए। कुछ मॉल्स ऐसे हैं, जहां पर आपको देर रात तक रहने की आजादी मिलती है। देश में अभी भी लूलू मॉल जैसी जगह धड़ाके से चल रही हैं। ऐसे सारथ सिटी कैपिटल मॉल हैदराबाद, डीएलएफ नोएडा, एंबियंस गुरुग्राम या फीनिक्स मार्केट सिटी मुंबई ने अपनी दुनिया कायम कर रखी है। जयपुर के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की पहचान विदेशों में भी है पर यहां आने के बाद आपको यह नहीं लगता कि आप बाजार में हैं। यहां पर एक अलग ही दुनिया होती है और इनकी सफलता के पीछे भी यही मुख्य कारण है। मॉल्स के घाटे का कारण क्या है, इस पर बड़े व्यापारी बताते हैं कि पहले इनमें बिग बाजार, विशाल या इन जैसे नामों वाले तमाम शॉपिग सेंटर हुआ करते थे, पर अब इनकी संख्या कम हो रही है, इससे भी काफी असर पड़ा है। एक कारण यह भी था कि जब यहां पर बिक्री न के बराबर थी तो बड़े ब्रांडों ने यहां से हाथ खींचकर दूसरे स्थानों पर जाना बेहतर समझा। यह दूसरे स्थान भी ऑनलाइन थे। आज दुनिया का हर बड़ा ब्रांड आनलाइन उपलब्ध है।



इमेज

## श्रीरामचरितमानस



**बड़ अधिकार दच्छ जब पावा।**
**अति अभिमानु हृदयँ तब आवा॥**
**नहिं कोउ अस जनमा जग माहीं।**
**प्रभुता पाइ जाहि मद नाहीं॥4॥**

**भावार्थ :** जब दक्ष ने इतना बड़ा अधिकार पाया, तब उनके हृदय में अत्यन्त अभिमान आ गया। जगत में ऐसा कोई नहीं पैदा हुआ, जिसको प्रभुता पाकर मद न हो ॥4 ॥

### मानुषी/खानपान

# खाना खाते समय ध्यान किधर है?

**राजकुमार 'दिनकर'**



आजकल खाना खाते समय लोगों का पूरा ध्यान भोजन पर कम, टीवी, मोबाइल फोन पर होता है। कुछ लोग तो खाना सामने आते ही उस समय का बेहतर इस्तेमाल करने मोबाइल फोन चलाते हैं। आजकल ज्यादातर कामों की तरह हम भोजन भी जल्दबाजी में करते हैं। भोजन के साथ हमारा जो गहरा संबंध होना चाहिए, वह नहीं बन पाता। हम पेट भरने के लिए खा तो लेते हैं, लेकिन खाना खाते समय भोजन का स्वाद, उससे होने वाले संतुष्टि और सेहत यह सभी हमारे अधूरे रह जाते हैं। बचपन में माता-पिता हमें सिखाया करते हैं कि भोजन एक स्थान पर बैठकर बिना बोले शांतिपूर्ण तरीके से करो। क्या सचमुच आज ऐसा है? शायद नहीं। क्योंकि आजकल ज्यादातर लोगों को खाना खाने के दौरान अपना मोबाइल देखने की आदत होती है। घर में परिवार के सभी सदस्य अगर एक साथ मिलकर खाना खा रहे हों तो भी बच्चे ज्यादातर समय फोन से ही लगे रहते हैं, जिसकी वजह से वे माइंडफुल ईटिंग से दूर हो जाते हैं। माइंडफुल ईटिंग का मतलब है भोजन को पूरी चेतना के साथ शांतिपूर्ण ढंग से खाना यानी पूरा फोकस भोजन पर होना। भोजन के हर ग्रास का आनंद लेना। लेकिन आजकल इस चीज का पूरी तरह अभाव दिखता है। आजकल हम ज्यादातर समय जल्दबाजी में ही भोजन करते हैं। खाते-खाते पढ़ना, टीवी देखना, परिवार के सदस्यों के साथ बातचीत करना, ऑफिस के दौरान भोजन करते समय या तो अपने कलीग के साथ उनके पर्सनल मैटर पर विचार विमर्श करना या फिर किसी विशेष काम के बारे में बातचीत करना। ऐसे में हमारा ध्यान भोजन से हटकर जब दूसरी चीजों में रहता है तो हमें पता ही नहीं चलता कि हम कितना कम या ज्यादा खाते हैं। भोजन का स्वाद कैसा था यानी भोजन का हम आनंद नहीं ले पाते। बिना सोचे, समझे, बेध्यानी से खाने से हमारा वजन बढ़ता है। डाइटिंग करने के दौरान हम दिल से नहीं बल्कि दिमाग से खाते हैं, जिसमें हम अक्सर भूखे रहते हैं। भूखे रहने से हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी क्षीण होती है। माइंडफुल ईटिंग हमारे वजन को संतुलित रखती है। क्योंकि माइंडफुल ईटिंग के जरिए हम भोजन को धीरे-धीरे चबाकर आनंद लेकर खाते हैं। इस तरह हम जितने व्यवस्थित होकर खाते हैं, उतना ही हमारा चित्त शांत रहता है। हम अच्छा सोचते हैं और चैन से सो पाते हैं। भूख लगने पर जल्दबाजी में अल्लम-गल्लम कुछ भी खा लेना, दूसरों के साथ रहने पर उनकी देखा-देखी जंक और प्रोसेस्ट फूड लेने से हमारे शरीर का वजन तो बढ़ता ही है, अनहेल्दी भोजन हमें बीमार भी करता है।

## तिथि विशेष

# शिवराम हरि राजगुरू

भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में शिवराम हरि राजगुरू का नाम साहस, त्याग और देशभक्ति के प्रतीक के रूप में अमर है। उनका जन्म 24 अगस्त 1908 को महाराष्ट्र के पुणे जिले के खेड़ गांव में हुआ था, जिसे अब राजगुरुनगर के नाम से जाना जाता है। बचपन से



ही उनके मन में देश के प्रति प्रेम और अंग्रेजी शासन के प्रति विरोध की भावना विकसित हो गई थी। उन्होंने भारतीय संस्कृति, इतिहास और स्वतंत्रता आंदोलन से प्रेरणा लेकर अपना जीवन देश की आजादी के लिए समर्पित कर दिया। राजगुरू युवावस्था में क्रांतिकारी संगठन हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन से जुड़े। इसी दौरान उनकी मुलाकात भगत सिंह, सुखदेव थापर सहित कई क्रांतिकारियों से हुई। राजगुरू निशानेबाजी में दक्ष थे और संगठन के क्रांतिकारी अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे। वे मानते थे कि भारत को गुलामी की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए युवाओं को साहस और बलिदान का रास्ता अपनाना होगा। लाला लाजपत राय पर 1928 में हुए लाठीचार्ज के बाद क्रांतिकारियों में अंग्रेजी शासन के प्रति आक्रोश और बढ़ गया। लाला लाजपत राय की मृत्यु के बाद क्रांतिकारियों ने पुलिस अधिकारी जेम्स ए. स्कॉट को निशाना बनाने की योजना बनाई लेकिन पहचान की भूल के कारण सहायक पुलिस अधीक्षक जॉन पी. सॉन्डर्स की हत्या हो गई। इस घटना में राजगुरू और भगत सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके बाद अंग्रेजी सरकार ने क्रांतिकारियों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई शुरू की। राजगुरू को गिरफ्तार कर लाहौर षड्यंत्र केस में मुकदमा चलाया गया। अदालत ने उन्हें भगत सिंह और सुखदेव के साथ फांसी की सजा सुनाई। 23 मार्च 1931 को लाहौर जेल में तीनों वीरों को फांसी दे दी गई। तब राजगुरू की उम्र 22 वर्ष थी।

### वन्यजीव

# पिंजरे से स्क्रीन तक पहुंचे डिजिटल चिड़ियाघर

**के. पी. सिंह**

देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अगले दिन यानी 16 अगस्त 2026 से इंदौर के कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय में 14 तरह के प्राकृतिक अनुभवों वाला देश का पहला वर्चुअल जू थियेटर शुरू हो गया। अब यहां दर्शक वन्यजीवों को देखने के साथ-साथ जंगल के बीच में होने जैसा रोमांच भी महसूस कर सकेंगे। जू परिसर में करीब 4.5 करोड़ रुपए की लागत 14-डी वर्चुअल जंगल सफारी और थियेटर तैयार किया गया है, जिसमें दर्शकों को बारिश के दौरान पानी की बूंदें, चेहरे पर हवा के झोंके, कोहरा, बुलबुले, वाइब्रेशन और सीटों की मूवमेंट जैसे इफेक्ट्स स्क्रीन पर चल रहे दृश्यों के साथ महसूस होंगे। जू प्रबंधन का दावा है कि भारत का यह पहला वर्चुअल जू 14-डी थियेटर है। कभी चिड़ियाघर का मतलब था-लोहे की सलाखों के पीछे शेर, कांच की दीवार के पार बाघ और बड़े से बाड़े में हाथी। अब तकनीक उस पुराने जू की परिभाषा को धीरे-धीरे बदल रही है।

जानवर को पिंजरे में लाने की बजाय अब जंगल को दर्शक के सामने लाया जा रहा है। स्क्रीन, 3डी प्रोजेक्शन, वर्चुअल रियलिटी, ऑगमेंटेड रियलिटी, होलोग्राम और मोशन इफेक्ट्स की मदद से ऐसा अनुभव तैयार किया जा रहा है, जिसमें दर्शक खुद को जंगल के बीच महसूस करता है। इंदौर का चिड़ियाघर इस बदलाव का ताजा भारतीय उदाहरण है। हालांकि अभी 'डिजिटल जू' की पूरी दुनिया में कोई मानकीकृत श्रेणी नहीं है। कहीं इसका मतलब पूरी तरह ऑनलाइन वर्चुअल जू है, कहीं वर्चुअल रियल्टी अनुभव, कहीं होलोग्राम से बने जानवर, तो कहीं वास्तविक जू में डिजिटल गाइड, ऑगमेंटेड रियल्टी और 360-डिग्री प्रोजेक्शन। अपने यहां डिजिटल जू थियेटर के रूप में भले इंदौर में यह पहला है, लेकिन इसके अलग-अलग रूप पहले से ही मौजूद हैं, जैसे दिल्ली में राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र की डिजिटल वर्ल्ड गैलरी, जिसका उद्घाटन जनवरी 2025 में हुआ था। यहां दर्शक डिजिटल माध्यम से वन्यजीवन को समझ सकता है। इसी तरह पटना जू में भी पारंपरिक जानवरों के बाड़ों के साथ 3डी थियेटर शुरू किया गया है। इसमें 3डी डॉक्यूमेंट्री और शैक्षिक फिल्मों के माध्यम से दर्शकों को बाघ, समुद्री जीवन, हिमालय और संरक्षण से जुड़े अनुभव कराए जाते हैं। हालांकि इसे पूर्ण डिजिटल जू कहना तकनीकी रूप से सही नहीं होगा, लेकिन यह उसी डिजिटल-इमर्सिव जू संस्कृति का हिस्सा है। कर्नाटक में यह प्रयोग और



इमेज

बड़े स्तर पर आने वाला है। बंगलुरु के बनेरघट्टा बायोलॉजिकल पार्क और मैसूर के श्री चामराजेंद्रा जूलोजिकल गार्डन में इमर्सिव वाइल्डलाइफ रूम्स प्रस्तावित हैं। इनमें 270 से 360 डिग्री प्रोजेक्शन, थीम आधारित ऑडियो और भारतीय जैव-विविधता व संरक्षण पर कार्यक्रम होंगे। साथ ही डिजिटल जू गाइड के जरिए क्यूआर कोड से रास्ता, जानवरों की जानकारी, बहुभाषी ऑडियो, संरक्षण संबंधी सामग्री और एआर सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है। कहने का मतलब यह कि भारत में अभी 'डिजिटल जू' एक समान मॉडल के रूप में नहीं, बल्कि अलग-अलग रूपों में विकसित हो रहा है। जहां तक दुनिया में चिडिय़ाघरों के इस डिजिटलीकरण की शुरुआत की बात है तो यह इंटरनेट और वर्चुअल रियलिटी के अस्तित्व में आने के साथ ही हो गई थी। साल 1994 में अमेरिकी पशु चिकित्सक केन बोसचेर्ट ने पहला वर्चुअल जू बनाया था। जो मूलतः एक ऑनलाइन माध्यम था, जिसका उद्देश्य लोगों को जानवरों और उनकी देखभाल के बारे में जानकारी देना था। इसके बाद 1996 में जू एटलांटा और जॉर्जिया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने एक प्रयोग किया जिसे दुनिया का पहला वर्चुअल-रियलिटी गोरिल्ला एक्जिबिट बताया गया। इसमें विद्यार्थियों को वीआर के जरिए ऐसा अनुभव दिया गया कि जैसे वे खुद गोरिल्ला के बीच मौजूद हों। इस क्रम में 1990 के दशक में एक दूसरी दिशा भी तेजी से विकसित हुई- यह थी लाइव वेबकैम्स वाले वर्चुअल जू की जबकि 1999 में ब्रिटेन के होवलेट्स वाइल्ड एनिमल पार्क ने इंटरनेट पर लाइव कैमरों के जरिए जानवरों को दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंचाने की व्यवस्था शुरू की। उस समय इसे दुनिया का पहला वर्चुअल जू कहा गया था। इसके तहत छह कैमरे 24 घंटे जानवरों की गतिविधियां दिखाते थे। सवाल है ये तमाम प्रयोग असली चिड़ियाघर का विकल्प हैं या उसका विस्तार? नई तकनीक का सबसे बड़ा आकर्षण यह है कि इसमें ऐसे जानवर भी दिखाए जा सकते हैं, जिन्हें वास्तविक जू में रखना मुश्किल या अनुचित है। ध्रुवीय भालू को उसके प्राकृतिक हिमक्षेत्र में, व्हेल को समुद्र के भीतर और बाघ को घने जंगल में दिखाया जा सकता है। दर्शक उनके प्राकृतिक व्यवहार को करीब से देख सकते हैं, बिना उन्हें उनके पर्यावरण से निकालकर कैद किए। जुलाई 2023 में ब्रसेल्स में एक वर्चुअल रियलिटी जू शुरू किया गया था। जहां लोग बाघ, पेंगुइन, जिराफ, हाथी को आभासी रूप में प्राकृतिक वातावरण में देख सकते हैं।

## वायरल

# जादुई चावल! पकाने को नहीं पड़ती आग की जरूरत, ठंडे पानी में ही पक जाते दाने!

आपने चावल की कई किस्मों के बारे में सुना होगा। अरवा, बासमती, सोना मसूरी, ब्राउन राइस जैसी दर्जनों वैरायटी भारत में मिलती हैं। लेकिन क्या आपने ऐसे चावल के बारे में सुना है, जो बिना आग के पक जाए? जी हां, ये जादुई चावल सिर्फ ठंडे पानी में भिगोने



से तैयार हो जाता है। एक घंटे या उससे कम समय में दाने नरम पड़ जाते हैं और सीधे खाए जा सकते हैं। इसे पकाने के लिए चूल्हा, गैस या बिजली की जरूरत नहीं पड़ती। ये चावल मुख्य रूप से असम से आता है। इसे बोका शाऊल, कोमल चावल या एगोनिबोरा के नाम से जाना जाता है। वैज्ञानिक भाषा में ये एक ग्लूटिनस या पैराबॉयल्ड वैरायटी है, जिसमें एमिलोज की मात्रा बहुत कम होती है। यही वजह है कि पानी में भिगोते ही दाने फूलकर नरम हो जाते हैं। गर्म पानी में तो 15-20 मिनट में और ठंडे पानी में 30 से 60 मिनट में ये खाने लायक बन जाता है। इस चावल का इतिहास काफी पुराना है। कहा जाता है कि अहोम साम्राज्य के सैनिक युद्ध के दौरान इसे साथ रखते थे। जंगल या पहाड़ में आग जलाने की जरूरत नहीं पड़ती थी।




## X का एक्सरे

भारत वैश्विक जहाज निर्माण केंद्र बनने में सक्षम है। वैश्विक जहाज निर्माण उद्योग में एक खाली जगह बन रही है और भारत इस अवसर का लाभ उठा सकता है। पश्चिम बंगाल में कारखानों के बंद होने और तालाबंदी की खबरों की जगह अब नई परियोजनाओं की शुरुआत की खबरों ने ले ली है।



**राजनाथ सिंह**

एक 'सस्ती कॉपी' अपनी आने वाली बी-ग्रेड फिल्म के साथ घूम रही है लेकिन हमेशा की तरह मीडिया के लिए मुख्य मुद्दा कंगना रनौत ही है। उसने मेरे माता-पिता का बेशर्मी से मजाक उड़ाकर सारी हदें पार कर दीं। वे मेरे माता-पिता की तरह ओरिजिनल इंसान को जन्म क्यों नहीं दे पाए?



**कंगना रनौत**

राहुल गांधी मंच से महिलाओं के अधिकार और पितृ सत्ता के खिलाफ बोलते हैं, लेकिन संसद में महिला आरक्षण विधेयक का विरोध करते हैं। राहुल गांधी को पहले चित्रा वाघ के उस सवाल का जवाब देना चाहिए, जिसमें उनसे पूछा गया है कि वह महिला आरक्षण विधेयक का समर्थन क्यों नहीं करते।



**देवेंद्र फडणवीस**

वाह अब तो कुलदीप को इनफेक्शन ही बता दिया गया है तो क्या कर सकते हैं। आजकल कोई बाहर नहीं होता, सब बीमारी से ही जूझते हैं। अब जब कुलदीप को बीमार ही बता दिया गया है तो कोई क्या कर सकता है। मुझे लगता है कि टीम मैनेजमेंट का उन पर से भरोसा हट गया है।



**मोहम्मद कैफ**

## एक नजर

### यूपी में वाहन ट्रैकिंग डिवाइस के नाम पर बड़ी लूट

**लखनऊ (एजेंसी)।** यात्रियों की सुरक्षा के नाम पर वाहन स्वामियों की जेब भी काटी जा रही है। वीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस यानि वीएलटीडी व पैनिक बटन हर एप आधारित वाहन में लगाने के सख्त निर्देश हैं। दोनों डिवाइस के मूल्य में भारी अंतर है। ये दोनों डिवाइस अन्य राज्यों में तीन से चार हजार रुपये में लग रहे हैं, जबकि यूपी में 16000 रुपये वसूले जा रहे हैं। साठगांठ की वजह से परिवहन अधिकारी डिवाइस बेचने वालों की जांच नहीं करते। उत्तर प्रदेश मोटरयान (समूहक और वितरण सेवा प्रदाता) नियमावली 2026 लागू हो गई है। दो दिन कंपनियों को पंजीकरण करने के लिए पोर्टल शुरू कर दिया गया गया है। एप आधारित टैक्सी चालकों की समस्याओं पर किसी का ध्यान नहीं है।

### खराब मौसम का कहर: दिल्ली जाने वाली फ्लाइट लखनऊ डायवर्ट

**लखनऊ (एजेंसी)।** देश की राजधानी दिल्ली में सोमवार को अचानक मौसम खराब होने के कारण हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। इसके चलते मुंबई से दिल्ली जा रही आकासा एयर (Akasa Air) की फ्लाइट संख्या QP1834 को डायवर्ट कर लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतारा गया।यह बोइंग 737 MAX 8 विमान मुंबई (BOM) से तय समय सुबह 10:00 बजे के बजाय 10:17 बजे नई दिल्ली (DEL) के लिए रवाना हुआ था। दिल्ली एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी कम होने और मौसम बिगड़ने के कारण विमान को वहां लैंडिंग की अनुमति नहीं मिली। एयरलाइंस के अनुरोध पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ATC) ने लखनऊ से संपर्क किया। दोपहर करीब 1:37 बजे फ्लाइट को अमौसी एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंड कराया गया। इस विमान का दिल्ली पहुंचने का निर्धारित समय दोपहर 12:32 बजे था, लेकिन इस व्यवधान के कारण फ्लाइट काफी विलंबित हो गई, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# मछली वेज या नॉनवेज? यूपी में राजनीति तेज

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही मुद्दों की भरमार होने लगी है। ताजा प्रकरण सावन में मंदिर में दर्शन के बाद मछली का सेवन करने को लेकर है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के अयोध्या में हनुमानगढ़ी में दर्शन के बाद कथित मछली की दावत का है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस प्रकरण को उठाने के बाद तो नेताओं के बयान तैरने लगे हैं। मछली के वेज या नॉनवेज होने की व्याख्या भी होने लगी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रायबरेली में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पर बड़ा हमला बोला और कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कल हनुमानगढ़ी में दर्शन करने जाते हैं और बाहर आकर मछली की दावत उड़ाते हैं, फिर राम-राम चिल्लाते हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बेशर्मी की भी एक सीमा होती है, इनके सामने



गिरगिट भी शरमा जाता है। इनके भाई की हत्या की एक माफिया ने की थी, ये उसके खिलाफ बयान नहीं दे सके, बल्कि उसके सामने घुटने टेकर नतमस्तक हो गये। वो तो हमारी सरकार आई और हमने न्याय किया।

**मछली प्याज-लहसुन के साथ पके तो नॉन-वेज**

सावन में मंदिर में दर्शन के बाद मछली सेवन को लेकर उत्तर प्रदेश के पंचायती राज में SBSP अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि कांग्रेस को बताना होगा कि मछली प्याज-लहसुन के साथ बनी थी या बिना इसके। राजभर ने कहा कि मछली अपने आप में नॉन-वेज नहीं है, लेकिन प्याज और लहसुन के साथ पकाने पर इसे नॉन-वेज माना जा सकता है। राजभर ने उत्तर प्रदेश के मत्स्य विकास विभाग के मंत्री संजय निषाद के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर कांग्रेस को बताना चाहिए कि मछली प्याज-लहसुन के साथ बनी थी या बिना इसके। ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि प्याज-लहसुन के बिना बनाई गई मछली को वेज माना जा सकता है।

**निषाद मछली नहीं खाएगा तो क्या खाएगा**

अयोध्या में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के स्वागत में मछली भोज को लेकर विवाद के बीच निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद ने कहा कि निषाद मछली नहीं खाएगा तो क्या खाएगा। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने तो मछली का सेवन करके ही मुगलों और अंग्रेजों से संग्राम किया। हम लोग कांग्रेस के नेताओं की तरह नहीं हैं कि मंदिर में जाकर राम-राम करें और बाहर आते ही मछली की दावत उड़ाएं। यही तो कांग्रेस का दोहरा चरित्र है। अयोध्या में हनुमानजी के सामने दंडवत होने का ढोंग कर रहे हैं, लेकिन बाहर जाकर मछली की दावत उड़ा रहे हैं। निषाद ने कहा कि बिना प्याज-लहसुन की मछली को वेज मानने वाली बात उन्होंने भी कही है।

**संतों ने भी सख्त नाराजगी जताई**

अयोध्या में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के स्वागत कार्यक्रम के दौरान मछली भोज के आयोजन को लेकर संतों ने भी सख्त नाराजगी जताई है। संत समाज ने इसे सनातन धर्म का अपमान बताया और कड़ी कार्रवाई की मांग की। हनुमान गढ़ी के पुजारी संत देवेशाचार्य महाराज ने इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने भगवान के दर्शन करने के बाद श्रावण के पवित्र महीने और एकादशी की पवित्र तिथि पर मछली भोज समारोह में पहुंचे, यह उचित नहीं है। संत सीताराम दास ने भी इस पर तीखी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता कभी सनातनी के साथ नहीं हो सकते हैं। ये लोग टोपी पहनते हैं और टोपी पहनने वालों को खुश करने का काम करते हैं।

**मछली भोज मामले पर अजय राय ने दी सफाई**

सीएम योगी आदित्यनाथ के अजय राय हनुमानगढ़ी में दर्शन के बाद मछली का दावत उड़ाने के बयान पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने सफाई दी। अजय राय ने कहा कि अयोध्या में निषाद समाज का कार्यक्रम था और मछली तो निषाद समाज की परंपरा है। अजय राय ने कहा कि मैंने वहां कोई मछली नहीं खाई, मछली खाने वाली बात पूरी तरह झूठी है। अजय राय ने मछली खाने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि अगर उनकी मछली खाते हुए तस्वीर साबित हो जाए तो वह यूपी कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे देंगे। उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ को भी तस्वीर दिखाने की चुनौती दी। इसके साथ ही भाजपा पर झूठ बोलने का आरोप लगाया।

## रायबरेली में राहुल पर बरसे योगी

**लखनऊ (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के संसदीय क्षेत्र रायबरेली को 879 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इस दौरान उन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए कांग्रेस के दोहरे चरित्र को उजागर किया।सीएम योगी ने राहुल गांधी के मनुस्मृति वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कुछ लोग भारत की समृद्ध विरासत को कोसना अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं। वे लगातार भगवान राम, मनुस्मृति और देश की संस्कृति पर अनर्गल टिप्पणी करते हैं। मुख्यमंत्री ने नसीहत दी कि यदि राहुल गांधी को 'मनु' को वास्तव में समझना है, तो उन्हें अथर्ववेद, शतपथ ब्राह्मण और मत्स्य पुराण का अध्ययन करना पड़ेगा। उन्होंने तंज कसा कि इन पवित्र ग्रंथों से कांग्रेस नेताओं का दूर-दूर तक कोई वास्ता नहीं है।

# महर्षि विद्या मंदिर में श्रद्धाभाव से हुआ रुद्राभिषेक का कार्यक्रम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल खटीमा में श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ रुद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु पूजन से हुआ। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य हेम चंद्र कर्नाटक की गरिमामयी उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। रुद्राभिषेक के उपरांत सोलह मास का स्तंभ कार्यक्रम भी श्रद्धा एवं परंपरागत रीति-रिवाज के साथ संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और विद्यालय परिवार के सदस्यों ने भक्तिभाव से



श्रद्धाभाव से रुद्राभिषेक करते महर्षि विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य। -जागरण मोर्चा

सहभागिता करते हुए सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। समापन पर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अतिथियों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एमएजेए कोऑर्डिनेटर अनीता भट्ट का विशेष सहयोग एवं समन्वय रहा। इस दौरान विद्यालय परिसर का वातावरण आध्यात्मिक एवं भक्तिमय बना रहा।

## एक्सप्रेसवे पर टोल सस्पेंड, जांच रिपोर्ट का इंतजार

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे पर टोल टैक्स तब तक सस्पेंड रहेगा, जब तक आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर के.एस. रेड्डी की जांच रिपोर्ट नहीं आ जाती। प्रोफेसर रेड्डी सात अगस्त को एक्सप्रेसवे की जांच कर सैंपल अपने साथ ले गए थे, लेकिन 17 दिन बीतने के बाद भी अब तक न तो रिपोर्ट आई है और न ही कोई सुधारात्मक सुझाव मिले हैं।इस देरी के बीच एक्सप्रेसवे की सड़क लगातार धोखा दे रही है। कहीं डामर की परत उखड़ रही है तो कहीं सड़क धंस रही है। एलिवेटेड रोड पर भी साइड वॉल और एक्सपेंशन जॉइंट के पास सड़क दबने जैसी गंभीर खामियां सामने आने लगी हैं।

# अलीगंज अग्निकांड: 15 मौतों की जांच पूरी, अब कार्रवाई का इंतजार

**लखनऊ (एजेंसी)।** अलीगंज के भीषण अग्निकांड को 60 दिन पूरे हो चुके हैं, जिसके बाद अब इस हादसे की जांच रिपोर्ट सामने आई है। मामले की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (SIT) ने अपनी विस्तृत और गोपनीय रिपोर्ट शासन को सौंप दी है। इस रिपोर्ट में हादसे के लिए जिम्मेदार और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त विभागीय व कानूनी कार्रवाई की पुरजोर सिफारिश की गई है।

गौरतलब है कि बीती 22 जून को अलीगंज स्थित एक अवैध व्यावसायिक इमारत में अचानक भयंकर आग लग गई थी। इस दर्दनाक हादसे में दम घुटने और झुलसने के कारण 15 निर्दोष लोगों की असामयिक मौत हो गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए शासन ने तत्काल दो सदस्यीय एसआईटी का गठन किया था और हादसे की जवाबदेही तय करने के सख्त निर्देश दिए थे।एसआईटी ने अपनी दो महीने की गहन तफ्तीश के दौरान भवन स्वामी, विकास प्राधिकरण, विद्युत विभाग और दमकल विभाग के संबंधित अधिकारियों, प्रत्यक्षदर्शियों सहित पीड़ित परिवारों के बयान दर्ज किए। सूत्रों के मुताबिक, रिपोर्ट में भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए जिला स्तर पर एक मजबूत मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) बनाने का भी अहम सुझाव दिया गया है। फिलहाल, अग्निकांड में अपनों को खोने वाले पीड़ित परिवार अब दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## व्यस्तता के बीच सीएम योगी का जनता दर्शन

**लखनऊ (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शासकीय व्यस्तताओं और दौरों के बाद भी सोमवार को उनके लखनऊ प्रवास के दौरान 'जनता दर्शन' कार्यक्रम जारी रहा। अपने सरकारी आवास पर सीएम योगी ने आम जनता से मुलाकात कर अधिकारियों को उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।इस दौरान आत्मनिर्भर बनने के लिए गोपालन का सहारा तलाश रही सीतापुर की पूनम देवी अपनी फरियाद लेकर पहुंचीं। पूनम ने बताया कि उनके पास पहले से पांच गाय हैं और वे अन्य गोवंश रखना चाहती हैं। मुख्यमंत्री ने उनकी बात सुनकर तत्काल हर संभव मदद का भरोसा दिया।

# प्रेम प्रकाश जोशी तीसरी बार बने रामलीला कमेटी के अध्यक्ष

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर रामलीला कमेटी खटीमा के वार्षिक चुनाव शिव मंदिर सभागार में संपन्न हुए। चुनाव से पूर्व कमेटी के पिछले वर्ष के आय-व्यय का ब्यौरा सदस्यों के समक्ष रखा गया। आगामी रामलीला मंचन की तैयारियों के बीच सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से प्रेम प्रकाश जोशी को लगातार तीसरी बार अध्यक्ष, खिलेश पाण्डेय को सचिव तथा भुवन चंद्र जोशी को कोषाध्यक्ष चुना गया। कार्यकारिणी में खगेन्द्र सिंह बिष्ट और आनंद सामंत को उपाध्यक्ष, सावित्री बुंग्ला को महिला उपाध्यक्ष, प्रेम सिंह बिष्ट को उप सचिव, संजय भट्ट को उप कोषाध्यक्ष तथा श्याम तिवारी को निर्देशक चुना गया। बैठक में संरक्षक हरगोविंद कन्याल, ईश्वरी दत्त कोटिया, जगदीश पाण्डेय, हरीश चंद्र जोशी और शांति पाण्डेय सहित हरीश शर्मा, गिरीश पाण्डेय, नरसिंह कुंवर, विनोद जोशी, राजकुमार पाण्डेय, गणेश लोहनी, गोकुल ओली, पवन भंडारी, संदीप काण्डपाल, शंभू आदि मौजूद रहे। नई कार्यकारिणी ने आगामी श्री रामलीला मंचन को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों से सहयोग और सहभागिता की अपील की।



प्रेम प्रकाश जोशी।

# बीएसएफ के पूर्व इंस्पेक्टर होशियार सिंह खनका का निधन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** सीमा सुरक्षा बल के पूर्व इंस्पेक्टर होशियार सिंह खनका का अकस्मात निधन हो गया है। महतगांव (चकरपुर) निवासी (75) वर्षीय खनका देश की विभिन्न सीमाओं पर तैनात रहकर 60 साल देश सेवा के उपरान्त सेवानिवृत हुए थे। उनके निधन पर घर में कोहराम मच गया। शोक संवेदना व्यक्त कर अंतिम दर्शन करने वालों की भीड़ रही। इंस्पेक्टर स्व.खनका की पत्नी हीरा देवी व दो पुत्र मनोज खनका व कमल खनका का 2 वर्ष पूर्व निधन हो चुका है। वह अपने पीछे दो विधवा पुत्रवधू, दो पौत्र तथा दो पौत्री सहित कुटुंब परिवार को रोता बिलखता छोड़ गए हैं। इनका अंतिम संस्कार बनबसा स्थित शारदा घाट पर किया गया। चिता को मुखाग्नि उनके छोटे भाई सुरेश सिंह खनका ने दी। 57 एसएसबी बटालियन की सम्मान टुकड़ी ने असिस्टेंट कमांडेंट दिनेश यादव के साथ मौके पर पहुंची फोर्स ने पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व कमांडेंट गोविंद सिंह बिष्ट, कैप्टन शेर सिंह दिगारी, असिस्टेंट कमांडेंट बीड़ी भट्ट, असिस्टेंट कमांडेंट गजेंद्र चंद, असिस्टेंट कमांडेंट शेर राम, सब इंस्पेक्टर एमएस भंडारी, पुष्कर चंद, भगवान सिंह ज्याला, राजेंद्र सिंह भंडारी (राजू), गणेश ठकुराठी, हीरा राजपूत, नरेंद्र बिष्ट, विनोद चंद, मोहन जोशी, किशनचंद कुक्कू, अनीश अहमद, कैलाश बिष्ट, दर्शन सिंह, विजय सिंह, हरीश सिंह, देवेन्द्र पोखरिया, लक्ष्मण सिंह गैड़ा, सूरज सिंह, संजय सिंह बिष्ट, अशोक बिष्ट, अजय सिरौला, लाल सिंह गैड़ा, हयात सिंह गैड़ा, प्रकाश खनका, भुपेंद्र खनका, संजू खनका, होशियार खोलिया, प्रकाश फिकवाल आदि मौजूद थे।



एसएसबी के असिस्टेंट कमांडेंट यादव ने पार्थिव शरीर को पुष्प चक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि।




स्वर्गीय होशियार सिंह खनका।

**▸ एसएसबी की सम्मान टुकड़ी के असिस्टेंट कमांडेंट यादव ने पुष्प चक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि**

# त्रिकोणीय प्रेम में पति की हत्या, तीन किए गिरफ्तार

**लखनऊ (एजेंसी)।** गोसाईंगंज के 36 वर्षीय रामतीरथ की तीन जुलाई की रात में पत्नी, भाई और चचेरे भाई ने हत्या की थी। वारदात के बाद आरोपितों ने शव को बाराबंकी के सतरिख स्थित सूखी नहर में बोरे में भरकर फेंक दिया था। बाराबंकी पुलिस ने 10 जुलाई को तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

एसीपी गोसाईंगंज ऋषभ यादव ने बताया कि जांच में हत्या का घटनास्थल गोसाईंगंज था। विवेचना ट्रांसफर होने के बाद गोसाईंगंज पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। मीसा गांव निवासी श्रमिक रामतीरथ तीन जुलाई को लापता हुए थे। पांच जुलाई को उनका शव बाराबंकी के सतरिख में सूखी नहर में मिला था। अज्ञात शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया था। 10 जुलाई को इंटर मीडिया पर शव की फोटो देखकर पिता दयाराम ने पहचान बेटे रामतीरथ के रूप में की। उन्होंने बहू रामदुलारी, बेटे अवधेश और भतीजे सरजीत पर हत्या का शक जताया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चेहरे पर चोट के निशान थे, लेकिन मौत का कारण स्पष्ट नहीं था। जांच में सामने आया कि तीन जुलाई की रात रामदुलारी ने पति रामतीरथ को खीर में नशे की छह गोलियां दीं। इसके बाद अवधेश अपने साथ रामतीरथ को सरजीत के घर ले गया। वहां आरोपितों ने ईंट से वार कर और कपड़े से मुंह दबाकर रामतीरथ की हत्या कर दी। फिर पांच जुलाई की तड़के अवधेश और सरजीत ने शव को बोरे में भरा। स्कूटी से सतरिख की सूखी नहर में फेंक दिया था।

**मांग** सीएम धामी को भेजा ज्ञापन 20,000 रुपए पेंशन की मांग

# उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों की अपेक्षा का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजकर वंचित, पीड़ित एवं शोषित राज्य आंदोलनकारी प्रदेश प्रवक्ता एवं वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारियों ने ज्ञापन भेजकर आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण, 10% क्षैतिज आरक्षण लागू करने, वंचित आंदोलनकारियों को परिचय पत्र, प्रभावित राज्य आंदोलनकारियों को रुकी एवं चिन्हित राज्य आंदोलनकारियों को राज्य निर्माण सेनानी का दर्जा दिलाने की मांग की है। ज्ञापन में राज्य आंदोलनकारियों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की तर्ज पर 20,000 रुपए पेंशन स्वीकृत करने की मांग की है।

एसडीएम तुषार सैनी के माध्यम से सीएम को भेजे गए ज्ञापन में आंदोलनकारियों ने कहा कि प्रदेश में राज करने वाले राजनीतिक दल राज्य आंदोलनकारियों की अहमियत भूलने लगे हैं। उन्होंने कहा कि आन्दोलनकारियों के प्रयास से बने राज्य में ग्राम प्रधान बीडीसी न बनने वाले राजनेता एमएलए, सांसद, मंत्री आदि बनकर सत्ता सुख भोग रहे हैं लेकिन उनके द्वारा आंदोलनकारियों की समस्याओं को अनदेखा किया जा रहा है। 10% क्षैतिज आरक्षण, आंदोलनकारियों को मौजूदा परिस्थि के अनुकूल सम्मानजनक पेंशन देने, चिन्हित आंदोलनकारियों को परिचय पत्र जारी करने तथा आंदोलनकारियों को चिन्हित करने में उनकी समस्याओं को अनदेखा करने लगे हैं। ज्ञापन में 253 राज्य आंदोलनकारियों को परिचय पत्र न देने, आंदोलन के दौरान संघर्ष करने वाले 15,000 से अधिक लोगों के सम्मान से जीने के लिए ठोस कार्रवाई न करने, राज्य आंदोलनकारियों को वर्गीकृत कर उन्हें चिन्हीकरण कार्रवाई से वंचित रखने, आंदोलनकारियों की लगातार मांग के बाद भी उन्हें अनदेखा करने, दोहरी पेंशन नीति लागू कर बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक आंदोलनकारियों को पेंशन से वंचित रखने तथा विगत 25 वर्षों से आंदोलनकारियों को मात्र 5500 रुपए प्रति माह पेंशन दी जा रही है। जो बेहद शर्मनाक है। ज्ञापन देने वालों में भगवान जोशी, सुरेश चंद, रमेश चंद्र पांडे, हरिश्चंद्र फुलेरा, नारायण दत्त तिवारी, कैप्टन वीर बहादुर चंद, धनी चंद, राम सिंह धामी, प्रकाश चंद, नारायण सिंह दानू, महेंद्र चंद, वीरेंद्र सिंह बसेड़ा, गीता कांडपाल, निर्मला मेहता, पूरन जोशी, बिशन सिंह भंडारी, शंकर धामी, हरीश कॉलोनी आदि रहे।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों।

## नशे में उत्पात मचाता शराबी गिरफ्तार

**खटीमा।** सत्रहमील पुलिस ने भीम कॉलोनी बंडिया में शराब के नशे में उत्पात मचा रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। 23 अगस्त को निशा पत्नी विक्की गौतम ने चौकी सत्रहमील में सूचना दी कि उनके जेठ अंकित गौतम शराब पीकर घर में हंगामा और लोगों से मारपीट की कोशिश कर रहे हैं।सूचना पर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक किशोर पंत के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी अंकित को समझाने का प्रयास किया, लेकिन उसके न मानने पर धारा 170 बीएनएसएस (BNSS) के तहत उसे हिरासत में ले लिया। गिरफ्तारी टीम में कांस्टेबल तुलसी प्रसाद और होमगार्ड महेश शामिल रहे। पुलिस आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर रही है।

# प्रियांशी बोहरा ने लगातार तीसरी बार जीता राष्ट्रीय ताइक्वांडो में स्वर्ण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** क्षेत्र की होनहार ताइक्वांडो खिलाड़ी प्रियांशी बोहरा ने 5वीं राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का आयोजन 17 से 21अगस्त तक छत्रपति शिवाजी महाराज स्पोर्ट्स स्टेडियम, पुणे, महाराष्ट्र में किया गया। प्रियांशी की यह राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में लगातार तीसरी स्वर्ण पदक जीत है। उन्होंने वर्ष 2024 में पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक हासिल किया था। इसके बाद 2025 में भी स्वर्ण पदक जीतने के बाद अब 2026 में तीसरी बार स्वर्ण पदक अपने नाम किया। राष्ट्रीय स्तर पर लगातार शानदार प्रदर्शन के साथ प्रियांशी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। उन्होंने 3 से 6 दिसंबर 2025 तक नैरोबी, केन्या में आयोजित वर्ल्ड ताइक्वांडो अंडर-21 चैम्पियनशिप तथा 21 से 24 मई 2026 तक उलानबटोर, मंगोलिया में आयोजित 27वीं एशियन ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। प्रियांशी की इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों और खेल प्रेमियों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




स्वर्ण पदक के साथ प्रियांशी बोहरा। -जागरण मोर्चा

## एक नजर

### पांच दोषियों को आजीवन कारावास, 58 हजार जुर्माना

**पीलीभीत।** अमरिया थाना क्षेत्र के एक मामले में न्यायालय ने पांच दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए 58 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। पुलिस के अनुसार 2 दिसंबर 2022 को अमरिया थाने में धारा 302, 149, 201 और 120(बी) आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। मामले में ग्राम माधोपुर निवासी शादाब, अनीश, नसीम, सलीम प्रकरण शाहजादे और शाहजादे पुत्र गुलाबशाह आरोपी बनाए गए थे। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-3, पीलीभीत की अदालत में अभियोजन पक्ष ने प्रभावी पैरवी की। साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने पांचों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 58 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई अपराधियों को सजा दिलाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत की गई।

# कांवड़ मार्गों पर एसपी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

## गौरीशंकर मंदिर समेत प्रमुख स्थलों का निरीक्षण, श्रद्धालुओं से लिया फीडबैक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार और कांवड़ यात्रा के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक ने सोमवार सुबह गौरीशंकर मंदिर समेत जिले के प्रमुख कांवड़ मार्गों और संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने थाना जहानाबाद क्षेत्र की चौकी शाही, कांवड़ सहायता/मिशन शक्ति केंद्र और टाइगर तिराहा सहित अन्य स्थानों का भी स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान कांवड़ मार्गों पर बैरिकेडिंग, पार्किंग, कंट्रोल प्वाइंट, सीसीटीवी कैमरों, यातायात, प्रकाश, पेयजल, चिकित्सा और आपातकालीन सेवाओं की व्यवस्थाएं परखी गईं। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी ने पुलिसकर्मियों को श्रद्धालुओं और कांवड़ियों के साथ विनम्र व्यवहार करने, भीड़ एवं यातायात व्यवस्था पर लगातार नजर रखने तथा संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं की निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने कांवड़ मार्गों पर पैदल गश्त बढ़ाने और आपात स्थिति में तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान एसपी ने कांवड़ियों और श्रद्धालुओं से बातचीत कर सुविधाओं का फीडबैक भी लिया तथा सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से जलाभिषेक करने की अपील की। प्रमुख कांवड़ मार्गों, मंदिरों और संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। सीसीटीवी, ड्रोन और अन्य माध्यमों से लगातार निगरानी की जा रही है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी नगर, प्रभारी निरीक्षक जहानाबाद समेत संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।



कांवड़ यात्रा पर सुरक्षा का जायज़ा लेते एसपी। -जागरण मोर्चा

# जुलूसे मुहम्मदी को शांतिपूर्ण व अनुशासित बनाने की उलेमा की अपील

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पूरनपुर।** बुधवार को जश्ने ईद-मिलादुन्नबी के मुक़द्दस मौक़े पर निकाले जाने वाले जुलूसे मुहम्मदी (सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम) को अमन, भाईचारे और आदाब के साथ संपन्न कराने के लिए पूरनपुर के उलमा-ए-किराम और अज़हरी एकेडमी ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मस्जिदों से भी ऐलान कराकर लोगों से मर्यादा में रहने की अपील की गई है। अज़हरी एकेडमी के नूर अहमद अज़हरी और उलमा ने कहा कि जुलूस नबी-ए-करीम से मोहब्बत का प्रतीक है, इसलिए इसमें हुड़दंग, शोर-शराबा, डीजे/म्यूज़िक, बाइक स्टंट और सिगरेट-गुटखा जैसे नशे से पूरी तरह परहेज़ करें। जुलूस में शामिल लोग सफ़ेद कुर्ता-पायजामा और टोपी पहनकर आएं, बा-अदब दरूद व सलाम पढ़ें और किसी दूसरे मुल्क से मिलता-जुलता झंडा न लाएं। साथ ही, मिलाद की ख़ुशी में अपने गैर-मुस्लिम भाइयों को मिठाई बांटें और ज़रूरतमंदों की मदद करें। जुलूस में बेहतर अनुशासन, अच्छे अख़लाक़ और उलमा की हिदायतों का पालन करने वाली शीर्ष तीन अंजुमनों को अज़हरी एकेडमी की ओर से क्रमशः 25,000, 15,000 और 11,000 का नक़द इनाम व ट्रॉफ़ी देकर सम्मानित किया जाएगा।

# 12 रबीउल अव्वल पर बार-बार बिजली कटने से आक्रोश, व्यापार मंडल ने आंदोलन की दी चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शेरपुर कलां।** 12 रबीउल अव्वल के मुक़द्दस त्यौहार के दौरान शेरपुर बिजली फीडर से लगातार हो रहे लाइन ब्रेकडाउन को लेकर स्थानीय निवासियों और व्यापारियों में भारी गुस्सा है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के नगर अध्यक्ष सलमान खान ने विद्युत विभाग के एसडीओ को प्रार्थना पत्र देकर विद्युत आपूर्ति सुचारू कराने की मांग की है। सलमान खान ने बताया कि त्यौहार के दौरान बिजली की मांग अधिक रहती है, लेकिन फीडर की खराब स्थिति के कारण आए दिन घंटों बिजली गुल हो रही है। बार-बार ब्रेकडाउन होने से त्यौहार की तैयारियों और आम जनता को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। व्यापार मंडल ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो व्यापारी और स्थानीय लोग उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग के अधिकारियों की होगी।

# लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे: रोकी गई भारी वाहनों की एंट्री, पुलिस खड़ा करने के साथ लगाए गए बोल्डर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** लखनऊ कानपुर एक्सप्रेसवे लगातार विवादों में बना हुआ है। इस टोल पर लगातार नई समस्याएं सामने आती जा रही हैं। अब यहां एक भारी वाहनों की एंट्री बैन कर दी गई है।

लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे पर टोल वसूली निलंबित कर दी गई है। यह निलंबन आईआईटी खड़गपुर के प्रो. केएस रेड्डी की तकनीकी जांच रिपोर्ट आने तक रहेगा। रेड्डी ने सात अगस्त को एक्सप्रेसवे की जर्जर सड़क के नमूने लिए थे। सूत्रों के अनुसार जांच के 17 दिन बाद भी अधिकारी रिपोर्ट के बारे में कुछ नहीं बता रहे हैं। एक्सप्रेसवे की सड़क लगातार धंस रही है जिसकी मरम्मत पीएनसी कर रही है। एलिवेटेड रोड पर भी साइड की दीवारें और विस्तार जोड़ के पास सड़क दब गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) अधिकारियों की दलील है कि जब तक रिपोर्ट के आधार पर सुधारात्मक कार्य नहीं करा दिए जाते हैं तब तक टोल शुरू नहीं होगा।



दूसरी ओर रविवार शाम से एलिवेटेड रोड की लखनऊ से कानपुर लेन पर भारी वाहनों की आवाजाही को रोक दिया गया है। यहां दो सुरक्षा गार्ड भी लगाए गए हैं। एक्सप्रेसवे पर सोमवार को भी दरोगा खेड़ा के पास शुरू होने वाली एलिवेटेड रोड पर भारी वाहनों को रोकने के लिए बोल्डर लगाए गए। गार्डों ने तर्क दिया कि उन्नाव के कोरारी यानी किलोमीटर 63 से 65 के बीच सड़क धंसी है जिसकी वजह से भारी वाहनों को जाने से मना कर दिया गया है। दूसरी ओर एनएचएआई के परियोजना निदेशक नवरत्न ने इनकार करते हुए बताया कि एलिवेटेड रोड पर वाहनों के प्रवेश पर रोक नहीं है।

## संक्षेप समाचार

### 29 अगस्त को गांधी स्टेडियम में होगी अंडर-14 हॉकी प्रतियोगिता

**पीलीभीत।** मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के अवसर पर 29 अगस्त को सुबह नौ बजे गांधी स्टेडियम में 14 वर्ष से कम आयु के बालकों की हॉकी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिला क्रीड़ा अधिकारी के अनुसार प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ियों को यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा। प्रतिभागियों के लिए प्रधानाचार्य द्वारा जारी जन्मतिथि प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा।

### नगर पालिका परिसर में मॉडल प्रेरणा कैंटीन शुरू



मॉडल प्रेरणा कैंटीन के उद्घाटन करते डीएम। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत नगर पालिका परिषद परिसर में सोमवार को मां पूर्णागिरी मॉडल प्रेरणा कैंटीन का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कैंटीन का संचालन मरौरी विकासखंड की तुलसी प्रेरणा संकुल स्तरीय समिति के तहत गठित छह महिला सदस्यों के एओपी द्वारा किया जा रहा है। यहां जलपान, भोजन, लस्सी और कोल्ड ड्रिंक आदि उपलब्ध रहेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि कैंटीन के संचालन से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार मिलेगा और वे आर्थिक रूप से सशक्त होंगी।

### पीलीभीत में 203 विद्यालय जर्जर, ध्वस्तीकरण की मिली मंजूरी

**पीलीभीत।** जिले में बेसिक शिक्षा विभाग के 203 विद्यालय जर्जर स्थिति में हैं। इनमें अमरिया के 74, पूरनपुर के 41, मरौरी के 32, बरखेड़ा के 19, बिलसंडा के 17, बीसलपुर के 12, ललौरीखेड़ा के सात और पीलीभीत नगर क्षेत्र का एक विद्यालय शामिल है। मुख्य विकास अधिकारी के अनुसार इन जर्जर विद्यालयों के ध्वस्तीकरण की तकनीकी स्वीकृति जिलाधिकारी से मिल चुकी है। ध्वस्तीकरण के बाद प्राप्त सामग्री को स्टॉक रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा और उसका उपयोग विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन कक्ष, संपर्क मार्ग से विद्यालय तक खड़ंजा तथा बाउंड्रीवाल निर्माण में किया जाएगा। संबंधित कार्यों के लिए प्राक्कलन तैयार कर मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### योजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूरा करें: डीएम

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को गांधी सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने अधिकारियों को सभी योजनाओं को लक्ष्य के अनुरूप समयबद्ध और मानक के अनुसार पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में किसान सम्मान निधि, टीकाकरण, पेंशन, आवास, फैमिली आईडी, आयुष्मान कार्ड, शिक्षा, पशु एवं मत्स्य विभाग समेत विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। डीएम ने फैमिली आईडी का लक्ष्य शत-प्रतिशत पूरा करने और आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाने के निर्देश दिए। दो करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने ब्रह्मचारी घाट, मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पूरनपुर, आवासीय भवनों और विभिन्न सड़कों के निर्माण कार्यों में तेजी लाने को कहा। पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं को संबंधित विभागों को शीघ्र हस्तांतरित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# चीनी की जमाखोरी पर कसेगा शिकंजा: डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह ने तय की स्टॉक लिमिट, दिए सख्त निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय




**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गांधी सभागार में चीनी स्टॉक लिमिट और बाज़ार दरों को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में भारत सरकार के नियमों का हवाला देते हुए बताया गया कि 1 अगस्त से 30 नवंबर 2026 तक कोई भी डीलर 4000 क्विंटल से अधिक चीनी का स्टॉक नहीं रख सकेगा और न ही 30 दिन से ज़्यादा भंडारण कर सकेगा। सभी डीलरों को पोर्टल ([https://foodstock.dfpd.gov.in](https://foodstock.dfpd.gov.in)) पर रजिस्ट्रेशन कराकर हर शुक्रवार स्टॉक अपडेट करना अनिवार्य होगा। दामों में हुई वृद्धि पर डीएम ने सख्त रुख अपनाते हुए व्यापारियों को पुरानी ख़रीद की चीनी पुराने रेट पर ही उपभोक्ताओं को बेचने के निर्देश दिए। जिला गन्ना अधिकारी व चीनी मिलों के जीएम ने स्पष्ट किया कि जनपद में 65,651.80 मीट्रिक टन चीनी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। हाल ही में हुए औचक निरीक्षण की समीक्षा करते हुए डीएम ने सभी व्यापारियों को गोदामों में स्टॉक रजिस्टर मेंटेन रखने और चीनी की प्राप्ति व निर्गमन की तारीख दर्ज करने की हिदायत दी। बैठक में पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव, एडीएम प्रसून द्विवेदी व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# यूट्यूब से ताला तोड़ना सीखकर पूर्व गार्ड ने मंदिर से चुराया 15 लाख का सामान, गिरफ्तार

**लखनऊ।** यूट्यूब से ताला तोड़ना सीखने के बाद बाजारखाला स्थित जैन मंदिर चैत्यालय के पूर्व सिक्योरिटी गार्ड ने मंदिर से भगवान अनंतनाथ की अष्टधातु प्रतिमा व अन्य कीमती सामान चुरा लिया। बाजारखाला पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक चोरी हुए सामान की कीमत करीब 15 लाख है। इंस्पेक्टर बाजारखाला ब्रजेश सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सीतापुर के महौली जहांसापुर निवासी संजय शुक्ला है। आरोपी को विभूतिखंड में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के सामने से पकड़ा गया है। आरोपी ने 20 अगस्त की रात मंदिर से भगवान की प्रतिमा, चांदी के पांच पंचमेरू, पांच सिंहासन और नकदी चोरी की थी। अगले दिन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी।

# 27 अगस्त को बीसलपुर में होगा युवा कनेक्ट-स्पोर्ट्स एडिशन




खेलो इंडिया के तहत जानकारी देते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में माय भारत केंद्र और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में विकसित भारत युवा कनेक्ट-स्पोर्ट्स एडिशन कार्यक्रम 27 अगस्त को सुबह 10 बजे राजकीय डिग्री कॉलेज, बीसलपुर में आयोजित होगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर के करीब 1,600 स्थानों पर मौजूद आठ लाख से अधिक युवाओं को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे। इसके बाद स्थानीय स्तर पर युवा संवाद और विभिन्न सहभागिता गतिविधियां होंगी। कार्यक्रम में माय भारत स्वयंसेवकों और स्थानीय खिलाड़ियों के बीच संवाद होगा। इसमें खेलों के विकास, युवाओं के लिए उपलब्ध अवसर और राष्ट्र निर्माण में खेलों की भूमिका पर चर्चा की जाएगी। आयोजन में युवाओं, एनएसएस स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों और खिलाड़ियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई है।

**महंगाई** आखिर क्यों बढ़ रही हैं प्याज की कीमतें?

# 15 दिन में 20 रुपये प्रति किलो दाम बढ़े प्याज के दाम

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** चीनी की तरह प्याज की कीमतें भी आसमान छू रही हैं। पखवाड़ा भर पहले करीब 40 रुपये किलो वाला प्याज 60 रुपये किलो तक पहुंच गया है। अलग अलग दुकानों पर प्याज के दामों में 10 रुपये का अंतर दिखा। शहर के पारंपरिक बाजारों में प्याज की कीमत 50-60 रुपये किलो है।

निशातगंज सब्जी मंडी के व्यापारी आसिफ ने बताया कि प्याज की कीमत 60 रुपये किलो है लेकिन अगर कोई दो-चार किलो लेता है, तो 50 रुपये का भाव लगा देते हैं। बताया कि बारिश की वजह से प्याज सड़ बहुत रहा है। नमी पाकर उसमें फफूंदी लग जा रही है, इसलिए जितना बिक जाए उतना ही अच्छा। बारिश के दौरान स्टॉक को संभालना भी मुश्किल काम है।

नरही के सब्जी व्यापारी अमितेश ने बताया 15-20 दिन पहले तक 30-40 रुपये में प्याज बिक जा रहा था, इसलिए बहुत स्टॉक नहीं किया गया। अब मंडी में ही प्याज महंगा हो गया है, इसकी वजह से दाम बढ़ाने पड़े। हालांकि, उन्होंने भी बताया कि दो तीन किलो लेने पर 50 का भाव लगा देंगे। हालांकि, अच्छी प्याज की कीमत अभी भी 60 रुपये है।

कृषि वैज्ञानिक डॉ सत्येंद्र सिंह बताते हैं कि प्रदेश के फर्रुखाबाद, कन्नौज, मेरठ, एटा और कानपुर में प्याज की खेती सबसे अच्छी होती है। चूंकि, रवि की फसल के लिए अक्तूबर नवंबर में नर्सरी डाल दी जाती थी लेकिन पिछले साल समय से नर्सरी न पड़ने से उत्पादन प्रभावित हुआ था। क्योंकि खेत खाली नहीं थे। वहीं, खरीफ के सीजन में मई जून में नर्सरी तैयार की जाती है और अगस्त में हर हालत में रोपाई कर दी जाती है, लेकिन इस बार खरीफ सीजन की प्रजातियां कम हैं। दूसरा बारिश की वजह से प्याज बहुत जल्दी गलने लगता है। इसलिए हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर, बाराबंकी, सुल्तानपुर और लखनऊ के ग्रामीण इलाकों में खरीफ सीजन की प्याज की बुआई नहीं हो पाई। इस कारण नासिक की प्याज पर ही निर्भर रहना पड़ रहा है। वहां भी उत्पादन प्रभावित है और बारिश की वजह से महंगाई है। प्याज का रकबा बढ़ाने के लिए सरकार ने कोई काम नहीं किया। प्याज की दो फसल होती है। एक बारिश वाली और एक जाड़े वाली। इस बार बारिश वाली प्याज का रकबा कम रहा और वह आ नहीं पाई। इस समय जो प्याज आ रही है वह अप्रैल वाली आ रही है। इस वजह से कमी है। मुख्य रूप से झांसी से कन्नौज तक के आसपास के क्षेत्र में प्याज की खेती होती है।

# गोमतीनगर स्टेशन का जीएम ने किया निरीक्षण

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने सोमवार को गोमतीनगर रेलवे स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण में महाप्रबंधक ने गोमतीनगर स्टेशन के ले-आउट प्लान की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने द्वितीय एंट्री फ्लाईओवर एरिया, एयर कॉनकोर्स, प्रथम एंट्री, सर्कुलेटिंग एरिया, प्रतीक्षालय, वीआईपी लाउंज, पेयजल सुविधा, बिजली व्यवस्था और प्लेटफॉर्म पर साफ-सफाई का जायजा लिया। महाप्रबंधक ने यात्रियों की सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर देते हुए दृष्टिबाधित यात्रियों के लिए ब्रेल साइनेज और प्लेटफॉर्म पर टेक्टाइल फ्लोरिंग के काम को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यदायी संस्था आरएलडीए को निर्माण कार्य तय सीमा में पूरा करने और मंडल प्रशासन के साथ नियमित समीक्षा बैठक कर रियल-टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# लखनऊ में LDA का बड़ा एक्शन! चौक से सुशांत गोल्फ सिटी तक 13 अवैध निर्माण सील, मचा हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने सोमवार को चौक, वजीरगंज, ठाकुरगंज, दुबग्गा, पीजीआई व सुशांत गोल्फ सिटी में अभियान चलाया। इस दौरान एलडीए से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे 13 अवैध व्यावसायिक एवं आवासीय निर्माण सील किये गये। अचानक हुई कार्रवाई से अवैध निर्माणकर्ताओं में हड़कंप मच गया।

प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि पीजीआई व सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र में अभियान चलाया गया। इस दौरान हैदर अली, राकेश, हेमराज, राहुल सिंह, प्रकाश चन्द्र बजाज, सोमनाथ अग्रहरि, राम किशोर यादव, भूपेन्द्र सिंह चौधरी व अन्य द्वारा किये जा रहे 06 अवैध व्यावसायिक एवं आवासीय निर्माण कार्यों को सील किया गया।



प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि सोमवार को चौक, वजीरगंज, ठाकुरगंज व दुबग्गा थानाक्षेत्र में अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रदीप गोयल, कुश मिश्रा, रियाज, रितेश, पूनम कुमार, यूनुस अब्दुल्ला व अन्य द्वारा एलडीए से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे 7 अवैध निर्माण सील किये गये।

एलडीए अधिकारियों के मुताबिक प्राधिकरण की अनुमति और स्वीकृत मानचित्र के बिना किए जा रहे निर्माण के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। सोमवार की कार्रवाई में कुल 13 निर्माण सील किए गए।

## एक नजर



### इनर व्हील क्लब ने स्थापित किया 'पब्लिक लाइब्रेरी कॉर्नर'

**बीसलपुर।** समाजोपयोगी कार्यों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए इनर व्हील क्लब ऑफ बीसलपुर द्वारा नगर के बड़ा स्थल मंदिर के निकट स्थित डॉ. राजेश गुप्ता के क्लिनिक पर एक 'पब्लिक लाइब्रेरी कॉर्नर' की स्थापना की गई। इस लाइब्रेरी कॉर्नर का भव्य उद्घाटन क्लिनिक संचालक डॉ. राजेश गुप्ता द्वारा किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग और आयु समूह को समसामयिक गतिविधियों, साहित्य और ज्ञानवर्धन सामग्री से अवगत कराना है। लाइब्रेरी में हिंदी और अंग्रेजी भाषा की लगभग 150 पुस्तकें उपलब्ध कराई गई हैं, जिनमें सामान्य ज्ञान, ज्ञानवर्धक साहित्य और बच्चों के लिए मनोरंजक कॉमिक्स शामिल हैं। क्लिनिक में आने वाले मरीज और उनके तीमारदार अपने खाली समय में इन किताबों को पढ़कर समय का सदुपयोग कर सकेंगे।

# भव्य कांवड़ बाइक यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

## शिवभक्तों ने धनाराघाट पहुंच कर भरा कांवड़ में जल, जगह-जगह किया गया स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय





कांवडियों का स्वागत करते विधायक व अन्य। –जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** सावन के अंतिम सोमवार पर बजरंग दल की भव्य कांवड वाइक यात्रा निकाली गई। जिसमे सैकडो की संख्या में लोग शामिल हुए। जगह जगह स्वागत किया गया। नगर के साईं श्रद्धा बैंकट हॉल से भारतीय बजरंग दल के नेतृत्व में पंचम भव्य जलाभिषेक कांवड़ बाइक यात्रा का आयोजन किया गया। विधायक वावूराम पासबान ने पहुंच कर पुष्प बर्षा कर स्वागत किया। यात्रा में बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया।

इस दौरान पूरा क्षेत्र भगवान भोलेनाथ के जयकारों से गूंज उठा। यात्रा में उमड़ी शिवभक्तों की आस्था और भक्ति से भरा जनसेलाब देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम के दौरान भारतीय बजरंग दल के सभी पदाधिकारियों सहित तकिया दीनारपुर के गुरु महाराज महंत सूरज दास जी का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। इसके साथ ही यात्रा में शामिल सभी शिवभक्तों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। जगह-जगह शिवभक्तों के स्वागत के लिए लोगों में उत्साह दिखाई दिया। कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आए। यात्रा में तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजीत सक्सेना ने समस्त अधिवक्ताओं के साथ पहुंचकर शिवभक्तों को फल वितरित किए। उन्होंने श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए उनकी सेवा की। इस दौरान अधिवक्ताओं और अन्य लोगों ने भी कांवड़ यात्रियों के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान व्यक्त किया। कांवड़ बाइक यात्रा में शामिल सभी शिवभक्त धनाराघाट स्थित शारदा नदी के तट पर पहुंचे, जहां से उन्होंने पवित्र जल भरा। इसके बाद श्रद्धालु पवित्र जल लेकर मां पीतांबरा शक्तिपीठ, तकिया दीनारपुर के लिए रवाना हुए। वहां पहुंचकर शिवभक्तों ने मंदिर परिसर में स्थापित 12 ज्योतिर्लिंगों पर विधि-विधान से पवित्र जल चढ़ाकर जलाभिषेक किया और भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। पूरी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। हर तरफ हर-हर महादेव और भगवान भोलेनाथ के जयकारे गूंजते रहे। बाइक पर सवार कांवड़िए धार्मिक ध्वज लेकर यात्रा में शामिल हुए। पुलिस भी मौजूद रही।

## संक्षेप समाचार

### शारदा नदी का जलस्तर बढ़ते ही रास्ते में भर जाता पानी



इस रास्ते पर भर जाता है पानी। –जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** शारदा नदी पार गांव हजारा से शारदा की ओर जाने वाला रास्ता हल्की सी बारिश या नदी का जलस्तर बढ़ते ही जलभराव की चपेट में आ जाता है। रास्ते पर पानी भर जाने से ग्रामीणों और राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों के मुताबिक शारदा नदी का जलस्तर थोड़ा भी बढ़ने पर रास्ते पर पानी जमा हो जाता है। इससे लोगों को पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। कई बार जलभराव अधिक होने पर आवागमन भी प्रभावित हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि यह रास्ता क्षेत्र के लोगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन जलनिकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण हर बार नदी का जलस्तर बढ़ने पर समस्या खड़ी हो जाती है। जलभराव के कारण दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी होती है। वहीं पैदल निकलने वाले लोगों को भी पानी के बीच से गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से रास्ते की समस्या का स्थायी समाधान कराने और जलनिकासी की उचित व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि नदी का जलस्तर बढ़ने पर आवागमन बाधित न हो।

### बार-बार फोन कर छात्रा को परेशान करने का आरोप, परिजनों ने कार्रवाई के लिए पुलिस को दी तहरीर

**पूरनपुर।** थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा ने गांव के ही एक युवक पर काफी दिनों से मोबाइल फोन के माध्यम से परेशान करने का आरोप लगाया है। छात्रा के मुताबिक युवक बार–बार उसके मोबाइल पर फोन करता है और बात करने के लिए दबाव बनाता है। लगातार फोन आने से छात्रा और उसके परिजन परेशान हैं। परिजनों ने बताया कि युवक की हरकतों को लेकर उसे कई बार समझाया गया। परिवार के लोगों ने युवक से छात्रा को फोन न करने और परेशान न करने की बात कही, लेकिन इसके बावजूद उसकी हरकतों में कोई बदलाव नहीं आया। आरोप है कि समझाने के बाद भी युवक लगातार छात्रा के मोबाइल पर फोन करता रहा। परिवार का कहना है कि युवक के लगातार परेशान करने के कारण छात्रा मानसिक रूप से भी परेशान है, परिजनों के मुताबिक स्थिति यह हो गई है कि छात्रा को अकेले घर से बाहर निकलने में भी परेशानी महसूस होती है। परिवार के लोगों को आशंका है कि युवक की हरकतों के चलते किसी दिन कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न हो सकती है। परिजनों ने बताया कि छात्रा की पढ़ाई और रोजमर्रा की गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। मोबाइल पर बार–बार फोन आने से छात्रा परेशान रहती है। परिवार ने युवक को कई बार चेतावनी दी, लेकिन इसके बाद भी उसके व्यवहार में सुधार नहीं हुआ। परिजनों ने पुलिस से मामले का संज्ञान लेकर युवक के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है, ताकि छात्रा को परेशान किए जाने की घटना पर रोक लग सके और वह बिना किसी डर के अपनी पढ़ाई व अन्य जरूरी कार्य कर सके। परिवार ने छात्रा की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई है।

### डीएम-एसपी ने कावड़ियों पर बरसाए फूल, किया पूजन



बाबा गुलेश्वर नाथ मंदिर पर कावड़ियों पर पुष्पवर्षा करते डीएम–एसपी।

**बीसलपुर।** सावन के आखिरी सोमवार को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने नगर के प्राचीन बाबा गुलेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक करने आने वाले कावड़ियों पर पुष्प बरसा कर उनका स्वागत किया व मंदिर में पूजा अर्चना की। सोमवार को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्रा के साथ प्राचीन बाबा गुलेश्वर नाथ मंदिर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मंदिर में जलाभिषेक करने को आने कांवड़ियों पर गुलाब के फूलों के पंखड़ियों की वर्षा। इसके बाद मंदिर में स्थापित शिवलिंग के दर्शन कर पूजा–अर्चना की। इस दौरान एसडीएम नागेंद्र पांडे, पुलिस क्षेत्राधिकारी राहुल पांडे व प्रभारी निरीक्षक संजीव शुक्ला मौजूद रहे।

### चीनी मिल के पास बेहोश मिला युवक, हालत गंभीर

**बीसलपुर।** किसान सहकारी चीनी मिल कें पास बीसलपुर शाहजहांपुर मार्ग पर बेहोशी की हालत में मिले युवक को पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। युवक की हालत चिंता जनक बनी हुई है। उसके जहर खुरानी गिरोह का शिकार होने की आशंका जताई गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। सोमवार को सुबह 7 :00 के आसपास लोगों ने किसान सहकारी चीनी मिल के पास बीसलपुर शाहजहांपुर मार्ग पर सड़क के किनारे बेहोशी की हालत में 20 वर्षीय युवक को लेटा हुआ देखा। सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। प्रभारी निरीक्षक संजीव शुक्ला ने टीम को मौके पर भेज कर युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद युवक को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। होश में ना आने के कारण युवक के बारे में जानकारी पुलिस को नहीं मिल पाई। उसके बाएं हाथ पर मोनू लिखा हुआ था। युवक के जहर खुरानी गिरोह के सदस्यों द्वारा निशाना बनाने की आशंका जताई गई है। फिलहाल पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। प्रभारी निरीक्षक संजीव शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# बिजली न मिलने पर उपकेंद्र पर ग्रामीणों का हंगामा

जागरण मोर्चा कार्यालय



बिजली उपकेंद्र पर धरना देते ग्रामीण। –जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** करीब एक महीने से बिजली आपूर्ति बाधित होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय से बिजली न मिलने से नाराज ग्रामीण बिजली उपकेंद्र पहुंचे। ग्रामीणों ने उपकेंद्र पर धरना-प्रदर्शन कर विद्युत विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई और जल्द से जल्द बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की। भीषण गर्मी में बिजली ना मिलने से लोग परेशान है।

आरोप है कि पूरनपुर क्षेत्र के जादौपुर कला में लगा बिजली ट्रांसफार्मर पिछले काफी समय से खराब पड़ा हुआ है।ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति पूरी तरह प्रभावित हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि लगातार बिजली न मिलने से रोजमर्रा के कामकाज प्रभावित हो रहे हैं,घरों में लगे विद्युत उपकरण शोपीस बनकर रह गए हैं। कूलर पंखे, फ्रीज ठप पडे है। भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को विशेष परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं, बिजली के अभाव में पानी की समस्या भी सामने आ रही है। बच्चो की रात की पढाई भी बाधित हो रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद खराब ट्रांसफार्मर को बदलने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। सोमवार सुबह ग्रामीण एकजुट होकर कुरैया खुर्दकला के बिजली उपकेंद्र पहुंचे। यहां उन्होंने हंगामा कर धरना प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से खराब ट्रांसफार्मर को तत्काल बदलवाने और क्षेत्र की बिजली आपूर्ति सुचारु कराने की मांग की। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वह आगे भी आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। इस दौरान चांद मोहम्मद, कासिम, रिजवान,उवैश,फैजान, तौफीक सहित बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली जैसी मूलभूत सुविधा के लिए उन्हें लंबे समय से परेशान होना पड़ रहा है। विभाग को मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल खराब ट्रांसफार्मर बदलकर बिजली आपूर्ति बहाल करनी चाहिए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके

# सावन के अंतिम सोमवार पर शिव मंदिरों पर उमड़ी भीड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** सावन के अंतिम सोमवार को जिलेभर के शिवालय हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठे। सुबह से ही नगर सहित क्षेत्र के बाबा इकोत्तरनाथ मंदिर, धनाराघाट, तकिया सहित अन्य शिव मंदिरों पर भगवान शिव की पूजा-अर्चना और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का पूजन कर बेलपत्र, धतूरा, पुष्प और फल अर्पित किए। मंदिरों के बाहर भी सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं, श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। भोर होते ही बड़ी संख्या में लोग शिव मंदिरों में पहुंचने लगे। कई श्रद्धालुओं ने गंगाजल और दूध से भगवान शिव का अभिषेक किया। मंदिरों में घंटे-घड़ियाल और हर-हर महादेव के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। महिलाओं और बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर पूजा-अर्चना में हिस्सा लिया। अंतिम सोमवार होने के कारण मंदिरों में भीड़ को देखते हुए कई स्थानों पर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के भी इंतजाम किए गए। पुलिसकर्मी मंदिरों और प्रमुख मार्गों पर तैनात रहे। मंदिर समितियों की ओर से श्रद्धालुओं के लिए पेयजल समेत अन्य व्यवस्थाएं की गईं। सावन के अंतिम सोमवार को पूरे जिले में धार्मिक उल्लास और आस्था का माहौल बना रहा।

# गांव सौंधा में घुसा बाघ, आवारा गोवंश को बनाया शिकार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव सौंधा में बीती रात बाघ के पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। बताया जा रहा है कि बाघ ने गांव निवासी नीरज के घर के सामने मौका पाकर घूम रहे एक आवारा गोवंश पर हमला कर दिया और उसे अपना शिकार बना लिया। सुबह घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों में खलबली मच गई। ग्रामीणों के मुताबिक रात के समय बाघ गांव के आसपास देखा गया। इसके बाद उसने आवारा गोवंश पर हमला कर उसे निवाला बना लिया। बाघ की मौजूदगी से ग्रामीणों में भय का माहौल है। लोगों ने वन विभाग को मामले की सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। टीम ने आसपास के क्षेत्र में बाघ की गतिविधियों के बारे में जानकारी जुटाई और निगरानी शुरू कर दी है। वनकर्मियों द्वारा बाघ की लोकेशन पर नजर रखी जा रही है।ग्रामीणों ने वन विभाग से बाघ को जल्द पकड़ने या उसे आबादी वाले क्षेत्र से दूर खदेड़ने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि बाघ की मौजूदगी से लोगों के साथ ही पशुओं की सुरक्षा को लेकर भी खतरा बना हुआ है। खेतों की ओर जाने वाले ग्रामीणों में भी दहशत है। वन विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और अकेले खेतों या जंगल की ओर न जाने की अपील की है। बाघ की दहशत के चलते लोग शाम ढहलते ही घरों में दुबक रहे है। परिवार के लोग अपने बच्चो को खुद स्कूल छोडने और लेने जाते है।

# अभिभावक-शिक्षक बैठक में विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति पर हुई सार्थक चर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय



अभिभावकों से चर्चा करते शिक्षक। –जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** नगर के आर.एस. आर.डी. सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों के अभिभावकों हेतु अभिभावक-शिक्षक बैठक का सफल आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, परीक्षा प्रदर्शन एवं अध्ययन से संबंधित विभिन्न विषयों पर अभिभावकों और शिक्षकों के बीच सार्थक संवाद स्थापित करना रहा। द्वितीय मासिक परीक्षा के उपरांत आयोजित इस बैठक में अभिभावकों को उनके पाल्यों की परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएँ एवं कॉपियाँ दिखाई गईं। शिक्षकों ने विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम, शैक्षणिक प्रदर्शन, प्रगति, अनुशासन एवं अध्ययन संबंधी आवश्यक बिंदुओं पर अभिभावकों से विस्तारपूर्वक चर्चा की। साथ ही विद्यार्थियों की कमजोरियों को दूर करने तथा उनकी प्रतिभा एवं क्षमताओं को और निखारने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए गए। बैठक में अभिभावकों ने शिक्षकों से अपने बच्चों की शैक्षणिक स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की और विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। अभिभावकों ने विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना भी की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान सौरभ वार्ष्णेय ने कहा कि विद्यार्थी के उज्ज्वल भविष्य के लिए विद्यालय और अभिभावकों के बीच निरंतर संवाद एवं सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनके अनुशासन, संस्कार एवं नियमित अध्ययन पर भी विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। विद्यालय के प्रबंधक हर्ष गुप्ता ने कहा कि अभिभावक-शिक्षक बैठक विद्यार्थियों की प्रगति का मूल्यांकन करने और उनके बेहतर भविष्य की दिशा तय करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कारयुक्त एवं सर्वांगीण विकास का वातावरण प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी अभिभावकों का उनकी सक्रिय सहभागिता एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। बैठक ने विद्यालय और अभिभावकों के बीच विश्वास, संवाद एवं सहयोग को और अधिक मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**आक्रोश** कोऑपरेटिव चीनी मिल मजदूर यूनियन के कर्मचारियों ने छह सूत्रीय मांगों को लेकर खोला मोर्चा

# मांगों को लेकर बीसलपुर चीनी मिल कर्मियों का हंगामा, प्रधान प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय



प्रधान प्रबंधक को ज्ञापन सौंपते चीनी कर्मी। –जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** कोऑपरेटिव चीनी मिल मजदूर यूनियन के कर्मचारियों ने अपनी छह सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार को चीनी मिल प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। यूनियन के पदाधिकारियों के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने मिल परिसर में एकत्र होकर विरोध-प्रदर्शन किया और चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। यूनियन के अध्यक्ष श्यामबहादुर शर्मा और मंत्री राजेंद्र कुमार के नेतृत्व में एकजुट हुए कर्मचारियों ने मिल प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों का कहना है कि वे लंबे समय से अपनी जायज मांगों को लेकर आवाज उठा रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। कर्मचारियों की प्रमुख मांगें जिसमें न्यूनतम वेतन का लाभ मिल में 10 वर्ष या उससे अधिक समय से सेवा दे रहे सभी दैनिक वेतन भोगी क र्मचारियों को न्यूनतम वेतन प्रदान किया जाए। सभी संविदा (कॉन्ट्रैक्ट) कर्मचारियों को आउटसोर्सिंग के निर्धारित वेतनमान के अनुसार भुगतान सुनिश्चित किया जाए। संघ कार्यालय लखनऊ द्वारा स्वीकृत महंगाई भत्ते के एरियर का जल्द से जल्द भुगतान किया जाए। स्थायी एवं सीजनल कर्मचारियों के एरियर की पहली किस्त का भुगतान मई माह में प्रस्तावित था, जिसे शीघ्र जारी किया जाए। समान कार्य-समान वेतन की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए संविदा एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की वेतन सूची नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाए। कारखाना अधिनियम-1948 के तहत मिल में प्राथमिक उपचार केंद्र का संचालन, स्वच्छ पेयजल, शौचालय और मिल कॉलोनी की साफ-सफाई की व्यवस्था प्राथमिकता पर की जाए। साथ ही सभी कर्मचारियों के साथ समान व्यवहार हो और किसी को व्यक्तिगत लाभ न पहुंचाया जाए। इस विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने के दौरान यूनियन अध्यक्ष श्यामबहादुर शर्मा, मंत्री राजेंद्र कुमार, मोहन स्वरूप, वीरेंद्र पाल, दीनानाथ, राजू और महेंद्र पाल समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे।

## गुलेश्वरनाथ मंदिर में डीएम-एसपी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**बीसलपुर।** सावन के चतुर्थ सोमवार को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने बाबा गुलेश्वरनाथ मंदिर पहुंचकर सुरक्षा एवं जलाभिषेक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने मंदिर में जलाभिषेक भी किया और कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। डीएम ने मंदिर परिसर और मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ सफाई, पेयजल व प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने चुर्रासकतपुर पुलिस चौकी पहुंचकर कांवड़ियों के आवागमन की जानकारी ली और पुलिसकर्मियों को श्रद्धालुओं से विनम्र व्यवहार करने तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम बीसलपुर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सुनैना, संगीता, सविता व सलोनी गुप्ता ने मारी बाजी

जागरण मोर्चा कार्यालय



प्रतिभागियों को पुरस्कृत करतीं चेयरमैन डीके गुप्ता की पत्नी अनीता गुप्ता।

**बिलसंडा।** हरियाली तीज की सोमवार को भी खासी धूम देखी गयी। नगर पंचायत चेयरमैन डीके गुप्ता के आवास पर आयोजित हरियाली फेस्टिवल को धूमधाम से मनाया गया। बरेली की म्यूजिकल ग्रुप के माध्यम से महिलाओं ने गीत संगीत के बीच महफिल में जमकर जलवा बिखेरा। बच्चों ने झूला झूलकर खूब पेंग बढ़ाया।

सायं पांच बजे चेयरमैन डीके गुप्ता एवं आयोजक उनकी पत्नी अनीता गुप्ता द्वारा माता पार्वती एवं भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना के साथ रंगारंग कार्यक्रम का आगाज हुआ।महिलाओं ने मेहंदी सजाओ प्रतियोगिता,गायन प्रतियोगिता के अलाबा डांडिया नृत्य व फैशन में रैम्पवाक भी किया गया। जिसमें सविता जायसवाल प्रथम रहीं। इस दौरान लकी ड्रा भी निकाला गया।जिसमें सलोनी गुप्ता,संगीता एवं सुनैना गुप्ता ने बाजी मारी। चेयरमैन डीके गुप्ता ने सभी की हौंसलाफजाई करते हुए प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

आयोजक अनीता गुप्ता ने बताया कि हिन्दू धर्म में तीज का पर्व एक विशेष महत्व रखता है। इस दिन माता पार्वती ने घोर तपस्या कर भगवान शंकर को प्राप्त किया था।इसीलिए कुंवारी युवतियां भी अच्छा वर प्राप्ति के लिए इस दिन व्रत रखती है। आरती गुप्ता, रेनू गुप्ता, शीतल गुप्ता, जूली, सविता जायसवाल, प्रिया जायसवाल,निकिता वर्मा, सोनी गुप्ता, हनी,चीनू,रेनू, शशि गुप्ता, किशोरी गुप्ता एवं नीतू ने बताया कि मुझे तीज फेस्टिवल में आकर काफी अच्छा लगा,जहां मैंने खूब डांस किया। इस अवसर पर तमाम तरह के व्यंजनों के स्टाल भी सजाए गए। जबकि रैम्पवॉक पर महिलाओं ने जलबा बिखेरा।

# दूसरे दिन ध्रुव जुरेल ने जड़ा शतक, भारत ने श्रीलंका को दिए शुरुआती झटके; फिलहाल 495 रन पीछे

**एजेंसी न्यूज**

**कोलंबो।** भारतीय बल्लेबाजों ने दूसरे दिन भी शानदार बल्लेबाजी की जिससे टीम इंडिया ने पहली पारी में 500 से अधिक रन बनाए। भारत ने पहली पारी घोषित की और दिन का खेल समाप्त होने तक श्रीलंका के दो बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिया।





भारत और श्रीलंका के बीच दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त हो गया है। भारत ने पहली पारी नौ विकेट पर 503 रन के स्कोर पर घोषित की। दिन का खेल समाप्त होने तक श्रीलंका ने पहली पारी में दो विकेट पर आठ रन बनाए हैं और वह अभी भारत से 495 रन पीछे चल रही है। स्टंप्स के समय कमिल मिशारा पांच रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। इससे पहले बारिश ने दिन के खेल में खलल डाला जिससे कुछ समय के लिए मैच को रोकना भी पड़ा।

**श्रीलंका ने गंवाए दो विकेट**

भारत के लिए आज ध्रुव जुरेल ने शतक लगाया, जबकि ऋषभ पंत ने भी शानदार पारी खेली जिससे टीम इंडिया पहली पारी में 500 रन का आंकड़ा पार करने में सफल रही। जुरेल अंत तक नाबाद रहे और भारत ने तीसरे सत्र में पारी घोषित करने का फैसला लिया। पहली पारी में श्रीलंका ने जल्द ही दो विकेट गंवा दिए हैं। लाहिरू उदारा (1) और प्रभात जयसूर्या 2 रन बनाकर पवेलियन लौट गए हैं। भारत के लिए अब तक प्रसिद्ध कृष्णा और मानव सुथार को एक-एक विकेट मिला है। अब तीसरे दिन भारतीय गेंदबाज श्रीलंका की पहली पारी जल्द समेटना चाहेंगे।

भारत ने आज पांच विकेट पर 300 रन से आगे खेलना शुरू किया और अपने स्कोर में 203 रन जोड़े। आज भारत ने चार विकेट गंवाए। इनमें सारांश जैन (6 रन), ऋषभ पंत (63 रन), मानव सुथार (18 रन) और मोहम्मद सिराज (3 रन) के विकेट शामिल हैं। जुरेल ने टेस्ट करियर का दूसरा शतक जड़ा। वहीं, पंत ने टेस्ट करियर की 21वीं फिफ्टी लगाई। इससे पहले कल भारत ने यशस्वी जायसवाल (45 रन), केएल राहुल (18 रन), शुभमन गिल (50 रन) और रवींद्र जडेजा (43 रन) के विकेट गंवाए थे। इसके अलावा देवदत्त पडिक्कल ने अपना दूसरा टेस्ट शतक जड़ा था। वह 193 गेंद पर 12 चौके की मदद से 117 रन बनाकर आउट हुए थे। श्रीलंका की ओर से असिथा फर्नांडो ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। इसके अलावा प्रभात जयसूर्या और केशारा नुवांथा को दो-दो विकेट मिले। लाहिरू कुमारा ने एक विकेट लिया।

ध्रुव जुरेल ने अपने टेस्ट करियर का दूसरा शतक लगाया। उन्होंने 171 गेंद पर शतक पूरा किया। जुरेल 99 के स्कोर के बाद भारी दबाव में दिखे थे। उन्होंने एक रन बनाने के लिए 13 गेंद ले लिए। उन्होंने दौड़कर एक रन पूरा तो किया, लेकिन अगर श्रीलंकाई फील्डर की डायरेक्ट हिट लगती तो वह पवेलियन लौटते। जुरेल श्रीलंका में सातवें नंबर पर टेस्ट शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज हैं। उनसे पहले 2017 में हार्दिक पांड्या ने ऐसा किया था। उस समय ने हार्दिक ने पल्लेकल में 108 रन की पारी खेली थी। जुरेल से पहले भारत के लिए सातवें नंबर या इससे निचले स्थान पर भारत के लिए टेस्ट शतक नीतीश कुमार रेड्डी ने लगाया था। नीतीश ने दिसंबर 2024 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 114 रन बनाए थे।

# श्रीलंका के खिलाफ सातवें नंबर पर शतक लगाने वाले जुरेल दूसरे भारतीय

**एजेंसी न्यूज**

**कोलंबो।** भारतीय बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका के खिलाफ शतक लगाया। जुरेल श्रीलंका में टेस्ट शतक लगाने वाले हार्दिक पांड्या के बाद दूसरे बल्लेबाज हैं।

भारतीय टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया। सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे जुरेल ने दूसरे दिन तीसरे सत्र में शतक लगाया। जुरेल श्रीलंका के खिलाफ सातवें नंबर पर टेस्ट शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज हैं। उनसे पहले 2017 में हार्दिक पांड्या ने ऐसा किया था। उस समय ने हार्दिक ने पल्लेकल में 108 रन की पारी खेली थी।

जुरेल से पहले भारत के लिए सातवें नंबर या इससे निचले स्थान पर भारत के लिए टेस्ट शतक नीतीश कुमार रेड्डी ने लगाया था। नीतीश ने दिसंबर 2024 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 114 रन बनाए थे। जुरेल ने दूसरे दिन शानदार बल्लेबाजी की और शतक लगाने में सफल रहे। जुरेल ने पहली पारी में 177 गेंदों पर नौ चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 115 रन बनाए।

भारत ने अपनी पहली पारी में नौ विकेट पर 503 रन का स्कोर बनाकर पारी घोषित कर दी। ध्रुव जुरेल नाबाद रहे। वहीं, प्रसिद्ध कृष्णा चार रन बनाकर नाबाद रहे।




भारत ने आज पांच विकेट पर 300 रन से आगे खेलना शुरू किया और अपने स्कोर में 203 रन जोड़े। आज भारत ने चार विकेट गंवाए। इनमें सारांश जैन (6 रन), ऋषभ पंत (63 रन), मानव सुथार (18 रन) और मोहम्मद सिराज (3 रन) के विकेट शामिल हैं। जुरेल ने टेस्ट करियर का दूसरा शतक जड़ा। वहीं, पंत ने टेस्ट करियर की 21वीं फिफ्टी लगाई।

इससे पहले, रविवार को भारत ने यशस्वी जायसवाल (45 रन), केएल राहुल (18 रन), शुभमन गिल (50 रन) और रवींद्र जडेजा (43 रन) के विकेट गंवाए थे। इसके अलावा देवदत्त पडिक्कल ने अपना दूसरा टेस्ट शतक जड़ा था। वह 193 गेंद पर 12 चौके की मदद से 117 रन बनाकर आउट हुए थे। श्रीलंका की ओर से असिथा फर्नांडो ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। इसके अलावा प्रभात जयसूर्या और केशारा नुवांथा को दो-दो विकेट मिले। लाहिरू कुमारा ने एक विकेट लिया।

# क्रांति के 10 सालः डिजिटल भुगतान में यूपीआई की धाक

## 1.78 करोड़ से बढ़कर 24,162 करोड़ लेनदेन तक पहुंचा सफर

**नई दिल्ली।** भारत में डिजिटल भुगतान क्रांति की रीढ़ बन चुका यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) अपने सफर के 10 साल पूरे कर रहा है। एनपीसीआई द्वारा 25 अगस्त 2016 को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की देखरेख में लॉन्च किए गए यूपीआई ने देश के कोने-कोने में डिजिटल वित्तीय समावेश का नया इतिहास रचा है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, यूपीआई आज दुनिया का सबसे बड़ा रियल-टाइम भुगतान तंत्र बन चुका है, जिसने बीते दशक में लेनदेन की संख्या और मूल्य दोनों मोर्चों पर अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की है।

यूपीआई की शुरूआत 25 अगस्त 2016 को हुई थी। लॉन्च के समय अप्रैल 2016 में केवल 21 बैंक इसके साथ लाइव थे और पहले महीने अगस्त 2016 में मात्र 90,000 लेनदेन हुए। वित्तीय वर्ष 2016-17 में लाइव बैंकों की संख्या 44 थी, जो वित्तीय वर्ष 2025-26 तक बढ़कर 703 हो गई और जुलाई 2026 तक 741 बैंकों तक पहुंच गई। आज यह सरकारी, निजी, स्मॉल फाइनेंस, पेमेंट्स और सहकारी बैंकों को जोड़कर देश के सुदूर इलाकों तक पहुंच चुका है।

बीते दशक में यूपीआई लेनदेन की मात्रा में लगभग 13,000 गुना की विशाल वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2016-17 में वार्षिक लेनदेन की मात्रा जहां 1.78 करोड़ थी, वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में यह 188% सीएजीआर के साथ 24,162 करोड़ पर पहुंच गई। इसी तरह, लेनदेन का मूल्य वित्तीय वर्ष 2016-17 के 0.07 लाख करोड़ रुपये से लगभग 4,000 गुना बढ़कर वित्तीय वर्ष 2025-26 में लगभग 314 लाख करोड़ रुपये हो गया। इसमें 155% का सीएजीआर दर्ज किया गया। वर्ष 2026 में प्रतिदिन औसतन 66 करोड़ लेनदेन हुए, जबकि जुलाई 2026 में 2,366 करोड़ लेनदेन के साथ ?29.88 लाख करोड़ मूल्य का रिकॉर्ड बना।

यूपीआई अब रोजमर्रा की खरीदारी का अभिन्न हिस्सा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में पर्सन-टू-मर्चेंट (पीटूएम) यानी व्यापारियों को किए जाने वाले भुगतान की कुल लेनदेन मात्रा में हिस्सेदारी 63% रही, जो बार-बार होने वाले छोटे खुदरा भुगतानों को दशार्ती है। इसके विपरीत, व्यक्तियों के बीच होने वाले लेनदेन (पीटूपी) का कुल मूल्य में 71% योगदान है। संख्या के लिहाज से पी2एम लेनदेन में 86% भुगतान ?500 से कम के हैं, जो साबित करता है कि छोटे खर्चों के लिए लोग नकदी के बजाय यूपीआई को चुन रहे हैं।

यूपीआई आज घरेलू सीमाएं लांघकर वैश्विक बेंचमार्क बन चुका है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भी इसे दुनिया का सबसे बड़ा रियल-टाइम भुगतान प्रणाली माना है। वर्ष 2025 तक वैश्विक रियल-टाइम लेनदेन की मात्रा में भारतीय यूपीआई का हिस्सा लगभग 49% रहा है।

# 'ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नर्वस थे'; सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर होने पर बोले महिला हॉकी टीम के कोच मारिन

**एजेंसी न्यूज**

**एम्स्टेलवीन।** भारतीय महिला हॉकी टीम के कोच शोर्ड मारिन ने स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ में उनकी टीम काफी नर्वस थी, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने कहा कि विश्व कप में पांचवें-छठे स्थान के प्लेऑफ में पहुंचना अभी भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। भारत करो या मरो के मैच के दबाव में आकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को गोलरहित ड्रॉ खेलने के बाद सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया।




मारिन ने कहा, 'ऐसा लग रहा था कि हमारे खिलाड़ी काफी नर्वस हैं। हम उस तरह का खेल नहीं खेल पाए जैसा हम खेलना चाहते थे। हमारे खेल में निरंतरता का अभाव था, पासिंग और रिसीविंग में तालमेल नहीं था और कई अनावश्यक गलतियां हुईं। ऐसा नहीं है कि हम जीत नहीं सकते, लेकिन मुझे नहीं पता कि हम ऐसा क्यों नहीं कर पाए। हम जानते हैं कि हम इससे कहीं बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। टीम का प्रत्येक सदस्य बहुत निराश है।'

भारत अब पांचवें-छठे स्थान के लिए होने वाला क्लासिफिकेशन मैच खेलेगा और मारिन ने इसे पिछले कुछ महीनों में महत्वपूर्ण प्रगति करार देते हुए कहा कि टीम इस मुकाम तक पहुंचने पर गर्व कर सकती है। उन्होंने कहा, 'अगर पांच या छह महीने पहले कहा जाता कि हम पांचवें-छठे स्थान के लिए मैच खेलेंगे तो कोई भी हम पर विश्वास नहीं करता। मैंने लड़कियों से यह भी कहा कि हमें इससे सबक लेने की बहुत जरूरत है।'

नीदरलैंड के रहने वाले कोच ने कहा कि भारत मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रहा। भारत को सेमीफाइनल की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए इस मैच में हर हाल में जीत चाहिए थी। उन्होंने कहा, 'यह हमारे लिए पहला झटका था। हम हारे नहीं। ऑस्ट्रेलिया को ड्रॉ पर रोकना भी एक सकारात्मक पहलू है। हमारे लिए यह मैच जीतना जरूरी था। इस तरह के मैचों में आपको डटे रहना होता है और मौकों का फायदा उठाना होता है। मैच जीतने के लिए गोल करना जरूरी होता है और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हम ऐसा नहीं कर पाए।'

मारिन ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने और गोल के सामने संयम बनाए रखने को उन प्रमुख क्षेत्रों के रूप में पहचाना जिनमें भारत को सुधार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'डिफेंस के मामले में हम बहुत अच्छी तरह से व्यवस्थित और संगठित थे। टीम बहुत अनुशासित थी और अपने लक्ष्य पर टिकी रही। टूनार्मेंट से हमें जो सबसे महत्वपूर्ण सीख मिली है, वह है पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करना और मौकों का फायदा उठाना। हमें गोलकीपर के आसपास स्कोरिंग पोजीशन में थोड़ा और संयम बरतने की जरूरत है।'

महिला विश्व कप में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1974 में चौथा स्थान रहा, जब अजिंदर कौर की अगुवाई वाली टीम फ्रांस में पदक जीतने से चूक गई थी। मारिन ने कहा कि टीम की मौजूदा उपलब्धि को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'मैंने लड़कियों से कहा कि हम सभी निराश हैं, लेकिन हम पांचवें-छठे स्थान के लिए होने वाला मैच खेलने जा रहे हैं, जो ऐतिहासिक भी है। हम कई दशकों बाद इस मुकाम पर पहुंचे हैं। हमें यह भी पता लगाना होगा कि आज हम क्यों नहीं जीत पाए।'

# प्याज की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने के लिए 'कांदा एक्सप्रेस', 35 रुपये किलो के भाव पर मिलेगा प्याज

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** सरकार ने प्याज की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने के लिए 'कांदा एक्सप्रेस' रेक से आपूर्ति शुरू की। उपभोक्ता मामले सचिव निधि खरे ने बताया कि बफर प्याज भंडार को 35 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर पांच प्रमुख खपत केंद्रों में बेचा जाएगा।



सरकारी सूत्रों ने सोमवार को बताया कि सरकार देशभर में प्याज की कीमतों पर कड़ी नजर रख रही है। इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को अनावश्यक मूल्य वृद्धि से बचाना है। आने वाले महीनों में घरेलू मांग पूरी करने के लिए प्याज का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। सरकार बाजार में पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

वर्ष 2025-26 में प्याज का अनुमानित उत्पादन 307.37 लाख मीट्रिक टन रहने का अनुमान है। यह पिछले वर्ष के 307.67 लाख मीट्रिक टन उत्पादन के लगभग बराबर है। सरकार के पास पर्याप्त बफर भंडार भी मौजूद है। इसका उपयोग आवश्यकता पड़ने पर बाजार में हस्तक्षेप के लिए किया जा सकता है। सरकार की मूल्य स्थिरीकरण नीति उपभोक्ताओं और किसानों दोनों के हितों को संतुलित करती है। उपभोक्ताओं को अत्यधिक कीमतों से बचाया जा रहा है। साथ ही किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित किया जा रहा है। अगस्त और सितंबर में प्याज की कीमतों में मौसमी उतार-चढ़ाव आम बात है। यह त्योहारी मांग, मौसम और आपूर्ति शृंखला में बदलाव के कारण होता है।

सरकारी सूत्रों के अनुसार, मंडियों में पर्याप्त प्याज की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। बड़े उपभोग केंद्रों में लक्षित खुदरा बिक्री भी कीमतों को नियंत्रित रखने में सहायक है। पिछले वर्षों की तरह इस बार भी बफर भंडार से प्याज की निकासी संतुलित और चरणबद्ध तरीके से हो रही है। विभिन्न राज्यों में कीमतों और बाजार की परिस्थितियों की लगातार निगरानी की जा रही है। बाजार की जरूरत के अनुसार प्याज की मात्रा, समय और गंतव्य तय किए जा रहे हैं।

प्याज की आपूर्ति को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सरकार 'कांदा एक्सप्रेस' पहल का उपयोग कर रही है।










जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।